रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 22 अप्रैल 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-239 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### अनिल टुटेजा को कोर्ट ने भेजा जेल



**रायपुर।** 6 हजार करोड़ से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए पूर्व आईएएस अफसर अनिल टुटेजा को ईडी ने कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने टुटेजा को 1 दिन की न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। टुटेजा को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले शनिवार को टुटेजा अपने बेटे यश टुटेजा के साथ रायपुर स्थित एसीबी-ईओडबल्यू कार्यालय पहुंचे थे। शराब घोटाला में बयान दर्ज कराने के बाद दोनों को ईडी की टीम ने हिरासत में ले लिया था। देर रात तक ईडी के अफसरों ने पूर्व आईएएस अफसर अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा से पूछताछ की। जिसके बाद यश टुटेजा को रिहा कर दिया गया था।

### विकसित भारत के निर्माण में योगदान करें लोक सेवक



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोक सेवा दिवस पर लोक सेवकों को शुभकामनाएं दी है और विकसित भारत के निर्माण में योगदान करने का आह्वान किया है। धनखड़ ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के प्रशासनिक ढांचे में रीड की हड्डी 'लोकसेवक' का राष्ट्र के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। धनखड़ ने कहा, 'लोक सेवक दिवस की शुभकामनाएं। मैं कामना करता हूं कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में वे अपना समर्पण निरंतर जारी रखेंगे।'

### ट्रेलर और मारूति वैन के टकराने पर नौ लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में झालावाड़ जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में ट्रेलर और मारुति वैन के टकराने से नौ लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर पचोला पास बारातियों से भरी वैन को एक तेज रफ्तार ट्रैलर ने टक्कर मार दी। हादसे में नौ लोगों की मृत्यु हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायलहो गया। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद वैन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। अकलेरा थाना प्रभारी संदीप बिश्नोई ने बताया कि हादसा थाने से करीब पांच किलोमीटर दूर भोपाल मार्ग पर हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

# गरजे योगी : घोटालों का आरोप है, फिर भी ठसक के साथ चुनाव लड़ने का दुस्साहस कर रहे हैं भूपेश

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा के स्टार प्रचारक उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कुमर्दा में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए जनसभा की। उनकी सभा में दूर-दूराज के लोग जुटे। यहां सीएम योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम के मुद्दे पर कहा कि, अयोध्या में प्रभु राम का प्रकटीकरण हुआ है तो वह पीएम नरेन्द्र मोदी के कारण। कांग्रेस के लोग तो कहते थे राम हुए ही नहीं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने भी जीवन के अंत में प्रभु राम का स्मरण किया था। मगर जिसके नाम पर कांग्रेस के लोग सत्ता पाते रहे हैं, वो राम के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करते रहे हैं। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के ग्राम कुमरदा में योगी आदित्यनाथ की सभा में बीजेपी प्रत्याशी संतोष पांडे, राजस्व मंत्री लखन लाल देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभा में लोगों को जुटाने की तैयारियां भाजपा ने कार्यक्रम तय होने के साथ ही शुरु कर दी थी। यह खुज्जी विधानसभा का इलाका है जहां भाजपा अपनी पैठ गहरी करने की कोशिशों में लगी हुई है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकारें हो या केन्द्र में एनडीए की सरकार, छत्तीसगढ़ की पहचान बनाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने पूछा कि कांग्रेस की सरकार होती तो क्या अयोध्या में रामलला का मंदिर बन पाता। योगी ने कहा कि जब भी अवसर मिला, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को पूरी तरह लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा। भाजपा की सरकारों ने, डॉ. सिंह की सरकार रही हो, चाहे वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार हो, यहां के गरीबों के लिए, पिछड़ों के लिए, वनवासी आदिवासियों के लिए, उनके सम्मानजनक स्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यहां के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपना प्रत्याशी बना कर चुनाव में उतारा है। यानी, जिनके ऊपर पहले से ही शराब, कोयला, पब्लिक सर्विस कमीशन, डीएमएफ, गौठान और महादेव एप के घोटालों का आरोप है, और फिर भी पूरी ठसक के साथ चुनाव लड़ने का दुस्साहस कर रहा है, इसका मतलब यह है कि वह यह मानकर चलता है कि हम कितना भी बड़ा अपराध करेंगे तो हम लोग समाज की आँखों में धूल झोंककर सत्ता पा लेंगे। लेकिन, अब ऐसा नहीं होने वाला है। यह नया भारत है। नए भारत में घोटालेबाज नहीं चलेंगे। राजनांदगांव जिले के ग्राम कुमरदा में बीजेपी की आमसभा आयोजित है। इस दौरान यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुमरदा में जुटे आम जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ तो आराध्य श्री राम जी का ननिहाल है। माता कौशल्या का मायका है। आयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की गई। अयोध्या में राम लला विराजे, भाजपा सरकार में भव्य मंदिर बना।

### कांग्रेस लोगों को बांटना चाहती है

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस घोटाले का नाम है, कांग्रेस आतंकवाद का नाम है, कांग्रेस नक्सलवाद का नाम है। कांग्रेस ने युवाओं को आतंकवाद के नाम पर, उग्रवाद के नाम पर उकसाने का कार्य किया है। योगी ने कहा कि 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुए हैं। पूरे देश के अंदर एक ही लहर है, एक ही आवाज है- फिर एक बार मोदी सरकार। इसी आवाज को छत्तीसगढ़ में भी हमें गुंजाना है। जो लोग जातिवाद के नाम पर और अन्य आधार पर यहाँ लोगों को बाँटना चाहते हैं, उनको दरकिनार करिए।

# बघेल कल कह दें कि वो बीजेपी में जा रहे हैं तो बीजेपी इनको भ्रष्ट कहना बंद कर देगी : प्रियंका गांधी

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के डोंगरगांव में भूपेश बघेल के पक्ष में सभा की। यहां उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश पर भाजपा के घोटाले के आरोपों पर कहा कि, भूपेश बघेल पर केस मुकदमे हुए। परिवार को सताया गया। झूठे मुकदमों में फंसाया गया। अगर बघेल कल कह दें कि वो बीजेपी में जा रहे हैं तो अगले ही दिन बीजेपी इनको भ्रष्ट कहना बंद कर देगी। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को मतदान होना है। जैसे जैसे ये तारीख पास आ रही है यहां इलेक्शन ड्रामा हाई होता जा रहा है। इसे प्रदेश की हाईप्रोफाईल सीट माना जा रहा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के सामने भाजपा के सिटिंग सांसद संतोष पांडे हैं। दोनों में बराबरी की टक्कर देखने को मिल रही है। रविवार से ही दोनों दलों ने अपनी रणनीतियां और आक्रामक कर दी है। डोंगरगांव के मोहड़ में मैदान में आयोजित सभा में प्रियंका गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी को घेरा। उन्होंने कहा कि, देश के युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है, मणिपुर जल रहा है। हाथरस जैसी घटनाएं हो रही हैं लेकिन पीएम वहां नहीं जाते। देश के चंद पूंजीपति देश के संसाधनों पर कब्जा कर रहे हैं। पीएम चुप हैं। देश के बड़े कारोबारी अपनी मर्जी से चीजों से कीमतें तय कर रहे हैं। इन सबके बावजूद बीजेपी कह रही है सब ठीक है। प्रियंका ने कहा कि, कभी हवा में उड़ते हैं। कभी समंदर में घुस जाते हैं। कभी विदेश चले जाते हैं। कभी गरीबों का हाथ नहीं पकड़ते। गरीबों के घर में मोदी कभी नजर नहीं आते। ये कह रहे हैं की हमें 400 सीट जिताकर दो। 400 सीट जीतने पर ये संविधान बदल देंगे। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस सरकार में किसानों का कर्ज माफ किया गया,धान का समर्थन मूल्य बढ़ा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया। आज भाजपा सरकार में बेरोजगारी,महंगाई बढ़ रही है। कांग्रेस की सभी योजनाओं को भाजपा सरकार ने बन्द कर दिया।

### पीएम के दोस्त ही आगे बढ़े

प्रियंका गांधी ने कहा कि, महंगाई बढ़ रही है लेकिन पीएम को कुछ भी मालूम नहीं है। मोदी जी इसपर कुछ नहीं बोलते हैं। बीजेपी के लोग बड़ी बड़ी बातें करते हैं लेकिन महंगाई पर सवाल पूछो तो भाग खड़े होते हैं। जब मोदी जी जंग रुकवा सकते हैं तो बेरोजगारी क्यों नहीं खत्म करते हैं। दस सालों से महंगाई बढ़ रही है। देश में वही उद्योपति आगे बढ़ते जा रहे हैं जो पीएम को दोस्त हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा बीजेपी ने उन लोगों से लिया जिनको इन्होने जांच से बचाया।

### कांग्रेस के वायदे गिनाए

प्रियंका गांधी ने कहा, हम महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए देंगे। सरकारी नौकरियों में 50 फीसदी की भागीदारी देंगे। आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं का वेतन दोगुना कर देंगे। पांच हजार करोड़ का फंड बनाएंगे। युवाओं को इससे बड़ी मदद देंगे। शिक्षा का लोन हम माफ करेंगे। एमएसपी कानून बनाकर लाएंगे। खेती के सारे सामानों से जीएसटी खत्म करेंगे ताकि किसानों को फायदा हो। हम भूमिहीनों को जमीन देंगे, न्यूनतम मजदूरी 400 रुपए तय करेंगे।

## कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को किया खोखला : मोदी

वार्ता जालौर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश उसे इन्हीं पापों की सजा दे रहा है। मोदी रविवार को राजस्थान में जालौर के भीनमाल में जालौर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के कभी 400 सांसद जीते थे, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। आज कांग्रेस की हालत यह है कि उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है, उसकी गुनहगार वो खुद है। कांग्रेस ने देश पर 60 वर्षों तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। उन्होंने कहा कि इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया। इन्हीं पापों की सजा देश उनको दे रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की कमजोर सरकार को आते-जाते लोग भी धमकाते थे, हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था।

## मोदी का सेना की वर्दी पहन कर वोट मांगना अलोकतांत्रिक, सेना का अपमान : दीपक बैज

### कांग्रेस ने चुनाव आयोग से शिकायत कर कहा भाजपा के होर्डिगों को जप्त कर कड़ी कार्यवाही करें

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा में साहस नहीं कि वह मोदी सरकार के 10 सालों के काम के आधार पर लोकसभा चुनाव में वोट मांग सके इसीलिये भाजपा ने नरेंद्र मोदी के सशस्त्र बलो का यूनिफार्म पहने वाला फोटो लगा कर बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर वोट अपील किया है। यह मोदी और भाजपा की नाकामी का सबसे बड़ा उदाहरण है कि जिस दल ने 10 सालों तक देश की सत्ता संभाली हो उसे चुनाव में वोट लेने के लिये सेना की वर्दी का सहारा लेने की जरूरत पड़ रही है। यह सेना का भी अपमान है। समूचा देश अपनी सेनाओं पर गर्व महसूस करता है। आजादी के बाद से ही देश की सरकारों ने अपने सेनाओं की सशक्तिकरण के लिये लगातार प्रयास किया तभी आज भारत की सेना दुनिया की उत्कृष्ट सैन्य बलों में से एक मानी जाती है। सेना के नाम पर वोट मांगना देश के लोकतंत्र के लिये भी घातक है। यह भाजपा और मोदी की फासीवादी सोच का नतीजा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सेना की वर्दी पहन कर वोट अपील करना प्रजातंत्र को मुंह चिढ़ाने के समान है तथा भारत की जनता के सेना के प्रति अटूट भरोसे का राजनीतिकरण करना है। भारतीय जनता पार्टी के इस कृत्य की कांग्रेस ने कड़ी निंदा करते हुये राज्य निर्वाचन आयोग से भी शिकायत कर भाजपा के इन होर्डिंगों को तत्काल हटाने तथा सेना के वर्दी के दुरूपयोग करने के लिये भाजपा के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

### 26 अप्रैल को हम सभी को संकल्प करना है कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है

# कांग्रेस के पांच वर्ष का कुशासन समाप्त हुआ अब छत्तीसगढ़ में सुशासन का उदय हुआ है : विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता पंडरिया
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विशाल जनसभा को संबोधित कर लोकसभा चुनाव के तहत प्रचार कर भाजपा के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भी जनसभा को संबोधित किया और मोदी सरकार व छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों को बताया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि नरेंद्र मोदी का परिवार देश की 140 करोड़ जनता है जिनके सुख-दुःख और सुविधा की चिंता वो दिन रात करते हैं 18 घंटे अपने काम के प्रति समर्पित होकर 10 साल से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मन्त्र के साथ देश के किसान, मजदूर, महिला का विकास करने वाले प्रधानमंत्री का चुनाव है। इसलिए 26 अप्रैल को हम सभी को संकल्प करना है कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और पांच साल तक छत्तीसगढ़ की जनता को ठगने वाले लबरा पार्टी को भागना है। 2018 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 36 वादे किये थे पांच साल में सरकार चलाने के बाद भी कोई वादा पूरा नहीं किया बल्कि हमारे छत्तीसगढ़ को अपराध और भ्रष्टाचार का गढ़ बनाया। कोयला, शराब, रेत, गोबर, गोठान, डीएमएफ राशि में भ्रष्टाचार किया। कांग्रेस के नेता और अधिकारी जिन्होंने सहयोग किया सब जेल में हैं। कांग्रेस की सरकार में शराब की दुकानों में दो कैश काउंटर लगते थे एक हिसाब किताब सरकार के खजाना में दूसरा हिसाब किताब कांग्रेस के आलाकमान राहुल, सोनिया प्रियंका के खता में जाता था। इसलिए प्रदेश की जनता ने सरकार से उन्हें हटाया और इस लोकसभा में भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को खता नहीं खोलना देना है और सभी 11 सीटों को जीताकर नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत करना है। हमने 4 महिना में जो काम किया है सब जानते हैं महतारी वंदन योजना, रामलला दर्शन योजना, किसानों को बकाया बोनस दिया है। महतारी वंदन योजना के लिए मैनें स्पष्ट किया है कि हमारी सरकार महीने के पहले सप्ताह में पैसा महिलाओं के खाते में भेजेगी, कांग्रेस इसको लेकर भ्रम फैला रही है और मैं कहना चाहता हूँ की यह योजना जब तक हमारी सरकार रहेगी तब तक चलेगी। भाजपा में जितना आदिवासी का मान-सम्मान है कांग्रेस में वो नहीं है। कांग्रेस ने आदिवासियों को केवल बंधुआ मजदूर समझा लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज की महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया, मुझे मुख्यमंत्री बनाया आदिवासी जनमन योजना के माध्यम से उन्हें सभी सुविधाओं, उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहें हैं।



# गुड गवर्नेंस की मिसाल बनी सुक्खू सरकार : राजेश धर्माणी

वार्ता ◄ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार मात्र सवा साल के कार्यकाल में 'गुड गवर्नेंस' की मिसाल बनी है। धर्माणी ने कहा कि राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से लंबित मामलों को निपटाने में राज्य सरकार को अभूतपूर्व सफलता मिली है। आम लोगों को राहत प्रदान करते हुए फ़रवरी 2014 तक इस विशेष मुहिम के तहत इंतकाल के 1.05 लाख से अधिक तथा तकसीम के सात हजार मामलों का निपटारा किया गया है। यह आँकड़े अपने आप में राजस्व लोक अदालतों के आयोजन की सफलता साबित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व लोक अदालतों के आयोजन की राज्य सरकार की पहल का आज हिमाचल प्रदेश की जनता खुले दिल से स्वागत कर रही है और इसके लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को धन्यवाद दे रही है। हिमाचल में कहा जाता था कि राजस्व मामले पीढ़ियों तक भुगतने पड़ते हैं लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने इन कहावतों को बदल दिया है, जिसके लिए राजस्व कानूनों में संशोधन किया गया, ताकि राजस्व मामलों के निपटारे में तेज़ी लाई लाए जा सके और लोगों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि वर्षों तक हिमाचल प्रदेश के लोगों की इस पीड़ा को किसी सरकार ने नहीं समझा और न ही उनके दर्द को दूर करने के लिए प्रयास किए, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार का एकमात्र उद्देश्य जन सेवा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा, विशेष रुप से उस वर्ग की सेवा करने की है, जिस पर आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया। धर्माणी ने कहा कि मात्र सवा साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने उन तबकों की आवाज़ बनाने का प्रयास किया है, जिसके बारे में किसी सरकार ने कभी विचार नहीं किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के फैसलों में जन सेवा की भावना साफ़ झलकती है। वर्तमान राज्य सरकार ने अनाथ बच्चों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना आरंभ की, महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन प्रदान की। यही नहीं, विधवा और एकल नारियों के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार ने अनेकों योजनाएं आरंभ की हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने मुख्यमंत्री सुख-शिक्षा योजना शुरू की है, जिसके तहत विधवाओं के 27 साल तक के बच्चों की शिक्षा पर होने वाला खर्च प्रदेश सरकार वहन कर रही है। विधवा, निराश्रित, तलाकशुदा और अक्षम माता-पिता के सभी पात्र बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक एक हज़ार रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमन्त्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के तहत गृह निर्माण की राशि 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर तीन लाख रुपये की जाएगी। उन्होंने कहा कि सवा साल के छोटे से कार्यकाल के भीतर वर्तमान राज्य सरकार ने न सिर्फदस में से पांच गारंटियों को पूरा किया है।

## सेब बागबानों को बर्बाद करने पर तुला केंद्र : भंडारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष निगम भंडारी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार निरंतर आयात शुल्क में कमी कर प्रदेश के सेब बाग़बानों को बर्बाद करने पर तुली है। भंडारी ने कहा कि आयात शुल्क घटने से विदेश सेब का आयात बढ़ रहा है, जिससे हिमाचली सेब का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सेब की आर्थिक 5000 करोड़ रुपए से ज्यादा की है और लाखों परिवार इस कारोबार से प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से जुड़े हैं। किसान लगातार आयात शुल्क को 100 फ़ीसदी करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार इसे लगातार घटा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सस्ते विदेशी सेब के कारण इस बार कोल्ड स्टोर में सेब रखने वाले बाग़वानों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विदेशी सेब के कारण कोल्ड स्टोर का इस्तेमाल करने वाले बागवानों को 800-1200 रुपए प्रति पेटी का नुकसान हुआ है।

# सरकार को भुगतना पड़ेगा रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को पूरा न करने का खामियाजा : नरेंद्र दिनोद

एजेंसी ◄ सिरसा
www.dailypioneer.com

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन सम्बन्धित सर्व कर्मचारी संघ डिपो कार्यकारिणी बैठक डिपो प्रधान पृथ्वी सिंह चाहर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें कहा गया कि रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को दरकिनार करने पर सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बैठक में विशेष रूप से यूनियन के राज्य प्रधान नरेन्द्र दिनोद, राज्य महासचिव सुमेर सिवाच, ऑल इण्डिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरबत सिंह पूनिया, राज्य वरिष्ठ उपप्रधान शिवकुमार श्योराण और राज्य सचिव सुबेसिंह धनाणा उपस्थित थे। डिपो कमेटी के कुछ पदाधिकारियों के तबादले अन्य डिपूओं में होने पर डिपो कमेटी का पुनर्गठन करते हुए चाहर को डिपो अध्यक्ष, नरेन्द्र सिंह गुर्जर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विकास चौधरी और संदीप सिंह को उपाध्यक्ष, सतपाल सिंह रानियां को सचिव, विनोद लाम्बा को सह सचिव, धर्मबीर सहारण को मुख्य सलाहकार, लक्ष्मी नारायण को सलाहकार, रोहतास को ओडिटर, कीमत ढांडा को कैशियर, हीरा लाल एवं राजेंद्र सिंह को कार्यालय सचिव तथा सुनील कुमार शर्मा को प्रैस सचिव सर्व सम्मति से चुनाव किया गया। इस मौके पर राज्य अध्यक्ष नरेन्द्र दिनोद और महासचिव सुमेर सिवाच ने सरकार की वादाखिलाफी पर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने मानी गई मांगों को लागू करने की बजाय उल्टे कर्मचारी और विभाग विरोधी पत्र जारी कर जले पर नमक छिडक़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के 500 गाडिय़ों के चेसिस न बनवा कर बाहर से बनवाने, केंद्रीय कर्मशाला हिसार और करनाल बंद कर निजीकरण करने तथा चालक-परिचालकों को 30 से कम कर 10 नाइट करने जैसे तुगलकी फरमानों से कर्मचारियों में भारी रोष हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की वादाखिलाफी को लेकर जल्द ही यूनियन और सांझा मोर्चा की बैठक बुलाकर आंदोलन की घोषणा की जाएगी। ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरबत सिंह पूनिया ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा चालक विरोधी हिट एंड रन कानून बनाने, पुरानी पेंशन स्कीम बहाल नहीं करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं करने व लाखों खाली पदों पर पक्की भर्ती नहीं करने और कौशल रोजगार निगम से अस्थयी भर्ती कर बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के कारण सरकार ने लोकसभा चुनाव में खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कर्मचारी नेताओं ने मुख्य मांगों की चर्चा करते हुए कहा कि 500 गाडिय़ों के चेसिस बाहर न बनवाकर एचआरईसी गुरुग्राम में बनवाई जाए।

## भाजपा अपने किसी भी मनसूबे में कामयाब नहीं होगी : अवस्थी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी अपने किसी भी मनसूबे में कामयाब नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के पास अभी भी पूर्ण बहुमत है और चार जून को चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस की सरकार ओर भी मजबूत होगी। भाजपा सत्ता में आने के सपने देखना छोड़ दे। अवस्थी ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को नसीहत देते हुए कहा है कि उन्हें प्रदेश के लोगों की भावना को अपमान करने का कोई अधिकार नही है। प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस को पूर्ण बहुमत देकर सत्ता में बिठाया है। कांग्रेस सरकार पूरी तरह स्थिर व मजबूत है और अपना कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को प्रदेश के लोग चारों खाने चित करेगी। उन्होंने कहा है कि भाजपा को उसके षड्यंत्र का बदला प्रदेश के लोग इन चुनावों में देंगे। उन्होंने कहा कि चार जून को चुनाव परिणाम पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में आएंगे। उन्होंने आज प्रदेश कांग्रेस कार्यलय में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक में कहा कि उन्हें भाजपा के किसी भी दुष्प्रचार का कड़ाई से जवाब देना होगा।

# एम्स ऋषिकेश के 598 विद्यार्थियों को राष्ट्रपति मुर्मू प्रदान करेंगी उपाधि

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आगामी 23 अप्रैल को दीक्षांत समारोह में



मेडिकल के 598 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करेंगी। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर( डॉ.) मीनू सिंह ने रविवार को बताया कि एम्स, ऋषिकेश के इस चतुर्थ दीक्षांत समारोह राष्ट्रपति के अलावा राज्य के राज्यपाल सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और भारत सरकार के नीति आयोग के सदस्य डा. विनोद के. पॉल भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि समरोह में 598 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जाएगी। उपाधि पाने वाले छात्र-छात्राओं में से 10 टापरों का चयन गोल्ड मेडल के लिए हुआ है। इनमें से कुछ टापर एक से अधिक गोल्ड मेडल से नवाजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न विभागों की टीमें बनाकर उन्हें सम्बन्धित कार्यों की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# चार सौ से ज्यादा डॉक्टर क्लिनिकल रुमेटोलॉजी सम्मेलन में हुए शामिल

एजेंसी ◄ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

हैदराबाद में केआईएमएस अस्पताल में संपन्न हुए दो दिवसीय क्लिनिकल रुमेटोलॉजी कॉन्फ्रेंस 2024 में पूरे देश के 400 से ज्यादा डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। गठिया और मस्कुलोस्केलेटल रोगों के उपचार के उन्नत तरीकों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रसिद्ध इस द्विवार्षिक सम्मेलन में सभी उपस्थित लोगों ने अनूठा और समृद्ध अनुभव प्राप्त किया। इस सम्मेलन का उद्घाटन केआईएमएस हॉस्पिटल्स के सीएमडी, डॉ. बी. भास्कर राव और नेशनल बोर्ड ऑफएग्जामिनेशन के कार्यकारी निदेशक, डॉ. मीनू बाजपेयी सहित सम्मानित अतिथियों ने किया जिसमें रूमेटाइड गठिया से लेकर दुर्लभ गठिया स्थितियों जैसे विविध विषयों पर चर्चा की गई। आयोजन सचिव डॉ. सरथ चंद्र मौली वीरवल्ली और वैज्ञानिक अध्यक्ष डॉ. मौली थबाह के नेतृत्व में, सीआरसी 2024 में केस-आधारित चर्चाओं पर बल दिया गया, जो अनुभवी रुमेटोलॉजिस्ट द्वारा इलाज किए गए सबसे चुनौतीपूर्ण मामलों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। डॉ. मीनू बाजपेयी ने कहा, रुमेटोलॉजिकल रोग समाज के सभी वर्गों को प्रभावित करते हैं और जन जागरूकता की तत्काल आवश्यकता पर बल देते हैं। केआईएमएस इंस्टीट्यूट और इंडियन रुमेटोलॉजी एसोसिएशन सराहनीय रूप से इसके लिए आगे बढ़ रहे हैं, केआईएमएस में डॉ. सरथ चंद्र और उनकी टीम रोगी देखभाल और चिकित्सा शिक्षा के लिए अनुकरणीय समर्पण का प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा, जैसा कि चिकित्सा विज्ञान में नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन ने संयुक्त मान्यता योजना और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में फैलोशिप जैसी पहल की शुरुआत की है, हमारा उद्देश्य विशेषज्ञ उपलब्धता में अंतर को पाटना और चिकित्सकों के बीच प्रौद्योगिकी साक्षरता को बढ़ावा देना है और अंततः रोगी देखभाल, अनुसंधान एवं चिकित्सा शिक्षा में सुधार लाना है। डॉ, सरथ ने कहा, इस सम्मेलन ने हमें ज्ञान का आदान-प्रदान करने, चुनौतीपूर्ण मामलों पर चर्चा करने और गठिया और मस्कुलोस्केलेटल रोगों की हमारी समझ को आगे बढ़ाने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान किया है।

## मिश्र की महावीर जयंती पर शुभकामनाएं



**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर मिश्र ने भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के मार्ग से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने प्रेम, दया और करूणा के जिस मार्ग का संदेश दिया उस पर चलते हुए सभी आदर्श एवं समरस समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए।

## मिश्र ने गर्मी के मद्देनजर राजभवन में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**जयपुर।** राजस्थन के राज्यपाल कलराज मिश्र ने बढ़ती गर्मी के मद्देनजर शनिवार को यहां पक्षियों के लिए परिंडे लगाने की शुरुआत की। मिश्र ने सोनल सलोनी माहेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जयपुर के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के पानी पीने के लिए एक हजार परिंडे लगाए जाने की राजभवन में शुरूआत करते हुए आमजन से अपील की कि आने वाले दिनों में तपिश और बढ़ेगी, ऐसे में अधिकाधिक लोग पक्षियों के लिए अपने घरों और आस-पास के पेड़ों पर परिंडे लगाये जाने चाहिए। सुबह-शाम इनमें दाने-पानी की व्यवस्था भी करें। इससे पहले मिश्र को गोकुल माहेश्वरी ने ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे समाजसेवा के कार्यों की जानकारी भी दी।

## विष्णुदत्त ने जैन मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भगवान महावीर की जंयती पर जैन मंदिर पहुँचकर पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। शर्मा ने भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, त्याग और तपस्या को समर्पित भगवान महावीर का जीवन दर्शन हमें सदैव मानवता की सेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष ब्रजेन्द्र मिश्रा, सदानंद गौतम एवं विधायक अभिलाष पांडे उपस्थित रहे।

# आपदा राशि में कांग्रेस ने की बंदरबाट : कश्यप

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कोटखाई का दौरा किया विभिन्न बैठकों में भाग लेते हुए उन्होंने कहा शिमला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में महत्वपूर्ण कार्य हुए जिसमें से जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र को 200 करोड़ प्राप्त हुए। कांग्रेस भले केंद्र से भेजे गए पैसे का श्रेय लेना चाहे पर प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं। कश्यप ने कहा कि आपदा के समय केंद्र ने 1800 करोड रुपए हिमाचल प्रदेश को भेजें पर उसमें भी कांग्रेस पार्टी ने बंदर बांट का काम किया अपने चाहितो को वह राशि प्रदान करी जो केंद्र से आई थी और जिनको जरूरत थी उनको एक रुपया भी प्राप्त नहीं हुआ, कांग्रेस सरकार भेदभाव के लिए जानी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार ने केवल एक साल में 15000 करोड़ का ऋण लिया और विकास के ऊपर एक भी पैसा नहीं खर्च किया, केवल मात्र छह सीपीएस और सात ओएसडी बनाकर अपने मित्रों को सुविधाएं देने का काम किया। यह सरकार केवल खाली खजाने का रोना रोती है, पर अपने कुप्रबंधन को नहीं दिखती।

## क्रिकेट प्रेमियों को मतदान के लिए करेंगे जागरूक, प्लान किया तैयार

**धर्मशाला।** धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में पांच तथा नौ मई को प्रस्तावित आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान क्रिकेट प्रेमियों को मतदान के लिए जागरूक करने की योजना भी जिला निर्वाचन विभाग की ओर से बनाई गई है। इस बाबत जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि आईपीएच मैच के दौरान हिमाचल तथा अन्य राज्यों के हजारों नागरिक मैच देखने के लिए आएंगे। इस दौरान सभी नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए 'स्वीप' के तहत आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। चूंकि मैच देखने वालों में अधिकांश युवा शामिल रहते हैं यह बेहतर अवसर होगा जब एक साथ इतने लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा सकेगा। बैरवा ने कहा कि विभिन्न पार्किंग स्थलों तथा स्टेडियम के नजदीक सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे इसके साथ ही आयोजकों को मैच के दौरान मतदाता जागरूक गीत सुनाने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है तथा मतदान का यह पर्व पांच वर्ष में एक बार आता है। उन्होंने सभी नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने परिवार के अलावा आस पड़ोस मतदान करने से कोई भी छूटे नहीं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आरंभ की हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सेल्फी और रील प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं वहीं हस्ताक्षर अभियान तथा चुनाव पाठशाला भी आयोजित की जा रही है इसके साथ ही महाविद्यालय स्तर पर रंगोली, भाषण, क्विज प्रतियोगिताओं के आयोजन भी पर भी बल दिया जा रहा है।

# बंदूकें, पत्थर और चुनाव बहिष्कार से कुछ हासिल नहीं होगा, मतदान के दिन वोट करें : महबूबा

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को यह कहते हुए कि बंदूक, पत्थर और चुनाव बहिष्कार से कुछ हासिल नहीं होगा, लोगों से मतदान के दिन अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का आग्रह किया। मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार मियां अल्ताफ, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के मोहम्मद सलीम और अपनी पार्टी के नेता जफर मन्हास के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में एक सार्वजनिक रैली के दौरान ने कहा, अगर कुछ उभर कर सामने आयेगा, तो वह केवल मतपत्र के माध्यम से होगा ताकि हम नयी दिल्ली को बता सकें कि 2019 में उन्होंने जो किया, वह हमें स्वीकार्य नहीं है और इसे बहाल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि लोग बाहर आएंगे और मतदान करेंगे, क्योंकि चुनाव बहिष्कार, पत्थरों और बंदूकों से कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, युवा जेलों में बंद हैं और कोई उनके बारे में बात नहीं कर रहा है। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा, हम नेशनल कॉन्फ्रेंस और अन्य पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहते थे, क्योंकि जम्मू-कश्मीर के लोगों को हमारे समर्थन की आवश्यकता थी। दुर्भाग्य से, नेकां और उसके नेता नहीं चाहते थे, यहां तक कि उन्हें मुझसे बात करने तक की जरूरत महसूस नहीं हुई। जबकि मैंने सीट बंटवारे पर फैसला करने के लिए फारूक अब्दुल्ला को पूरा अधिकार दिया था। मुफ्ती ने कहा नेकां कार्यकर्ता भी चाह रहे थे कि हम मिलकर चुनाव लड़ें। इसकी बजाय, उन्होंने कहा कि पीडीपी का अब अस्तित्व नहीं है। पीडीपी कैसे खत्म हो सकती है। पीडीपी ने तीन साल के कार्यकाल के दौरान टास्क फोर्स, पोटा और इखवान को खत्म कर दिया और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से जुड़े रास्ते खोल दिये। पड़ोसी देश से बातचीत का सिलसिला शुरू किया गया। पीडीपी कभी खत्म नहीं हुई। यह लोगों के दिलों में बसी हुई है।

# आदिवासी जमीन के लुटेरों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए : बाबूलाल मरांडी

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासी समाज की जमीनों और उनके संसाधनों को लूटने और तबाह करने वालों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए तथा इतिहास में झांककर इंडी गठबंधन के साथियों को एक बार उलगुलान विद्रोह को फिर से पढ़ा जाना चाहिए। मरांडी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उलगुलान विद्रोह मूल निवासियों के संसाधनों, उनकी जमीनों और उनके अधिकारों को जमीदारों और साहूकारों द्वारा छीने जाने के विरोध स्वरूप उत्पन्न हुआ था। इंडी गठबंधन उन्हीं साहूकारों और जमीदारों की तरह आदिवासी समाज की जमीनों को हड़पकर उलगुलान जैसे शब्दों का उपयोग कर उसका राजनीतिकरण कर जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहा है। उलगुलान विद्रोह को लेकर आदिवासी कवि हरीराम मीणा ने भगवान बिरसा मुंडा पर कविता लिखी थी जिसकी चंद पंक्तियां इस प्रकार हैं। मैं केवल देह नहीं, मैं जंगल का पुश्तैनी दावेदार हूं। पुश्तें और उनके दावे मरते नहीं मैं भी मर नहीं सकता। मुझे कोई भी जंगलों से बेदखल नहीं कर सकता उलगुलान.. उलगुलान.. उलगुलान। मरांडी ने कहा कि आज हेमंत के नेतृत्व में उन्हीं आदिवासी समाज की पुश्तैनी जमीनों को अवैध तरीके से कब्जा जमाकर बैंक्वेट हॉल बनाने का सपना संजोया जा रहा है, ऐसे व्यक्ति के लिए उलगुलान जैसे क्रांतिकारी शब्द का प्रयोग करके भगवान बिरसा मुंडा जी को अपमानित किया जा रहा है। ऐसे में इंडी गठबंधन के लिए मुद्दा-सच्चाई, इंसाफ, न्याय न होकर, भ्रष्टाचारी हेमंत को अपराध मुक्त घोषित करना है। शामिल होने वाले इंडी गठबंधन के साथियों के लिए आदिवासी कल्याण कभी मुद्दा था भी नहीं, और आज भी नहीं है। उनके लिए मुख्य विषय यह है कि हेमंत के भ्रष्टाचार को उजागर क्यों किया गया? उसके शोषण और अत्याचार के तरीकों को जनता के पटल पर रखकर बताया क्यों गया? उन्हें इस बात से परेशानी है कि हेमंत सोरेन जो एक मुख्यमंत्री थे, उनकी राजनीतिक प्रतिष्ठा थी, जो आदिवासी समाज से खुद को ऊपर मान बैठे हैं, समाज के सामने उनकी वास्तविकता को क्यों बताया जा रहा है, उनके भ्रष्टाचार तथा आदिवासी समाज की लूटी हुई जमीनों के सच को उजागर क्यों किया जा रहा है।

# धर्मशाला में देश का पहला एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच वाला स्टेडियम होगा

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने में हमेशा सबसे आगे रहा है। राज्य में क्रिकेट के प्रबंधन निकाय एचपीसीए ने हाल ही में अपनी अभ्यास सुविधाओं में एसआईएसग्रास हाइब्रिड पिच टेक्नोलॉजी पेश करने के लिए एक रोमांचक पहल की है। यह कदम यह सुनिश्चित करेगा कि अभ्यास पिचें उच्चतम गुणवत्ता वाली हों क्योंकि पारंपरिक पिचें कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं झेल सकतीं और जल्दी ही खराब हो जाती हैं जिससे खिलाड़ियों के लिए अभ्यास के बेशकीमती अवसर सीमित हो जाते हैं। एसआईएसग्रास, नीदरलैंड स्थित एसआईएस पिचेज़ समूह की कंपनियों का अंग है और धर्मशाला के खूबसूरत एचपीसीए स्टेडियम में पहली बार हाइब्रिड पिच इंस्टॉलेशन में अपने क्रांतिकारी निवेश के साथ भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। यह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी अधिक टिकाऊ, सुसंगत और उच्च प्रदर्शन वाली खेल की पिच प्रदान कर इस खेल के अनुभव में आमूल परिवर्तन लाएगी। एसआईएसग्रास प्रौद्योगिकी खिलाड़ियों को सुरक्षा, स्थायित्व और शानदार खेलने की क्षमता का बेजोड़ संयोजन प्रदान करती है। शानदार एचपीसीए स्टेडियम अपनी तरह की पहले हाइब्रिड पिच इंस्टॉलेशन के लिए तैयार है। इस पिच के इंस्टॉलेशन के बारे में एचपीसीए के मानद अध्यक्ष, आर पी सिंह ने कहा, प्रशंसकों के बीच धर्मशाला स्टेडियम ऐसे स्टेडियम के रूप में उभर रहा है जिसकी मांग बढ़ रही है और यह अपने सुरम्य परिवेश तथा सुंदर माहौल के लिए प्रसिद्ध है और घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय तथा आईपीएल मैचों की मेज़बानी करता है। एचपीसीए ने क्रिकेट में लगातार उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाया है। उत्कृष्टता केंद्र में हमारी अत्याधुनिक इनडोर सुविधाओं से लेकर एलईडी लाइटिंग और कुशल जल निकासी के लिए एसआईएस एयर सिस्टम को लागू करने तक हम खिलाड़ियों और प्रशंसकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। देश में एसआईएसग्रास की अभूतपूर्व हाइब्रिड पिच प्रौद्योगिकी का आगमन हमारे राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अभूतपूर्व क्षण का प्रतीक है। यह नवोन्मेषी दृष्टिकोण खेल को उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों तक ले जाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी और एसआईएस के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक,पॉल टेलर ने कहा, भारत के शानदार क्रिकेट परितंत्र में नई और बेहतर प्रौद्योगिकी को शामिल कर हमें उम्मीद है कि इसके विकास में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। धर्मशाला में हाइब्रिड पिच स्थापित करने के लिए यूनिवर्सल मशीन का उपयोग किया जा रहा है जिसे एसआईएसग्रास ने पहली बार 2017 में विकसित किया था। यह क्रिकेट स्टेडियमों के अंदर प्राकृतिक टर्फ के साथ पॉलिमर फाइबर का एक छोटा प्रतिशत इंजेक्ट करता है। यह ढांचा खेल के दौरान पैदा होने वाले तनाव के प्रति अधिक लचीला है पिचों को टिकाऊ बनाने में मदद करता है समान उछाल की गारंटी देता है और व्यस्त ग्राउंडकीपरों पर दबाव कम करता है। जिन पिचों को तैयार किया गया है वहां अभी भी मुख्य रूप से प्राकृतिक घास हैं और सिर्फ पांच प्रतिशत पॉलिमर फाइबर का उपयोग किया गया है।

# कार बाइक टक्कर में चार लोगों की मौत

एजेंसी ◄ बड़वानी
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र में आज तेज गति से आ रही कार और बाइक में भीषण टक्कर के चलते आदिवासी दंपति और उनके दोनों बच्चे मौत हो गयी। सेंधवा ग्रामीण पुलिस सूत्रों ने बताया कि सेंधवा बलवाड़ी मार्ग पर बाबदड फाटे और शाहपुरा के बीच दुर्घटना हो गई। एक मोड़ वाले घाट पर रॉन्ग साइड से तेज गति में आ रही कार और बाइक में टक्कर हो गई। इस घटना में आदिवासी शिव सेनानी का पूरा परिवार काल के गाल में समा गया। घटना में 35 वर्षीय शिव सेनानी, उसकी पत्नी सिंगला बाई, 5 वर्षी पुत्र आशीष और 7 वर्षीय पुत्री ज्योति की मृत्यु हो गई। दरअसल जिले के पलसूद थाना क्षेत्र के जोड़ाई के निवासी आदिवासी दंपत्ति महाराष्ट्र के जलगांव क्षेत्र में मजदूरी करते हैं। वह कुछ दिन पहले एक वैवाहिक कार्यक्रम के लिए लौटे थे। महाराष्ट्र की ओर जा रहे थे। इसी दौरान यह दुर्घटना हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिवा सेनानी और उसके परिवार की मौके पर ही मृत्यु हो गई। कार चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया है। उन्होंने बताया कि कार महाराष्ट्र के चोपड़ा क्षेत्र के किसी व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस टीम आरोपी को पकड़ने के लिए भेजी गई है। चारों लोगों के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# भाजपा युवा कार्यकर्ता द्वारा गांव-गांव घर-घर लोकसभा चुनाव का किया जा रहा प्रचार-प्रसार




पायनियर संवाददाता ➤ पखांजूर
www.dailypioneer.com

जैसे जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आरहे है भाजपा कार्यकर्ता द्वारा घर घर जाकर मोदी गारेंटी एवं छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार की महत्यकांशी योजना के जानकरी देते हुए कांकेर लोकसभा चुनाव का द्वितीय चरण 26 अप्रैल को होने को है इसी चुनावी को मद्देनजर रखते हुए परलकोट क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी द्वारा गांव गोली मोहल्ला घर घर भाजपा के कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग का बैनर, पोस्टर एवं कमल फूल का झंडा लगाने का काम व भाजपा के पक्ष में वोट देने का प्रचार प्रसार तेजी से चल रहा है, सुबह 6 बजे से रात तक युवा भाजपा कार्यकर्ता को गांव गली मोहल्ले में चुनावी प्रचार करते हुए दिखाई दे रहा है, युवा भाजपा नेता पोलटू कुण्डू, कार्तिक बिस्वास, श्यामल मंडल, खोकन तालुकदार, शंकर सरकार, मिथुन गाइन, मनोज, लालटू कुण्डू, अशीत ब्यापारी, रोशन बड़ाई, जिला कार्यकरणी समिति सदस्य अमर ब्रह्मचारी, जिला पंचायत सदस्य अंजली अधिकारी, मंडल महामंत्री सुहास राय, मंडल महामंत्री अजय बछर, मंडल उपाध्यक्ष तुषार सरदार, उपाध्यक्ष गौतम पाल उपाध्यक्ष बाबला मोइत्रा स्वरुप चक्रबर्ती, मंत्री आरूप सरकार, युवामोर्चा अध्यक्ष अमित दास महिला मोर्चा अध्यक्ष नामित बिस्वास, किसान मोर्चा अध्यक्ष अनुकूल मंडल, महिला मोर्चे महामंत्री फूलवती मंडावी, स्मिर्ति राय, प्रभाती राय, मनमथ मंडल, सुतेन नामदेव आदि भाजपा हजारों कार्यकर्ता प्रचार प्रसार में लगे हुए है।

# किरंदुल परियोजना में कार्यरत सी क्लास ठेकेदार संघ का वार्षिक मिलन समारोह सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के सिविल विभाग में निविदा के माध्यम से एनएमडीसी के निर्माण कार्यों को सफलतापूर्वक निष्पादित करने वाली एवं सिविल विभाग में कार्यरत सी क्लास के ठेकेदारों के संघ का वार्षिक मिलन समारोह शुक्रवार रात किरंदुल नगर के स्थानीय बंगाली क्लब में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस दौरान सी क्लास के संघ की संगठनात्मक विषयों पर चर्चा उपरांत संघ के वरिष्ठ सदस्यों डी एन पांडेय, एस के बारले, बी माधव राव, जी अमन एवं वरिष्ठ सदस्य रविंद्र सोनी का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया । सी क्लास ठेकेदार संघ के मिलन समारोह को मुख्य अतिथि डी एन पांडेय, एस के बारले, बी माधव राव, जी अमन, रविंद्र सोनी, आज़ाद सक्सेना, राजकुमार ओयामी, मंगल कुंजाम, मनोज छलिवाल, गौतम धर, संदीप दीक्षित ने भी संबोधित करते हुए सभी सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सुजीत पिल्ले ,अमलेंदु चक्रवर्ती ,कृष्णा शुक्ला ,बी उद्देश्य, के वी सुरेश ,निमाई पाल ,राजेश सोनी सहित सभी सदस्य विशेषरूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सक्सेना ने किया।

## 23 अप्रैल को स्वस्ति मेहुल की भक्ति संध्या शहर में

**जगदलपुर।** हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजन 'राम आएंगे' फेम पहली बार जगदलपुर में बलदेव बोथरा डेवलपर्स के द्वारा अपने वाटर फ्रंट प्रोजेक्ट में 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर एक बड़ा भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ज्ञात रहें की हाल ही में प्रोजेक्ट स्थल में हनुमानजी के भव्य मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा की गई है। कार्यक्रम में अपनी भव्य भक्ति की प्रस्तुति मेरे राम आएंगे फेम स्वस्ति मेहुल करेगी। भक्ति 23 अप्रैल की रात्रि में 7 बजे वाटर फ्रंट परिसर में प्रारंभ होगी जो रात्रि 10 बजे तक चलेगी। आयोजन स्थल पर दो तरह से बड़ी संख्या में लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। संस्था ने आमजनों से इस भक्ति आयोजन का धर्मलाभ लेने की अपील की है।


# श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुंदर काण्ड सामुहिक पाठ का होगा आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर परिवार की सुख शांति समृद्धि एवं मंगलकामनाएं हेतु हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर बैलाडीला देव स्थान समिति और गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किरन्दुल श्री राघव मंदिर प्रांगण में दिनांक 23 अप्रैल मंगलवार को रामायण मानस पाठ मंडली एवं अध्यात्मिक धार्मिक भजन जस मंडली और नगर परिवार के उपस्थित समस्त श्रद्धालु भक्तजनों के माध्यम से सामुहिक श्री रामचरितमानस सुंदर काण्ड का पाठ आयोजित किया गया हैं।

# केशकुतुल के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़



पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत् केशकुतुल-केशामुंडी के जंगलों में डिविजन सप्लाई टीम कमांडर कवासी पण्डरू एवं अन्य 15-20 माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी बीजापुर की कार्यवाही प्रातः 5.30 बजें केशकुतुल के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में एक लाख का इनामी 1 नक्सली ढेर हुआ , मौके से हथियार, विस्फोटक एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद किया गया। अभियान के दौरान केशकुतुल के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में 01 माओवादी मारा गया। मौके पर सर्चिंग के दौरान 01 कंटरी मेड बंदूक, कुकर बम, कॉर्डेक्स वायर, फ्यूज, डेटोनेटर, जिलेटीन स्टीक, पटाखा, माओवादी वर्दी, बेल्ट, पीट्ठू, प्रतिबंधित माओवादी संगठन का साहित्य एवं दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री बरामद की गई । मुठभेड़ में मारे गये माओवादी की शिनाख्तगी जनताना सरकार अध्यक्ष गुडडी कवासी पिता आयतु उम्र 34 वर्ष निवासी कोटमेटा थाना जांगला जिला बीजापुर के रूप में हुई । हत्या और आईईडी ब्लास्ट के कई मामलो मे शामिल था खूँख़ार माओवादी । मारे गये माओवादी पर 1.00 लाख का ईनाम घोषित है । मुठभेड़ में मारे गये माआवादी की पंचनामा कार्यवाही, पीएम एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एक दिवसीय भागवत कथा का समापन



पायनियर संवाददाता ➤ पखांजुर
www.dailypioneer.com

पिव्ही 8 चाणक्यपुरी में परलकोट क्षेत्र के भागवत कथा वाचक मधुरिमा कृष्णदासी एवं उनके सहयोगी द्वारा शाम 7 बजे से रात एक बजे तक भागवत कथा का कार्यक्रम किया गया,सर्वप्रथम तुलसी बन्दना के बाद गुरु नंदन के बाद श्रीमद्भागवत कथा किया गया। अंत मे भगवान श्रीकृष्ण एवं कृष्ण भक्त सुदामा का प्रेम लीला का नाट्य स्वरूप दिखाया गया। इस भागवत कथा कार्यक्रम परलकोट क्षेत्र से हजारों भक्तों ने भागवत कथा का श्रवण किया। भगवान श्रीकृष्ण के गाने के धुन पर सभी भक्तों नाचते हुए नजर आए अंत मे महाप्रसाद फल मिठाई एवं खिचड़ी का वितरण किया गया।

# नौकरी दिलवाने व शादी करने का झांसा देकर पीड़िता के साथ किया अनाचार

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला के अंतर्गत थाना विश्रामपुरी में एक घटना सामने आई है, जिसमें पीड़िता ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण चिकित्सा सहायक के पद पर सीएचसी सलना में पदस्थ सुरेंद्र कुमार साहू ने पीड़िता को शादी और नौकरी के झांसे देकर 2019 से 2023 तक उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए। आरोपी ने अलग-अलग समयों पर पीड़िता से नगदी रकम, सोने के गहने लेकर ठगी की। पीड़िता के पैसे मांगने पर उसे गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी गई। इसके परिणामस्वरूप, पीड़िता डर और दबाव में रिपोर्ट दर्ज करने में डर रही। इस मामले में थाना विश्रामपुरी में अपराध क्रमांक 24/2024 धारा 420, 376(2)(ढ), 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में अतरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के प्रवेक्षण में आरोपी की पाता साजी कर मामले में पूछताछ कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# महिलाओं का सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ पखांजुर
www.dailypioneer.com

परलकोट क्षेत्र के संगम शक्ति केंद्र संगम के अंतर्गत ग्राम अविनाश नगर में मातृबंधन योजना के तहत मातृशक्ति को श्रीफल एवं तिलक लगाकर और मिठाई के साथ सम्मान किया गया। जिनमें लगभग 100 महिलाएं उपस्थित रहीं। पखांजूर मंडल के मंडल अध्यक्ष श्यामल मंडल साथ ही संगम शक्ति केंद्र की संयोजक साथ ही बूथ अध्यक्ष और ग्राम प्रमुख सभी उपस्थित रहे। लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांकेर जिले के भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में कमल फूल पर वोट देने की अपील की।

## जांच में जुटी पुलिस

# मुक्तिधाम में युवक की अधजली लाश मिली

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



मुक्तिधाम में एक युवक की अधजली लाश मिली है। अधजली लाश मिलने की खबर पूरे शहर में फैल गई, जिससे घटना स्थल पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने शव का निरीक्षण करते हुए पहचान कार्यवाही शुरू कर दी है। फिलहाल मृतक का पता चल गया है। संभावना जताई जा रही है कि, हत्यारों ने युवक को मार कर शव को जलाने की कोशिश, ताकि मृतक की पहचान ना हो सके। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी अनुसार सिटी कोतवाली थाना कोण्डागांव क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 पर नारंगी नदी किनारे बने मुक्तिधाम में एक युवक की अधजली लाश मिली है। पुलिस को घटना की सूचना मिलने पर तत्काल घटना स्थल पहुंची और जांच में जुट गई। मौके पर से खून से सनी रॉड एवं लोहे के अन्य वस्तु भी बरामद, किए है। हत्या की जगह से लगभग 50 मीटर मृतक को घसीट कर जलाया गया है। मुक्तिधाम के 1000 वर्ग मीटर में हर जगह खून के निशान देखे जा सकते है।

### जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा : टीआई

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक प्रह्लाद यादव ने बताया की घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई है। मृतक की सिनाख्त करवाने पर पता चला है की प्रकाश नाग फरसगांव निवासी है। जो कबाड़ी का कार्य करता था। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम गठित कर जुट गई है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के तहत की गई बंधा तालाब की सफाई

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा चलाए जा रहे साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को पुनः बंधा तालाब में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत वीगत चार सप्ताह से नियमित रूप से सफाई कार्य किया जा रहा था, जिसमें अब तक 70 ट्रैक्टर कचरा तालाब से निकाला गया है। इस दौरान नगरपालिका के कर्मचारियों ने कहा कि, इस अभियान के तहत बंधा तालाब के साथ साथ आसपास के क्षेत्रो को भी स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने लोगों से यह अपील भी की है कि, वे भी इस अभियान में सहयोग करें और अपने आस-पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखें। इस स्वच्छता अभियान के तहत, नगर पालिका ने विकली अभियान के तहत बंधा तालाब में सफाई करने के कदम उठाए हैं, जिससे बंधा तालाब के साथ साथ शहर की स्वच्छता में सुधार हो सके और वातावरण भी शुद्ध रहे। इस अभियान के तहत चार सप्ताह से नियमित रूप से सफाई कार्य किया जा रहा था, जिसमें अब तक 70 ट्रैक्टर कचरा तालाब से निकाला गया है। कोण्डागांव नगर पालिका के कर्मचारियों ने इस स्वच्छता अभियान को के तहत ज्यादा से ज्यादा तालाब को स्वकश रखने का निर्णय लिया ताकि कोंडागांव के सौंदर्य रूपी तालाब गंदगी से दूर रहे। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि वे भी इस अभियान में सहयोग करें और अपने आस-पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखें।

# बृजमोहन अग्रवाल ने बलौदाबाजार में रोड शो कर जुटाया जन समर्थन, भाजपा को प्रचंड मतों से जिताने की अपील

## देश के गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को आगे बढ़ाने के लिए वचनबद्ध है भाजपा : बृजमोहन अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत शुक्रवार को बलौदाबाजार के विभिन्न गांवों में रोड शो किया और जनता से भाजपा को प्रचंड मतों से विजय दिलाने अपील की। अभियान में बृजमोहन अग्रवाल ने क्षेत्र में भाजपा सरकार के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों की याद दिलाई और भाजपा के संकल्प पत्र, मोदी की गारंटी 2024 को दोहराया। जनता को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार यानि की गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को आगे बढ़ाने, उनको आत्म निर्भर बनाने, उन्हें आत्म सम्मान दिलाने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, महिला किसान की कोई चिंता करता है तो वो हैं हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी इसलिए एक बार फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। मोदी ने आने वाले पांच सालों तक गरीब परिवार के लिए 35 किलो निःशुल्क राशन की योजना जारी रखी है। साथ 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज आयुष्मान योजना के जरिए किया जा रहा है। दिव्यांग साथियों को अब पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी, उनकी विशेष जरूरतों के अनुसार उन्हें आवास मिल सके, इसके लिए विशेष रूप से कार्य योजना बनाई जायेगी। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसान सम्मान निधि, 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी दलहन और तिलहन फसलों का उचित मूल्य इतना ही नहीं मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखने और पैदावार बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती पर बल दिया जाएगा और नैनो यूरिया के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, भाजपा के लिए दल से बड़ा देश है। भाजपा संकल्प पत्र गारंटी देता है कि, मोदी जी के नेतृत्व में भारत मानव कल्याण के लिए निरंतर काम करता रहेगा। मंत्री टंक राम वर्मा ने बृजमोहन अग्रवाल के लिए मांगे वोट, प्रचंड मतों से जिताने की अपील। जनता को संबोधित करते हुए टंकराम वर्मा ने कहा कि, बृजमोहन अग्रवाल एक नेता से बढ़कर हैं। वो पूरे छत्तीसगढ़ को एक परिवार की तरह मानते हैं। उनके यहां से कोई भी खाली हाथ नहीं जाता चाहे वह किसी भी पार्टी या क्षेत्र का हो वह सभी के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं और काम करते हैं। उन्होंने बलौदा बाजार में सड़क निर्माण स्कूल कॉलेज का निर्माण आदि विकास के सैकड़ो काम किए हैं। यह बलौदाबाजार की जनता का सौभाग्य है कि उनको बृजमोहन अग्रवाल को वोट देने का मौका मिल रहा है। आप सब बृजमोहन अग्रवाल को क्षेत्र से प्रचंड मतों से जीत दिलाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित करें। जनसंपर्क के दौरान जगह जगह महिलाओं ने आरती उतारकर बृजमोहन अग्रवाल का स्वागत किया। महिलाओं ने महतारी वंदन योजना का 1000 रूपये मिलने पर मोदी जो को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि कोई सरकार हमारे खाते में 1000 महीना भी डालेगी। उन्होंने बृजमोहन अग्रवाल को जीत का आशीर्वाद दिया। जनसंपर्क अभियान के दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने गैतरा स्थित महामाया मंदिर में पूजा अर्चना की और पूरे मंत्रोच्चार के साथ शिवजी का अभिषेक किया। अभियान की शुरुआत रवान ग्राम से हुई यहां से रोड शो करते हुए पौंसरी, करमदा, गैंतरा, भरसेला, लटुवा, मोहतरा, रसेड़ा, बेमेतरा, हलवाई खपरी होते हुए सकरी पहुंचे जहां अभियान का समापन हुआ। जनसंपर्क अभियान में मंत्री टंकराम वर्मा, जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, राजेश अवस्थी, सुरेंद्र टिकरिहा, विजय केशरवानी, टेसूलाल धुरंधर, चित्तावर जायसवाल, सुमन वर्मा, कृष्णा अवस्थी, अशोक जैन, नंदकुमार साहू, धनंजय साहू, नीलम सोनी, नरेश केशरवानी, अदिति बघमार, डॉ. कुशल राम वर्मा, धनेश्वरी यादव, सुनीता वर्मा, मंडल अध्यक्ष डोमनलाल वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव, संकेत शुक्ला, शशि शुक्ला, आलोक अग्रवाल, रेवाराम साहू, मणिकांत मिश्रा, पुरुषोत्तम साहू, दिनेश साहू, राजेश वर्मा, हेमंत टिकरीहा, रवि वर्मा, राहुल सोनी, बीपी साहू, परेश वैष्णव, कपिल कश्यप, अजय गर्ग, राकेश ध्रुव, तरल सोलंकी, सुनील मिश्रा, पुनेश्वर साहू, लक्ष्मीकांत वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, कमल किशोर मिश्रा, चंद्रिका वर्मा, प्रणव अवस्थी समेत सैकड़ों भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आज जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री गणेश प्रसाद जायसवाल, धीरज बाजपेई समेत 100 से ज्यादा कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ बृजमोहन अग्रवाल के समक्ष भाजपा में प्रवेश किया। भाजपा में शामिल होने वालों में दिनेश्वर मनहरे, सालिक मारवाड़ी, रघुवीर भारतीय, शत्रुघ्न ध्रुव, अशोक जांगड़े, जनक, सत्यनारायण, संत कुमार, बिजेंदर डेहरिया, राम प्रसाद, बलभद्र, दिलीप कुमार जांगड़े, अभिराम लहरे, नरेंद्र बंजारे को बृजमोहन अग्रवाल ने माला पहनाकर भाजपा में स्वागत किया।

# विरेन्द्र नगर में मोदी के चाय पर वार्ड वासियों की उपस्थिति में हुई चर्चा



**सरायपाली।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 2 वीरेंद्र नगर में मोदी के चाय पर चर्चा जिसमें उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा एवं वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद हेमवती यादव व पूर्व पार्षद जेपी यादव दीपक मखीजा परमजीत कौर मुक्त सिदार प्रेम सिंह ठाकुर हरभजन सिंह सुशीला ध्रुव गीता प्रसाद बंजारे संतोष यादव अजय गढतीया भाजपा महिला मोर्चा एवं समस्त वीरेंद्र नगर वासी गण उपस्थित थे।

# घायल गौ माता की सेवा में जुटे बजरंग दल के कार्यकर्ता



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर में सुबह लगभग 7-8 बजे से एक गौ माता थाना रोड, सार्वजनिक प्रसाधन के पास भरी गर्मी में घायल अवस्था में पड़ी हुई थी, फोन के माध्यम से बजरंगदल के पदाधिकारीयों को उक्त घटना का सूचना दिया गया, सूचना के पश्चात तुरंत विश्व हिन्दू परिषद् बजरंगदल के गौ सेवक विकाश महापात्र, मयंक पाणिग्राही, विश्वनाथ प्रधान, श्रीकांत साहू, नितिन साहू, घनश्याम यादव, कबीर दास, भावेश निषाद और कुछ नगर वासियों के साथ काफी लंबे समय से शासकीय वेटनरी विभाग वालों को डॉक्टरी इलाज के लिए लगातार संपर्क करने की कोशिश की जा रही थी लेकिन किसी भी प्रकार से कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई, अंत में डायल 1962 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई से लगभग 2 बजे सहायता मिला और डॉक्टरी इलाज व ग्लूकोज बॉटल चढ़ाया गया ।

# भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में स्वर्ण सिंह ने किया जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता ‹ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



महासमुंद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के पक्ष में विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक स्वर्ण सिंह सलूजा के द्वारा सरायपाली और बसना के विभिन्न ग्रामों में लगातार चुनावी सभा लेकर के रूप कुमारी चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील की जा रही है। सलूजा ने बताया कि रूप कुमारी चौधरी बसना विधानसभा के धनापाली की बेटी है एवं सरायपाली विधानसभा के हर्राटार की बहु है इसी कारण उनके पक्ष में एक तरफा माहौल है। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक स्वर्ण सिंह सलूजा ने ग्रामीणों के बीच में कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर कहा कि कांग्रेस जिस प्रदेश में शासन में है वहां वह महिलाओं को कुछ नहीं दे पा रही है लेकिन लोकसभा में प्रत्येक महिला को 8 हजार रुपए देने का वादा कर रही है वह कोरा झूठ है। विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक स्वर्ण सिंह सलूजा ने कहा कि इतिहास गवाह है आजादी के बाद देश में सर्वाधिक समय तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने दशकों तक सिर्फ गरीबी हटाने का नारा दिया और कांग्रेस नेताओं की संपत्ति लगातार बढ़ती गई, मतदाता गरीबी, बेकारी , भूखमरी और कर्ज के दलदल में फंसती चली गई नतीजन पहले हजारों लाखों लोग अपनी जीवनलीला समाप्त कर बैठते थे। कांग्रेस के लिए इससे अधिक शर्मिंदगी की बात और क्या हो सकती है कि भारत देश में 2014 के बाद स्वच्छ भारत अभियान चलाकर मोदी सरकार को शौचालय निर्माण के लिए प्रोत्साहन राशि देना पड़ा। देश और प्रदेश के लोग इंदिरा आवास और प्रधानमंत्री आवास के अंतर को समझ रहे हैं। जिस कांग्रेस की कुनीति के कारण पहले कर्ज में डूबा किसान आत्महत्याएं करते थे उस पार्टी के नेताओं ने हमेशा युवा, महिला, गरीब, किसान वर्ग को हमेशा वोट बैंक समझते थे जिसका खामियाजा कांग्रेस भुगत रही है। विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक स्वर्ण सिंह सलूजा ने इस बार 4 सौ पार का दावा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में इस बार कांग्रेस मुक्त छत्तीसगढ़ की लहर है।

# जांजगीर चांपा लोकसभा से प्रत्याशी कमलेश जांगड़े की नामांकन रैली में सम्मिलित हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल




पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल जांजगीर चांपा लोकसभा से प्रत्याशी कमलेश जांगड़े के नामांकन रैली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ सम्मिलित हुए। आज की इस ऐतिहासिक नामांकन रैली में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिलहा विधायक धरमलाल कौशिक पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सतनामी समाज के धर्मगुरु एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब पूर्व विधायक सौरभ सिंह संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव लोकसभा सह प्रभारी गुरुपाल सिंह भल्ला सांसद गुहाराम अजगले पूर्व सांसद कमला पाटले लोकसभा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े लोकसभा संयोजक कृष्णकांत चंद्रा जी लोकसभा सहसंयोजक डॉक्टर खिलावन साहू डॉक्टर दिनेश लाल जांगड़े जांजगीर जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल बलौदा बाजार जिला अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अध्यक्ष सुभाष जालान पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े संयोगिता सिंह जूदेव नेता लीलाधर सुल्तानिया गिरधर गुप्ता श्याम बाई साहू धनीराम धीवर अरुण झाझरिया अमर सुल्तानिया संजय रामचंद्र राम नरेश यादव प्रशांत ठाकुर सहित हजारों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता गण नामांकन रैली में सम्मिलित हुए।

# कलेक्टर ने मतदान दलों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने आज मतदान दलों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया तथा मतदान कर्मियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम उमेश साहू, जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी उपस्थित थे। द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जिला मुख्यालय में 16 से 19 अप्रैल तक आयोजित किया गया है। जिसमें वेडनर मेमोरियल स्कूल में 21 कक्षों में तथा केंद्रीय विद्यालय में 17 कक्षों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान कर्मिकों को मतदान के एक दिन पहले बूथों के लिए प्रस्थान करने से पहले बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। उन्होंने ईवीएम और वीवीपैट की बारीकियां बताते हुए मशीनों को मतदान के पहले बूथों पर संचालन व पीठासीन अधिकारी की ओर से मतदान शुरू होने से पूर्व मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में माकपोल संबंधी भी जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा चैलेंज वोट, टेंडर मत, मतदान शुरू होने के पहले और समाप्ति पर पीठासीन अधिकारी की ओर से की जाने वाली घोषणाएं, मतदाताओं के रजिस्टर आदि को पूरा किया जा रहा है या नहीं, इसकी भी जानकारी दी गई। मतदान खत्म होने के बाद स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही उन्होंने डाक मतपत्र तथा निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

# ग्रामीणों और जनता से बत्तीमीजी करने वाले भूपेश बघेल को लोकतांत्रिक तरीके से सबक सिखाने की जरूरतः सुरेंद्र टिकरिहा

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेंद्र टिकरिहा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा हैं जिसमें वो ग्रामीण की शिकायत पर भड़के नज़र आ रहे हैं उक्त वायरल वीडियो देखकर ही समझा जा सकता हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कितने गुस्से में है। कि हार की हताशा में छोटी-छोटी बातों पर अपने कार्यकर्ताओं पर आगबबूला हो रहें हैं। दरअसल भूपेश बघेल अपने चुनावी दौरे पर डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम बेलगांव गये थे। इसी बीच वहां उपस्थित ग्रामीणों ने क्षेत्र के विधायक की शिकायत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कर दी। इस पर भूपेश बघेल नाराज़ होकर ग्रामीणों से कहते हैं कि मेरे को बुलाएं हो तो मैं आया हूं उनकी बात मत करों। इस पर तंज कसते हुए। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेंद्र टिकरिहा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल काफी उग्र स्वभाव के है और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में मिली कांग्रेस को करारी हार के बाद से तो और भी बौखला गए हैं। ऊपर से कांग्रेस हाईकमान ने उनको राजनांदगांव लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित करके चुनावी रण में बिना उनकी इच्छा के उतार दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई दिग्गज कांग्रेसी नेता चुनाव लड़ना ही नहीं चाहते थे। कुछ ने तो हाईकमान को चुनाव नहीं लड़ने दो टूक कह दिया था? भूपेश बघेल पार्टी के दबाव में मजबूरन चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी वर्तमान सांसद संतोष पांडेय से भारी चुनौती का सामना करना पड़ रहा हैं। भूपेश बघेल के नामांकन पत्र दाखिल रैली में ही कांग्रेस के नेता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने भरे मंच से भूपेश बघेल को जमकर खरी खोटी सुनाई। इसके बाद कांग्रेस के ही वरिष्ठ नेता ने हाईकमान को पत्र लिखकर भूपेश बघेल की उम्मीदवारी पर ही सवाल उठाते हुए उन्हें हटाने की मांग तक यह कहकर कर दी कि भूपेश बघेल पर भ्रष्टाचार का आरोप है और इस मामले में उन पर एफआईआर भी दर्ज है। एक के बाद एक नेता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भूपेश बघेल पर निशाना साध रहे हैं। इसकी वजह से भूपेश बघेल की टेंशन बढ़ गई है। भाजपा नेता टिकरिहा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सलाह देते हुए कहा कि सबसे पहली बात क्रोध जीवन में आना ही नहीं चाहिए, दूसरी बात एक जनप्रतिनिधि को तो हमेशा ही शालीन आचरण और व्यवहार रखना चाहिए क्योंकि आप राजनीति में आए ही है जनसेवा के लिए। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन हैं। कुछ मीठे तो कुछ तीखे प्रश्न जनता के द्वारा किए जाते ही हैं। जिनका जवाब जनप्रतिनिधियों को बड़े ही धैर्य और संयम बरतते हुए शालीनता से देना चाहिए क्योंकि आज आप जिस जगह पर है वो जनता की ही देन हैं।

# अनुशासन व समय की पाबंदी स्काउट गाइड का अभिन्न हिस्सा : डॉ. यादव



पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट्स / गाइड्स (छ.ग.) के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य संगठन आयुक्त सी.एल चन्द्राकर की उपस्थिति में जिला बलौदा बाजार स्काउटर/गाइडर तथा जिला संघ के पदाधिकारियों की बैठक गुरूकुल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदा बाजार में सम्पन्न हुई। राज्य मुख्य आयुक्त ने स्काउट-गाइड द्वारा गुरूकुल के समक्ष प्रारंभ शीतल जल प्याऊ का अवलोकन किया। मुख्य आयुक्त का स्वागत गुरूकुल के स्काउट, गाइड ने तिलक लगाकर एवं आरती उतार कर किया। कलर पार्टी द्वारा गॉड ऑफ ऑनर देते हुए यादव एवं अन्य अतिथियों को बैठक स्थल तक ले जाया गया। स्कार्फ एवं बुके द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सरस्वती पूजन एवं प्रार्थना से बैठक का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव द्वारा अनुशासन, समय की पाबंदी व यूनिफार्म को स्काउट -गाइड का अभिन्न हिस्सा बताते हुए शत् प्रतिशत नियम का पालन करने कहा। राज्य पुरस्कार व अन्य शिविर हेतु भी आवश्यक निर्देश दिया गया। लीडर ट्रेनर खोडस राम कश्यप के द्वारा जिला में स्काउटिंग की गतिविधियों की जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला शिक्षा आयुक्त हिमांशु भारतीय ने सभी शासकीय, अशासकीय स्कूलों में स्काउट-गाइड के गतिविधियों को बढ़ाने एवं समाज में श्रेष्ठ नागरिक बनाने के लिए स्काउटिंग की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सहायक लीडर जगदीश साहू द्वारा लिखित किताब एड्स जागरूकता (दक्षता बैज) का विमोचन अतिथियों ने किया। बैठक में राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, रामाधार पटेल, पियुष मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, नरेश केशरवानी, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, जिला संघ के सभी पदाधिकारी, स्काउटर-गाइडर, स्काउट-गाइड के छात्र - छात्राओं सहित गुरूकुल के सभी स्टाफ उपस्थित थे।

# महासमुंद के कांग्रेस भवन में हुआ युवा सम्मेलन



पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

महासमुंद में युवा सम्मेलन हेतु भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी माननीय डॉ पलक वर्मा जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंदाकर प्रदेश उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस एवं महासमुंद लोकसभा प्रभारी विधि नामदेव प्रदेश महासचिव एवं महासमुंद जिला प्रभारी आस मोहम्मद खान प्रदेश सचिव चंदप्रकाश साहू उपस्थिति में महासमुंद जिला कांग्रेस के भवन में युवा सम्मेलन का कार्यक्रम हुआ है इस कार्यक्रम में विशेष रूप से बसना विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला एवं गीतेश चौधरी खिलेश ठाकुर दीपक श्रीवास भोजराज पटेल शिवम बारिक कविश साहू तोषकुमार जांगड़े कृष्णा साहू डागेंद्र साहू, हितेश ठाकुर दयानंद साहू तरुण साहू देवेश ध्रुव योगेश बारिक राकेश ठाकुर पोखराज ठाकुर ड्राविन भोई शिवा बरिहा अनुराग दीप अमन निर्मलकर अमन साहू आदि युवा कांग्रेस साथियों उपस्थित थे।

# महावीर भगवान की जियो और जीने दो के नारों के साथ जैन समाज की विशाल अहिंसा रैली निकली

## सत्य अहिंसा धर्म हमारा नवकार हमारी शान है महावीर जैसा नायक पाया जैन हमारी शान है दिनेश जैन

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ने महावीर जयंती के अवसर पर सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने सत्य अहिंसा धर्म हमारा, नवकार हमारी शान है, महावीर जैसा नायक पाया, जैन हमारी पहचान है, अरिहंत की बोली, सिद्दो का सार, आचायौ का पथ, अहिंसा का विचार, जय हो महावीर जयंती इसी विचार को संकल्प लेते हुए हम समस्त समाज के कल्याण में योगदान दे।

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई भगवान महावीर के जन्म उत्सव के अंतर्गत रविवार को शहर में चांदी की पालकी में विराजमान भगवान महावीर की पालकी निकाली गई थी शोभायात्रा दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के गांधी चौक बस स्टैंड बजरंग चौक सदर चौक नेहरू चौक से होकर मंदिर पहुंची सभी समाज के लोगों ने जुलूस का स्वागत कर बधाई दी बच्चे महिलाएं सड़कों पर भक्ति डांस एवं महावीर के उपदेशों के संदेश को को हर घर घर पहुंचने का संकल्प लिया। महावीर जयंती के अवसर पर बलौदा बाजार जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ने कहा भगवान महावीर जी का जियो और जीने दो के नारों के संदेश साथ शहर में हर्ष और उल्लास का माहौल था उन्होंने सभी से निवेदन किया अहिंसा परमो धर्म पूर्व जैन महिला मंडल अध्यक्ष ममता जैन ने कहा भगवान महावीर की सीख से हमें आगे बढ़ाने का संदेश मिलता है हम सबको मिल जुल कर रहना चाहिए।पूजा जैन ने कहा महावीर जयंती के अवसर पर सभी को महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। नेहरू चौक में पदम जैन द्वारा शरबत एवं मोतीलाल दीपचंद जैन फार्म के द्वारा शरबत पानी का आयोजन किया गया था।जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य इंद्र कुमार जैन पंडित धन प्रसाद जैन पदम जैन कपूर चंद जैन रमेश जैन दिनेश जैन अशोक जैन महेंद्र जैन पवन जैन अखिलेश जैन सुरेश जैन नरेंद्र जैन बाबूलाल जैन अनिल जैन विपिन जैन अनुराग जैन सुमित जैन ऋषभ जैन संदीप जैन नेहा आरती ममता मनाली मिलन तृप्ति शिल्पा डिंपल जैन एवं बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

# चन्दा देवी अग्रवाल का निधन



**सरायपाली।** नगर के व्यवसायी घांसी राम अग्रवाल (घस्सु) की धर्मपत्नी चंदादेवी अग्रवाल का 60 वर्ष की उम्र ने निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी । स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार में नगर के व्यापारी गणो, भाजपा जनों, आरएसएस व सरस्वती शिशु मंदिर के सदस्यों के साथ ही नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

# पूर्व शिक्षक साबिर हुसैन का निधन



**सरायपाली।** मुस्लिम समाज के वरिष्ठ नागरिक पूर्व शिक्षक साबिर हुसैन 84 वर्ष का निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था। वे सरायपाली मुस्लिम समाज के अध्यक्ष शाहिद हुसैन, जाकिर हुसैन, फिरोज हुसैन एवं पूर्व पार्षद गालिब हुसैन के पिता थे। मुस्लिम कब्रिस्तान में पूरे रीति रिवाज के साथ उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। उनके निधन पर सामाजिक जनों के अलावा अन्य समाज के लोग तथा उनके साथ रहे शिक्षक गण भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# लोनिवि के ईई, एसडीओ, इंजीनियर शासन एवं प्रशासन के साख को लगा रहे बट्टा

## जेल रोड कि सड़कों पर उड़ते धूल के गुबार, लोगों को कर रहे बीमार



पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

लोक निर्माण विभाग रामानुजगंज के ईई संतोष गुप्ता एसडीओ सुनील चौरसिया एवं इंजीनियर भूपेंद्र सिंह नेताम की लापरवाही के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश के शासन एवं प्रशासन के साख पर बट्टा लगाने का कार्य किया जा रहा है जबकि प्रत्येक सप्ताह जिला मुख्यालय बलरामपुर के कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित होने वाले टीएल के बैठक में बलरामपुर कलेक्टर के द्वारा निर्माण एजेंसियों को प्रत्येक सप्ताह समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया जा रहा है इसके बावजूद भी जनहित से जुड़े हुए कार्यों में संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने लापरवाही के कारण जनता को परेशानी में डालने का कार्य किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर सरहद क्षेत्र में दौरा पर आए हुए सरगुजा संभाग के कमिश्नर के द्वारा भी दौर के दौरान लोक निर्माण विभाग के ईई संतोष गुप्ता को सख्त निर्देश दिया गया था कि सड़क की व्यवस्था सुदृढ़ किया जाए ताकि चुनाव के समय गाड़ियों को आने जाने में किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके बाद भी लोक निर्माण विभाग लापरवाही बरोतने से बाज नहीं आ रहा है। जिसका खामीयाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जेल रोड मार्ग पर गड्ढों से राहत देने के लिए सड़क निर्माण भले ही किया जा रहा हो,लेकिन गिट्टी के ऊपर डामरीकरण न होने से वाहनों की आवाजाही से उड़ रही धूल में चलना मुश्किल हो रहा है। इससे लोग बीमार भीं हो रहे हैं। चालकों को धूल से दिखाई न देने पर दुर्घटनाएं होने का खतरा भी बना हुआ है। इसके बाद भी जिम्मेदार अनदेखा कर रहे हैं। सड़कों पर बिखरे गिट्टी के कारण चार पहिया वाहन तो दूर दो पहिया वाहन का चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क पर गिट्टी डालकर ऊंचा कर इतिश्री कर ली गई है। अब सड़क की उड़ती धूल से स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो गया है। श्वांस व एलर्जी के रोगियों को परेशानी हो रही है। घाव में इंफेक्शन होने का खतरा बना रहता है। सड़क पर पड़ी गिट्टी व धूल से वाहन चालकों को आगे का रास्ता दिखाई नहीं देता जिसके कारण आए दिन दुर्घटना की स्थिति निर्मित हो रही है। वही इस जेल रोड में संचालित होने वाले शासकीय दफ्तर में वन परिक्षेत्र विभाग,जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, फॉरेस्ट रेस्ट हाउस, स्नातकोत्तर महाविद्यालय सहित कई छात्रावास एवं विद्यालय, दूरसंचार विभाग, वेयरहाउस गोदाम, कृषि उपज मंडी विभाग, जिला जेल एवम न्यायालय कार्यालय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का निवास गृह सहित हजारों की संख्या में आम जनता निवास करती है। और प्रत्येक दिन इस मार्ग से बड़े वाहनों से लेकर छोटे वाहनों तक इस मार्ग से होकर गुजरते हैं वहीं हजारों लोग पैदल आना जाना कर रहे हैं।

इस मार्ग से होकर गुजरने वाले लोगों का दुर्भाग्य है कि उनको कई परेशानियों से होकर गुजरना पड़ता है। इसके बावजूद भी लोक निर्माण विभाग रामानुजगंज में बैठे अधिकारियों एवं कर्मचारीयो के कानपर जू तक नहीं रेंग रहा हैं। रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र बलरामपुर जिले का सबसे बड़ा शहर माना जाता है और यहां पर सारे प्रशासनिक तंत्र मौजूद हैं इसके बाद भी 2 किलोमीटर का सड़क 10 माह बाद भी कंप्लीट नहीं हो पाया। इसमें स्थानीय प्रशासन का भी बहुत बड़ा दोष माना जा सकता है जो कभी अपने चैंबर से निकलकर जनता जानदार के हितों में चल रहे कार्यो का निरीक्षण करना उचित नहीं समझते तनख्वा तो वह प्रत्येक माह ले रहे हैं लेकिन जनता का काम समय पर ना हो इससे उनका कोई सरोकार नहीं रह गया है? छत्तीसगढ़ राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद कई बड़े परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं लेकिन लोक निर्माण विभाग रामानुजगंज के लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियों की हरकतों में कोई सुधार नहीं हो रहा है जिसका खामियांजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### सड़क निर्माण से जानता मे जगी उम्मीद टूटी

सड़क का निर्माण शुरू हुआ तो लगा कि अब गड्ढों व हिचकोलों से राहत मिलेगी, लेकिन डामर न होने से धूल के गुबार उड़ने से दिखाई तक नहीं दे रहा है। सड़क पर उड़ रही धूल आंखों व अन्य बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। व्ही धूल से श्वांस व एलर्जी के रोगियों को परेशानी होती है। इसके अलावा खुले घाव में धूल के कणों से संक्रमण का खतरा बना रहता है। परलोक निर्माण विभाग कई बीमारियों के जन्म देने में लगा हुआ है इसके बावजूद भी शासन प्रशासन मौन साधे हुए हैं ? जो पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## तिल्दा के झोलाछाप डॉक्टर पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर मीडिया कर्मियों का संगठन मोर्चा खोलने की तैयारी में

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com




ग्राम पंचायत तिल्दा में कुछ अपराधिक छवि के व्यक्तियों के चलते यह गॉव आजकल छत्तीसगढ़ में खूब सुर्खियां बटोर रही है। पहले सुर्खियों की बात करें तो यहाँ रेत का अवैध खनन परिवहन बदस्तूर जारी है जिसको रोकने के लिए जिला खनिज शाखा के कमर्चारी नाकाबंदी के लिए डोंगरीडीह कसडोल मुख्य मार्ग पर लगातार चेकिंग करते हुए नजर आ रहे हैं फिर भी खनिज विभाग के कर्मचारियों को चकमा देकर रात्रि में खनन करने का सिलसिला जारी रहा।वहीं दूसरी सुर्खियों की बात करें तो गॉव के खेल मैदान को असामाजिक तत्वों के व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा किये जाने की मामला जोर पकड़ रहा है।तीसरी सुर्खियों की बात करें तो यहां एक झोलाछाप डॉक्टर है जो घर घर जाकर भोलेभाले ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है।तिल्दा निवासी झोलाछाप डॉक्टर की शिकायत पूर्व में ग्रामीणों के द्वारा जिला कलेक्टर के पास पहुंचा था।शिकायत पहुँचने की जानकारी लगते ही झोलाछाप डॉक्टर अपने इंजेक्शन, दवाओं एवं टेबलेट को घर से दूर दूसरों के यहाँ छिपाकर रखते थे जिसके चलते जब भी छापामार कार्रवाई के लिए विभागीय टीम पहुँचता था आरोपी झोला छाप डॉक्टर घर से गायब रहता था।कोरोना महामारी के समय भी तिल्दा के झोलाछाप डॉक्टर का इलाज पानी जारी रहा जिसकी शिकायत पूर्व में ग्रामीणों ने सख्त कार्रवाई एवं अपराध दर्ज करने की मांग किये थे।लेकिन अब इस मामले को लेकर मीडिया कर्मी जिला कलेक्टर, चुनाव आयोग, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी सहित मुख्यमंत्री के पास शिकायत कर गिरफ्तारी की मांग के लिए सामने आने की बात छत्तीसगढ़ न्यूज़ साइट को मिला है।आपको बताते चलें कि तिल्दा के झोलाछाप डॉक्टर की इलाज पानी की कुंडली खंगाला जाए तो न जाने कितने लोग इनके गलत इलाज के चलते असमय काल के गाल में समा गए होंगे।सम्पूर्ण तथ्य सूक्ष्मता से जाँच एवं कार्रवाई से प्रमाणित हो सकता है।मीडिया कर्मियों ने भी कार्रवाई किये जाने की मांग कर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि तिल्दा के झोला छाप डॉक्टर के चलते स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों में गलत संदेश जा रहा है।दबे पांव स्वास्थ्य संगठन भी चाह रहा है कि तिल्दा के झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई सुनिश्चित हो।

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी

पायनियर संवाददाता ◄ महासमून्द
www.dailypioneer.com




प्रेसवार्ता मे छबि सिन्हा,गुड्डू सिन्हा आनन्द साहू, विजय महंतो, धनेंद्र चंद्राकर देवेंद्र दुबे, रामेश्वर गोलू साहू, साहिल गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, सुमन सेंद्रे, राजेंद्र शर्मा,खुबचंद्र शर्मा हुकुम शर्मा के अलावा सर्व हिंदू समाज व बजरंग दल के पदाधिकारी ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल महासमुन्द द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर धर्मनगरी महा महासमुन्द में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा 17 साल बेमिसाल की स्वागतोत्सव में पुनः 23 अप्रैल को निकलेगी। जिसमें मंत्रोचारण ध्वनि के एक विशेष अंदाज में ढोल पथक का वादन होगा व महाकाल स्वरूप अघोरी नृत्य होगा तथा अघोरी नृत्य विस्तृत रूप में शानदार प्रदर्शन होगा। अपने मिक्सिंग के विशेष अंदाज में छ.ग. के प्रसिद्ध डी.जे द हण्टर का जबदस्त लाईट इफेक्ट के साथ भक्तिमय गीत संगीत का प्रदर्शन होगा। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या की चलित झांकी एवं अयोध्या में विराजमान मूर्ति की झांकी, राधारानी की झांकी, हनुमान जी की झांकी, नंदी पर सवार शिवजी की झांकी, नवरूप दुर्गा माता का विशेष दर्शन होगा, काली माता के विकराल रूप का दर्शन होगा, बच्चों के द्वारा रामसीता की झांकी, दुर्गावाहिनी बहनों के द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन, अयोध्या में वापस आते हुए प्रभु श्रीरामचन्द्र एवं माता सीता झांकी एवं हनुमान जी एवं वानर सेना सहित, छ.ग. के लोक परम्परा को ध्यान में रखते हुए राऊत नाचा का प्रदर्शन होगा आप सभी का इस शोभायात्रा में महासमुन्द शहर में हार्दिक अभिनंदन है। यह शोभायात्रा 5 किलोमीटर तक लम्बी होगी यह शोभायात्रा श्रीरामजानकी मंदिर गांधी चौक से प्रारंभ होकर नीलकंठ चौक, विठोबा टॉकिज, अम्बेडकर चौक, स्वामी चौक, नेहरू चौक, कचहरी चौक सहित शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए मां दुर्गा मंदिर बरोण्डा चौक में समापन होगा। बजरंग दल महासमुन्द द्वारा नकुल दीढ़ी उद्यान के समीप दिनभर भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

## सायकल से अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करके लौटे महेश नागवंशी को किया विधायक गोमती साय ने किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले के कांसाबेल विकासखंड एवं पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बटईकेला निवासी भाजपा कार्यकर्ता युवक महेश नागवंशी अपने निवास स्थान से साइकिल से अयोध्या जाकर प्रभु रामलला के दर्शन करके आने पर पत्थलगांव विधायक गोमती साय उनके गृह ग्राम पहुंच कर उन्हें गमछा पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। महेश नागवंशी ने बताया कि उन्होंने अपनी अयोध्या साइकिल यात्रा 9 दिनों में पूरी की। ओर उन्हें प्रभु राम के दर्शन कर अपार आनन्द की अनुभूति हुई। कांसाबेल भाजपा मंडल अंतर्गत ग्राम कछार में विजय साय के बेटी की शादी में शामिल होकर बिटिया को सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी।

## उप जेल में कैदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिए सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा द्वारा जिला जेल में बंदियों के लिए सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है,शिविर में बी. के. शशि बहन ने प्रथम दिवस सभी को स्वयं की पहचान, आत्मा का ज्ञान, मन में विचारों के 4 प्रकार, बुद्धि के कार्य, संस्कारों का प्रभाव तथा राजयोग अभ्यास से फायदे की जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि आप सभी श्रेष्ठ आत्माएं हो, जिनको श्रेष्ठ कर्म करने के लिए परमात्मा ने इस सृष्टि रूपी रंगमंच पर भेजा है। व्यक्ति की पहचान उसके कर्मो से होती है। सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए संस्कारों को श्रेष्ठ बनाने की विधियां बताई गई जिसको अपना कर हम अपने जीवन में सहज ही संस्कार परिवर्तन कर सकते हैं क्योंकि संस्कार परिवर्तन से ही संसार परिवर्तन होगा कहा भी जाता है संकल्प से सृष्टि रची जाती है जैसा सोच वैसा जीवन तो हम पॉजिटिव सोचकर अर्थात मन पर अटेंशन देकर अपने श्रेष्ठ संस्कार बना सकते हैं क्योंकि जो कुछ भी मेरे साथ अच्छा या बुरा हो रहा है इसका दोषी कोई और नहीं वह मैं स्वयं हूं तो स्वयं को खुश एवं संतुष्ट रख श्रेष्ठ कर्म करने की जिम्मेवारी हम स्वयं लें कहा भी जाता है स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन आज यदि हर व्यक्ति अपने मन को सही दिशा प्रदान करें तो उसके बोल और कर्म निश्चित ही श्रेष्ठ होंगे इसलिए कहा जाता है जैसा बीज वैसा फल। उक्त विचार ब्रह्मकुमारीज़ बेमेतरा द्वारा जिला जेल परिसर में बंदी भाईयों के जीवन उत्थान के लिए आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय ब्रह्माकुमारिज़ की सेवाकेंद्र प्रभारी बी.के. शशि बहन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर लगभग 100 बंदियों सहित जिला जेल स्टाफ सम्मिलित हुए, सभी ने मेडिटेशन कर बहुत-बहुत आत्मिक शांति एवं खुशी का अनुभव किया और आगे यह राजयोग शिविर प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से 10:00 बजे तक चलेगा जिसका लाभ सभी कैदी भाई ले सकेंगे एवं अपने जीवन को एक श्रेष्ठ दिशा की ओर मोड़ सकेंगे।

## पुलिस प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

### सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 2 रायगढ़ के लिए नियुक्त किए गए पुलिस प्रेक्षक मुख्तार मोहसिन ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक मॉडल स्कूल डोडकाचौरा में बनाए गए स्ट्रांग रूम तथा मतगणना स्थल स्थल का निरीक्षण कर लोकसभा आम निर्वाचन से जुड़े तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम, मतगणना कक्ष एवं सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया की तीनो विधान सभा के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम के सामने एवं कॉरिडोर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इसके साथ सिक्योरिटी हेतु फोर्स तैनात किया गया है।

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, कंट्रोल रूम, बिजली, पानी, सीसीटीवी, बैरिकेट्स, फायर ब्रिगेड सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा सीसीटीवी के एंगल का अवलोकन किया और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, एसडीएम प्रशांत कुशवाहा, पुलिस विभाग के आला अधिकारी एवं निर्वाचन शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे।

## तिल्दा में महानदी किनारे के खेल मैदान को दो व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर रखा है, एक ने पक्का मकान तो दूसरे ने तार से घेर रखा है

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com




कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में कुछ अपराधिक एवं असामाजिक तत्वों के व्यक्तियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह रेत की अवैध खनन से लेकर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान एवं तार से घेर कर खेल मैदान को अतिक्रमण कर रखा है। जिसके चलते गॉव के युवा वर्ग खेल मैदान से वंचित हो गए हैं।अवैध कब्जा को हटाकर बच्चों के नाम खेल मैदान सुरक्षित कर पट्टा जारी करने की मांग जोर पकड़ रहा। अवैध कब्जा कर पक्की मकान बनाने वाले आरोपी बरसात पुर्व सैकड़ों ट्रक अवैध रूप रूप से रेत डंपिंग कर प्रशासन को हर साल लाखों की चुना लगाते आ रहा है। शिकायत करने वाले ग्रामीणों एवं मीडिया कर्मियों को घर जाकर धमकी चमकी मारने पीटने पर उतारू होने की लगातार मामला सामने आ रहा है। गॉव के लोगों को गुमराह कर बिना सदस्यता ग्रहण किये भाजपा कार्यकर्ता हूँ कहकर ग्रामीणों को डराने एवं देख लेने की बात कहने की बातें निकल कर सामने आ रहा है। महानदी किनारे जिन दोनों व्यक्तियों ने अवैध कब्जा कर रखा है वह भूमि खेल मैदान की पुरानी अवस्था में लौटने की राह देख रहा है, जिसके लिए तहसीलदार, जिला प्रशासन की न्याय के लिए प्रतीक्षा कर रहा है। उक्त मामले की शिकायत मीडिया कर्मियों एवं गॉव के ग्रामीणों के द्वारा अवैध कब्जा हटाकर खेल मैदान सरंक्षित करने की पहल आने वाले समय मे दिखाई दे सकते हैं। सूत्रों की माने तो दोनों अवैध कब्जा धारियों का गांव के बस्ती में पहले से मकान है फिर शासकीय भूमि को अवैध कब्जा कर खेल मैदान को ग्रहण लगाने की क्या जरूरत पड़ गई है। गांव में ऐसे बहुत सारे गरीब है जिसके पास सिर छिपाने के एक कमरे का जमीन तक नहीं है और ऐसे अवैध कब्जा धारी लोग शासन की कई डिसमिल जगह पर हक जताए बैठे हुए हैं। दोनों अवैध कब्जा धारी व्यक्तियों के खिलाफ, ग्रामीण एवं मीडिया कर्मियों ने तहसीलदार, एस डी एम ,जिला कलेक्टर, राजश्व मंत्री एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पास शिकायत करने की मन बनाने की बात सामने आ रहा है। अब देखना यहि होगा कि उक्त खेल मैदान अपने अस्तित्व में कब वापसी करेगा और दोनों कब्जा धारियों के खिलाफ शिकायत शासन प्रशासन के पास कब पहुंचेगा। फिलहाल खबरों पर नजरें सभी की टिकी हुई है।क्या खेल मैदान कहे जाने वाले भूमि दोनों अवैध कब्जा धारियों के चंगुल से मुक्त हो पायेगा, क्या शासन प्रशासन बुलडोजर चलाएगा क्या बच्चों को खेल मैदान नसीब हो पाएगा आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम दिखाई देने के शत प्रतिशत आसार हैं।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इस वर्ष अप्रैल-2023 से अभी तक 12 महीनों में 67 लाख से भी अधिक यात्रियों ने 'यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप' से रेल यात्रा टिकटों की बुकिंग की

## समय बचाएं और लाइन में लगने से बचें,"यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप" का करें उपयोग

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस श्रृंखला मं ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा के बाद मोबाइल से ऐप द्वारा जनरल टिकट खरीदने की सुविधा यात्रियों को दी गई है। इस सुविधा से यात्रियों को स्टेशन पर आकर टिकट काउंटर से लाइन में खड़े होकर टिकट खरीदने की जरूरत अब नहीं है। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप को यात्रियो का अच्छा रिस्पॉन्समिल रहा है एवं दिनों-दिन इस सुविधा के उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है । वित्तीय वर्ष 2023-24 मे दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे ने लगभग 5 करोड़ 21 लाख यात्रियों ने यूटीएस एप्प के माध्यम से अनारक्षित टिकिट बुक किया। मार्च 2024 के महीने मे दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे ने 43 लाख से भी ज़्यादा अर्थात 20.72 प्रतिशत से भी अधिक यात्रियों ने अनारक्षित टिकिट बूकिंग यूटीएस एप्प के माध्यम से भी जो की पूरे भारतीय रेलवे मे सर्वाधिक रही। यात्रियों को टिकट काउण्टरों में लगने वाली लाइनों से निजात दिलाने, शीघ्र टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से घर बैठे यात्रा टिकट बुकिंग के साथ साथसीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने हेतु यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है । यात्री अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड करके घर बैठे आसानी के साथ त्वरित अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट(एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं । इस मोबाइल ऐप के माध्यम से प्लेटफॉर्म टिकट भी प्राप्त किये जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि स्टेशन से दूर रहने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसके दायरे को बढ़ाकर 25 किमी भी कर दिया गया है, अर्थात यात्रीगण स्टेशन से 25 किमी की दूरी से भी इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं । इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल' 2023 से मार्च' 2024 तक कुल अनारक्षित टिकटों की बूकिंग में 13 प्रतिशत से भी अधिक यात्रा टिकट यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप (UTS on Mobile app) के माध्यम से खरीदे गए, जिसमें लगभग 67 लाख से भी अधिक रेल यात्रियों ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप (UTS on Mobile app) के द्वारा अनारक्षित टिकट की खरीदी कर यात्रा की। रेलवे प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है कि त्वरित घर बैठे आसानी से इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट(एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने की इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठावें। यूटीएस मोबाइल ऐप द्वारा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने के तरीके - • गूगल प्ले स्टोर, एप्पल स्टोर से यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड करें तथा रजिस्ट्रेशन हेतु साइन अप करें। •लॉगिन आई.डी. मोबाइल नं. रजिस्टर्ड करें तथा मेसेज के द्वारा प्राप्त चार अंकों के पासवर्ड का उपयोग करें। ज़ टिकटों के प्रकार का चयन करें। (यात्रा टिकट, सीजन टिकट, प्लेटफार्म टिकट तथा यात्रियों की संख्या) ज़ टिकट के भुगतान हेतु R-Wallet का उपयोग करें। R-Wallet को डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यू.पी.आई जैसे पेटीएम, गूगल-पे, फोन पे आदि अथवा यू.टी.एस. काउण्टर द्वारा रिचार्ज किया जा सकता है। •R-Wallet के अलावा डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यू.पी.आई द्वारा भी भुगतान किया जा सकता है। हमारे देश में भारतीय रेल को सस्ता, सुगम, सुरक्षित, एवं आरामदायक यात्रा के लिए पहचान मिला है। रेल यात्रियों के द्वारा परिवहन के साधन के रूप में भारतीय रेल पर सर्वाधिक विश्वास और भरोसा है और इस विश्वास को रेल द्वारा भी पर्याप्त सम्मान दी जाती है । यात्रियों द्वारा जताये गए इस विश्वास पर रेलवे कई दशको से खरा उतर रही है । नवीन तकनीको को निरंतर अपना कर भारतीय रेलवे अपने यात्रियों की हर सुख सुविधा का ख्याल रखती आ रही है। यही कारण है कि भारतीय रेलवे को आज देश की जीवन रेखा कहा जाता है । यात्री सुविधाओं में डिजिटलीकरण का समावेश हमेशा से रेलवे का लक्ष्य रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सभी यात्रियों से अनुरोध करती है कि वे यात्रा टिकटों की खरीदी के लिए इन सुविधाओं का उपयोग कर अपनी यात्रा को सुगम बनाएं।

## नेतनागर में अवैध विक्रय के लिए महुआ शराब रखी महिला पर पुलिस ने की कार्रवाई

### आरोपित महिला से बरामद हुआ 10 लीटर महुआ शराब किया गया जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज थाने के उप निरीक्षक अमृत लाल साहू, प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी, आरक्षक समीर बेक और महिला आरक्षक देव कुमारी भारते के साथ मानईर एक्ट की कार्रवाई के लिए पेट्रोलिंग पर थे। इसी दरम्यान मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम नेतनागर में संतोषी नाम की महिला अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री के लिए अपने घर परछी में रखी है। सूचना पर तत्काल जूटमिल पुलिस द्वारा गवाहों के साथ ग्राम नेतनागर में शराब रेड कार्यवाही कर महिला संतोषी बसोड़ (उम्र 45 वर्ष) साकिन नेतनागर थाना जूटमिल रायगढ़ को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 02 लीटर क्षमता वाली 05 नग प्लास्टिक कोल्ड्रींग बाटल में भरा महुआ शराब करीब 10 लीटर कीमत 1,000 रुपए का जप्त किया गया है। आरोपित महिला के कृत्य पर थाना जूटमिल में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्रवाई किया गया है।



## 14 साल बाद थ्रिलर फिल्म में साथ में दिखेंगे

# ममूटी और पृथ्वीराज सुकुमारन



दक्षिण भारत के कमाल के अभिनेताओं के सूची ममूटी के नाम के बिना हमेशा अधूरी रहेगी। मलयालम सुपरस्टार ममूटी अपने अभिनय के दम पर ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उनके प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों पर नजर टिकाए बैठे रहते हैं। ममूटी के प्रशंसक उनकी कोई भी फिल्म छोड़ना नहीं चाहते। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ममूटी जल्द ही पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ एक फिल्म में नजर आ सकते हैं। यह एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें दो बड़े सुपरस्टार एक साथ दिखेंगे। कहा जा रहा है कि ममूटी और पृथ्वीराज इस फिल्म में हीरो और विलेन की भूमिका अदा करने जा रहे हैं। इस फिल्म को एक नए निर्देशक द्वारा बनाने की भी चर्चा चल रही है। वहीं, इसका निर्माण एंटो जोसेफ कर सकते हैं। ऐसी खबर है कि इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो 14 साल के लंबे अंतराल के बाद दर्शकों को ममूटी और पृथ्वीराज सुकुमारन को एक साथ देखने का मौका मिलेगा। दोनों ने आखिरी बार एक साथ साल 2010 में काम किया था। वे फिल्म पोक्किरी राजा में नजर आए थे। ममूटी की पिछली फिल्म ब्रह्मयुगम सुपर हिट साबित हुई थी। वहीं, पृथ्वीराज सुकुमारन ने फिल्म द गोट लाइफ में दमदार अभिनय किया था। यह एक सर्वाइवल ड्रामा फिल्म है, जिसमें उन्होंने नजीब का किरदार निभाया है। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। हाल ही में, उनकी हिंदी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां भी रिलीज हुई है।



# सीरीज हीरामंडी में अपने किरदार पर बोलीं ऋचा

संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी – द डायमंड बाजार में ऋचा चड्ढा 'लज्जो' के किरदार में नजर आएंगी। एक इंटरव्यू के दौरान ऋचा ने बताया कि उन्होंने अपने किरदार पर काम करने के लिए दिवंगत एक्ट्रेस मीना कुमारी से प्रेरणा ली थी। दरअसल, फिल्म पाकीजा में मीना कुमारी ने शााहिबजान का किरदार निभाया था। ये किरदार हीरामंडी के किरदार लज्जो से मिलता जुलता है। मीना कुमारी को देखने की सलाह ऋचा को खुद संजय लीला भंसाली ने दी थी। ऋचा चड्ढा ने कहा– हीरामंडी की शूटिंग से पहले पाकीजा में मीना कुमारी जी के किरदार को ध्यान से देखना, सीखना और उससे सबक लेना मेरे लिए काफी मददगार साबित हुआ। दोनों किरदारों में समानता बताते हुए ऋचा ने कहा– फिल्म पाकीजा में मीना कुमारी के किरदार में जो दुख और गहराई है, वो मेरे किरदार लज्जो से मेल खाता है। मैंने मीना जी का काम देखकर उनकी आवाज और डिक्शन पर काम किया। कभी–कभी मुझे ऐसा लगता था जैसे मैं एक लीजेंड एक्ट्रेस के नक्शेकदम पर चल रही हूं। उन्होंने कहा कि लज्जो के किरदार से मीना कुमारी जी को श्रद्धांजलि देना सम्मान की बात है।

### हीरामंडी तवायफों के जीवन को उजागर करती है

पाकिस्तान के शाही मोहल्ले हीरामंडी पर आधारित इस सीरीज में प्यार, पावर और आजादी की जंग देखने को मिलेगी। यह सीरीज लाहौर में बसे शाही मोहल्ले हीरामंडी के तवायफों के जीवन को उजागर करती है। इसमें देश की आजादी के दौरान तवायफों की जीवनशैली और उनके संघर्ष के बारे में दिखाया गया है। यह सीरीज उस दौर में लेकर जाएगी, जब हमारा देश आजादी के लिए लड़ाई लड़ रहा था।

### हीरामंडी के ट्रेलर में क्या दिखाया गया है

सीरीज हीरामंडी – द डायमंड बाजार के ट्रेलर में दिखाया गया है कि हीरामंडी में मल्लिका जान (मनीषा कोइराला) अकेली है, जो उच्च श्रेणी की तवायफों के घर पर राज करती है। मल्लिका जान बिना किसी डर के अपना राज चलाती है, लेकिन एक दिन उसके पुराने दुश्मन की बेटी फरीदन (सोनाक्षी सिन्हा) के आने से तनाव का माहौल पैदा होने लगता है। शहर में भी उथल–पुथल मची हुई है, क्रांतिकारी ब्रिटिश शासन से भारत की आजादी की मांग कर रहे हैं। मल्लिका जान की बेटियों में से एक बिब्बो जान (अदिति राव हैदरी) आजादी की लड़ाई में शामिल हो रही है। इस बीच मल्लिका जान की सबसे छोटी बेटी आलमजेब (शर्मिन सहगल) एक नवाब (रईस) के बेटे ताजदार (ताहा शाह बदुशा) के साथ प्यार का सपना देखती है और हीरामंडी से बाहर निकलना चाहती है। संजय लीला भंसाली की हीरामंडी – द डायमंड बाजार साल की मच अवेटेड वेब–सीरीज में से एक है। यह सीरीज 1940 के दशक में ब्रिटिश राज के खिलाफ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लाहौर के हीरामंडी के रेड–लाइट एरिए में वेश्याओं के जीवन को उजागर करेगी। सीरीज का डायरेक्शन संजय लीला भंसाली और मिताक्षरा कुमार ने किया है। इस सीरीज के जरिए संजय लीला भंसाली ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला , अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, अध्ययन सुमन, शेखर सुमन, फरदीन खान, संजीदा शेख और ताहा शाह बदुशा की मुख्य भूमिकाएं हैं।

# अदिति भगत ने उड़ारियां में सीखा ऑन-स्क्रीन रोमांस



शो उड़ारियां में आसमा का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस अदिति भगत ने बताया कि इस शो ने उन्हें ऑन–स्क्रीन रोमांस करना सिखाया है। अदिति ने बताया कि वह शो में पहली बार रोमांटिक सीन कर रही हैं और वह स्वीकार करती हैं कि कभी–कभी उन्हें ऐसा करना मजेदार भी लगता है। उन्होंने कहा, उडारियां ने मुझे सिखाया कि ऑन–स्क्रीन रोमांस कैसे किया जाता है। मैं मजाक नहीं कर रही हूं, ऐसे सीन को शूट करना बहुत मुश्किल है क्योंकि कभी–कभी मुझे सीधा चेहरा बनाए रखना मुश्किल लगता है लेकिन एक कलाकार के रूप में आपको किसी भी दृश्य को करने के लिए तैयार रहना पड़ता है और मुझे लगता है कि मैं उसमें महारत हासिल कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा, मुझे फाइट सीक्वेंस करने में भी मजा आ रहा है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं टीवी पर एक्शन सीन करूंगी। एक्ट्रेस रोजाना सेट पर आने को आतुर रहती हैं। वह कहती हैं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्हें अपना काम इतना पसंद है कि अगर संभव हुआ तो वह सेट पर ही रहेंगी। अदिति ने कहा, मुझे अपने काम से प्यार है। हर दिन जब मैं उठती हूं, तो मेरा दिल कृतज्ञता से भरा होता है, और इतने लोकप्रिय शो में मुख्य भूमिका निभाने के लिए मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि मेरे काम के प्रति मेरे मन में जो प्यार है, वह मुझे हर दिन काम पर आने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आगे कहा, मैं यहां चंडीगढ़ में शूटिंग के लिए अपने परिवार से दूर हूं और मेरा काम का शेड्यूल वास्तव में इतना व्यस्त है कि कभी–कभी मैं कई दिनों तक अपनी मां से बात भी नहीं करती हूं। उड़ारियां कलर्स पर प्रसारित होता है।





# फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आएंगे राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी

राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी एक साथ स्क्रीन पर नजर आने वाले हैं। फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में दोनों की जोड़ी देखने को मिलेगी। कुछ समय पहले ही फिल्म की अनाउंसमेंट की गई थी। फिल्म का डायरेक्शन राज शांडिल्य करेंगे। राज शांडिल्य ने इससे पहले ड्रीम गर्ल और ड्रीम गर्ल 2 जैसी कॉमेडी फिल्मों का डायरेक्शन किया है। ये एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। इस मूवी की अनाउंसमेट के बाद से हर कोई इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी स्टारर ये फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। इस नई जोड़ी को देखने के लिए दर्शकों में खूब एक्साइटमेंट है। रिपोर्ट्स की मानें तो, मेकर्स ये दावा कर रहे हैं कि 97 प्रतिशत ये फिल्म एक फैमिली मूवी होगी, जो आपको 1990 के दशक में वापस ले जाएगी।

### राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी के वर्कफ्रंट

राजकुमार राव जल्द ही फिल्म श्रीकांत- आ रहा है सबकी आंखें खोलने में नजर आएंगे। एनिमल से चर्चा में आई तृप्ति डिमरी, कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'भूल भुलैया–3' में बतौर एक्ट्रेस नजर आएंगी। यह फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होनी है। इसके अलावा तृप्ति, विक्की कौशल के साथ 'बैड न्यूज' में भी दिखाई देंगी। इस फिल्म का डायरेक्शन आनंद तिवारी करेंगे।

# सलमान खान अगले महीने शुरू करेंगे सिकंदर की शूटिंग



सलमान खान ने ईद के मौके पर फैंस को ईदी दी थी। अपनी नई फिल्म सिकंदर का ऐलान किया था। अब खबर है कि घर पर हुए हमले के बावजूद भाईजान ने अपने शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं किया है। वो अगले महीने से मुरुगादॉस के साथ इसकी शूटिंग करने जा रहे हैं। मुंबई के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में फायरिंग के बाद सलमान खान की सुरक्षा और ज्यादा बढ़ा दी गई है। इस हमले के बावजूद सलमान ने अपने किसी भी प्लान को कैंसिल नहीं किया और टीम को सारे शेड्यूल जारी रखने के लिए कहा। अब ये रिपोर्ट सामने आ रही है कि सलमान अगले महीने से अपकमिंग मूवी सिकंदर की शूटिंग शुरू करेंगे। इस फिल्म का डायरेक्शन मुरुगादॉस करेंगे, जो इस समय तमिल स्टार शिवकार्तिकेयन के साथ एक्शन मूवी (अभी फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है) की शूटिंग कर रहे हैं। अगले दो महीनों के लिए वो हिंदी और तमिल प्रोजेक्ट्स को अपना समय देंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिकंदर के फ्लोर पर जाने से पहले मुरुगादॉस एसके23 के ज्यादातर हिस्से को पूरा करना चाहते हैं। मई में सिकंदर का पहला शेड्यूल शूट करने के बाद, वो जून में शिवकार्तिकेयन की फिल्म खत्म करने के लिए वापस जाएंगे। जुलाई से वो पूरी तरह से सलमान की फिल्म को अपना समय देंगे।



# इम्तियाज अली ने चमकीला की कास्टिंग पर की बात

**फिल्म डायरेक्टर इम्तियाज अली ने कहा है कि उन्होंने फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ को इसलिए कास्ट किया क्योंकि वो पैसे बचाना चाहते थे। बिहाइंड द सीन वीडियो में इम्तियाज के अलावा दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा ने भी फिल्म में काम करने के अपने एक्सपीरियंस शेयर किए। सबसे पहले इम्तियाज ने कहा, इस फिल्म में हम एक एक्टर को एक काम के लिए हायर नहीं कर रहे थे।**

मैं एक्टर और सिंगर दिलजीत को कास्ट करके कास्टिंग में अपने पैसे बचा रहा था। फिल्म का थ्रिल इसका म्यूजिक है। इम्तियाज अली ने ये भी बताया कि फिल्म में उन्होंने दिलजीत और परिणीति के लिए लाइव सिंगिंग को कैसे पॉसिबल बनाया।

उन्होंने कहा, हमने उनके लिए पूरा बैंड बना दिया था तो वो सच में लाइव सिंगिंग कर रहे थे जिसे हमने ऑन–स्क्रीन जीवंत कर दिया। हमने बैकग्राउंड म्यूजिशियन बुलाए जिनके साथ दिलजीत और परिणीति ने तीन–चार दिन तक गाने गाए और इसी दौरान कुछ चीजें लाइव रिकॉर्ड कर लीं।

### लगता था चमकीला हमारे आसपास मौजूद हैं



फिल्म में अमर सिंह चमकीला का किरदार निभाने पर दिलजीत बोले, फिल्म की कहानी म्यूजिक के इर्द–गिर्द घूमती है और म्यूजिक मेरे लिए भगवान है। इस फिल्म के जरिए मैं भगवान के और करीब आ गया। मुझे हमेशा लगता था कि चमकीला सेट पर हमारे आसपास मौजूद हैं।

### लाइव सिंगिंग चैलेंजिंग थी

परिणीति ने अमर सिंह चमकीला की वाइफ अमरजोत का किरदार निभाने पर कहा कि फिल्म के लिए लाइव सिंगिंग करने का एक्सपीरिएंस बहुत अलग था। ये काफी हाई स्केल पर था और उस स्केल पर गाना और एक्टिंग करना मेरे लिए बहुत ही चैलेंजिंग बात थी जो कि मैंने पहले कभी नहीं की थी। फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर ए.आर रहमान ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ करते हुए उन्हें



सुपरस्टार कहा। साथ ही परिणीति को अंडररेटेड सिंगर करार दिया और कहा कि वो बतौर सिंगर भी काफी टैलेंटेड हैं।

### 12 अप्रैल को रिलीज हुई है फिल्म

फिल्म अमर सिंह चमकीला नेटफ्लिक्स पर 12 अप्रैल को रिलीज हुई है। ये फिल्म पंजाब के फोक सिंगर अमर सिंह चमकीला पर बनी है। लुधियाना के छोटे से गांव धुबरी में जन्मे अमर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, प्रेम–प्रसंग, पति–पत्नी के रिश्तों पर गाने बनाते थे। उनके ये गाने पंजाब की शादियों की पहली पसंद हुआ करते थे। फिल्म में चमकीला का किरदार दिलजीत दोसांझ ने निभाया है जबकि उनकी पत्नी अमरजोत के रोल में परिणीति चोपड़ा हैं।

# होम वोटिंग से बुजुर्ग द्रौपदी, रामबाई एवं दिव्यांग चन्द्रकांता का मतदान करने का सपना हुआ साकार

## नई व्यवस्था को बताया अंत्यत कारगर, निर्वाचन आयोग का माना हृदय से आभार



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

देश के प्रत्येक मतदाताओं का मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए होम वोटिंग की सुविधा अपने शारीरिक असमर्थता एवं वृद्धावस्था के कारण मतदान केन्द्र तक पहुँच पाने में असमर्थ मतदाताओं के लिए अत्यंत कारगर साबित हो रहा है। भारत निर्वाचन आयोग की इस नई व्यवस्था के फ्लस्वरूप अनेक बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाता अपने घर में ही अपने मताधिकार का प्रयोग आसानी से कर पा रहे हैं। आयोग के इस नई व्यवस्था के चलते बालोद जिले के मतदाताओं ने भी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत रविवार को आसानी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है। इसके अंतर्गत जिले के बालोद ब्लॉक के ग्राम परसाही के 90 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता द्रौपदी कंवर एवं ग्राम ओरमा निवासी 87 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता राम बाई साहू तथा ग्राम खपरी निवासी दिव्यांग मतदाता चंद्रकांता सोनवानी ने आसानी से अपने घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। भारत निर्वाचन आयोग के इस नई व्यवस्था को अत्यंत कारगर एवं उपयोगी बताते हुए इन मतदाताओं एवं उनके परिजनों ने निर्वाचन आयोग की इस पहल की भूरी-भूरी सराहना की है।

### निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की

भारत निर्वाचन आयोग के इस व्यवस्था की सराहना करते हुए बालोद ब्लॉक के ग्राम परसाही की बुजुर्ग मतदाता द्रौपदी बाई के पुत्र योगराज कंवर ने आयोग की इस नई व्यवस्था को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए इस नई व्यवस्था के फलस्वरूप अब देश का कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित नही होगा। इसी तरह निर्वाचन आयोग की इस नई व्यवस्था की सराहना ग्राम ओरमा की बुजुर्ग मतदाता राम बाई साहू की पुत्री कुमारी बाई ने भी की है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए होम वोटिंग की सुविधा के फलस्वरूप चलने-फिरने में पूरी तरह से असमर्थ उनकी माता रामबाई अपने घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर पा रही हैं। जो कि हमारे लिए अत्यंत यादगार क्षण होगा। इसी तरह ग्राम खपरी के दिव्यांग मतदाता चंद्रकांता सोनवानी को उनके गंभीर शारीरिक असमर्थता के बावजूद उनके घर पर ही मताधिकार के प्रयोग की सुविधा मिलने से उनके परिजन बहुत ही प्रसन्नचित है। निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना करते हुए दिव्यांग चंद्रकांता सोनवानी के पुत्र दिनेश सोनवानी ने इसे दिव्यांगों एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए अत्यंत सहयोगी एवं कारगर बताया है।

# स्वर्णकार समाज ने समाज के वरिष्ठजनों का किया सम्मान, दानदाताओं ने किया विशेष सहयोग

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



स्वर्णकार समाज ने अपने सामाजिक भवन में समाज के कुछ वरिष्ठ जनों के सामाजिक सम्मान करने का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आहूत किया जिसमें समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले तथा सामाजिक एकता में संबल प्रदान करने वाले वरिष्ठजनों का समाज के द्वारा शाल, श्रीफ्ल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। समाज के मीडिया प्रभारी निखिलेश शरण सोनी ने बताया, समाज के अध्यक्ष रमेश कुमार सोनी के मार्गनिर्देशन में सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश तथा स्वर्णकार समाज के पूज्यनीय अजमीढ़ जी महाराज के पूजन पश्चात अभिनंदन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठ बलदाऊ प्रसाद सोनी, गिरधर सोनी, राधेश्याम सोनी, दौवा प्रसाद सोनी, रमेश सोनी, विष्णु प्रसाद सोनी, नंदू सोनी, बिसाहू प्रसाद सोनी, प्रहलाद सोनी, गणेश सोनी (रिटा.वन), रामू सोनी, रमेश सोनी (शिक्षक), धन्ना सोनी, भरत सोनी (अधि.), संतोष सोनी, गोपाल सोनी, मोहन लाल सोनी, नंदकिशोर सोनी, घनश्याम सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, अशोक सोनी, राजेंद्र सोनी (लल्ला), सुदर्शन सोनी, छेदी प्रसाद सोनी, मधुसूदन सोनी, बुलाकी सोनी आदि का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार सोनी, गिरधर सोनी, बेदी प्रसाद सोनी, दिलेश्वर सोनी, नितिन सोनी, राजेंद्र सोनी, तथा बलदाऊ प्रसाद सोनी ने समाज को चंदे के रूप में आर्थिक सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन विशेष मार्गदर्शक राजेंद्र सोनी ने किया। इस अवसर पर सामाजिक सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# एसडीओपी बेमेतरा ने किया थाना नांदघाट पुलिस चौकी मारो का निरीक्षण

### जनता की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनें : एसडीओपी तिर्की

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में आज दिनाक 19.04.2024 को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की ने थाना नांदघाट एवं पुलिस चौकी मारो का प्रथम अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी अधिकारी व जवानों को कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने तथा थाना/चौकी प्रभारी को अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाया गया है उसमें अधिक से अधिक लोगो को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने एवं सामुदायिक पुलिसिंग के लिए ÷हमर पुलिस हमर बजार÷ अभियान के माध्यम से हॉट/बाजारों एवं ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाने तथा अगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आर्दश आचार सहिंता के नियमों का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तथा थाना/चौकी की जप्ती माल, मालखाना, जप्ती रजिस्टर, जरायम, शिकायत, डियुटी रजिस्टर, मुर्त रजिस्टर, थाना/चौकी की अन्य रजिस्टर व तख्ती चेक किये। थाना/चौकी की साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करने एवं असामाजिक तत्वो के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने व थाना/चौकी में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने, समस्त स्टाफ को डियुटी के दौरान निर्धारित साफ सुथरी वर्दी धारण करने निर्देश दिये गये।

# वृद्धावस्था एवं शारीरिक असमर्थता के बावजूद भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने से प्रसन्नचित हुआ बुजुर्ग भैय्या राम

## होम वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए निर्वाचन आयोग का माना आभार



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

### भारत निर्वाचन आयोग के प्रति माना विनम्र आभार

भारत निर्वाचन आयोग के इस अत्यंत महत्वपूर्ण एवं कारगर व्यवस्था के फलस्वरूप अपने उम्र के इस अंतिम पड़ाव में विपरित परिस्थितियों के बावजूद भी आज उसे होम वोटिंग की सुविधा मिलने से बुजुर्ग भैय्या राम साहू ने भारत निर्वाचन आयोग के प्रति विनम्र आभार माना है। उन्होंने कहा कि आज से कुछ समय पहले तक उन्होंने कभी कल्पना भी नही की थी, की मैं अपने गंभीर शारीरिक असमर्थता के कारण अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकूँगा। लेकिन आज भारत निर्वाचन आयोग के इस नवीन, अभिनव एवं अत्यंत महत्वपूर्ण व्यवस्था के फलस्वरूप विपरीत हालात में भी उसे अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की यह नवीन व्यवस्था उनके जैसे अनेक चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का मताधिकार का प्रयोग कराने के लिए अत्यंत कारगर साबित होगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू की गई होम वोटिंग की सुविधा के फलस्वरूप अपने शारीरिक असमर्थता तथा अति वृद्धावस्था के कारण शारीरिक अस्वस्थता का सामना कर रहे जिले के 85 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओं का अपने मताधिकार का प्रयोग करने का सपना साकार हुआ है। निर्वाचन आयोग के इस अभिनव एवं अत्यंत महत्वपूर्ण व्यवस्था के फलस्वरूप जिले के सभी मतदाता आज बहुत ही आसानी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए होम वोटिंग की सुविधा वास्तव में जिला मुख्यालय बालोद के पाण्डे पारा निवासी 92 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता भैय्या राम साहू के लिए अपने गंभीर शारीरिक असमर्थता के बावजूद अपने मताधिकार का प्रयोग करने के सपने को साकार करने का कारगर माध्यम साबित हुआ। शारीरिक अस्वस्थता एवं वृद्धावस्था के कारण चलने-फिरने में पूरी तरह से असमर्थ होने के उपरांत भी बुजुर्ग भैय्या राम साहू को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग की सुविधा मिलना इसके लिए किसी मन वांछित कामना की पूर्ति जैसा था।

# बोड़ला नपं उपाध्यक्ष, संतोष अवस्थी व अन्य कांग्रेसी भूपेश बघेल को सासंद बनाने, कर रहे जनसपर्क



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

इन दिनों गर्मी के बढ़ते तापमान के साथ साथ चुनावी माहौल नें भी तापमान को बढ़ा दिया है, हर तरफ अपने अपने प्रत्याशी के लिए कार्यकर्त्ता लगातार भीषड़ गर्मी में, गाँव गाँव शहर में लगातार जनसम्पर्क कर रहे है, बोड़ला नगर पंचायत के उपाध्यक्ष संतोष अवस्थी एवं अन्य कांग्रेसी के निष्ठावन कार्यकर्त्ता जमीनी स्तर पर मेहनत करते नजर आ रहे है, अवसरवादी नेता फ़िलहाल चुनाव से विलुप्त दिख रहे है, संतोष अवस्थी नें बताया की वो और उनके साथी कार्यकर्ता जनप्रिय छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र, छत्तीसगढ़ वासियों को छत्तीसगढ़िया होने का अहसास कराया, तीज तिहार के प्रति दिलचस्पी बढ़ाई,विकास के नये आयाम स्थापित किये, उनकी साफ सुथरा छवि से छत्तीसगढ़ वासी भूपेश से काफी प्रभावित है, उनको राजनांदगाव संसदीय सीट में चुनाव लड़ने से सभी वर्ग उत्साहित नजर आ रहे है, हम लोग आमजनों के बीच कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर उन्हें अवगत करा रहे है, ख़ासकर महालक्ष्मी योजना को लेकर महिलाएं काफी उत्साहित है, निश्चित ही हर माह 8500 मिलने से समाज में आर्थिक विकास होगा, गरीबी दूर होंगी, आर्थिक स्थिति मजबूत होंगी, इसी तरह युवाओं, किसानो बेरोजगारों के लिए घोषणा पत्र में काफ़ी कुछ है, नगर पंचयत उपाध्यक्ष नें अपील किया की मोदी की गारंटी के झांसे में न आये, देश की स्थिति तंगहाली की ओर है, न महंगाई कम हो रही, न बेरोजगारी की समस्या दूर हो रही, हर मोर्चे पर दस सालों में मोदी सरकार विफल हो रही है, अब बदलाव की जरूरत है, कांग्रेस पार्टी को मौके देने की जरूरत है, भूपेश बघेल को सासंद बनाये ओर भारी बहुमत से जिताने की अपील की।

# संगठन के द्वारा कठिया में पौधे लगाए



**बेमेतरा।** पर्यावरण प्रेमी संगठन द्वारा हर प्रत्येक महीने के 21 तारीख को पौधारोपण करने का संकल्प लिया गया है जिसका परिपालन करते हुए। पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम कठिया के तालाब किनारे कोरोकॉरपस पौधे का रोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि संगठन के द्वारा हर महीने के 21 तारीख को पेड़ -पौधे लगाने का संकल्प लिया गया था। इस संकल्प को पूर्ण करते हुए महावीर जयंती (जैन) के पावन अवसर पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, सचिव गणेश साहू, सदस्यगण -पंकज साहू चम्मन निषाद,खोमन चंद्राकर, रामकृष्ण सेन, धनेश, परदेसी साहू , केदार रोजगार सहायक ,राम बिहारी कोठारी, सहित दो नन्हे बच्चे आदि के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

# विपरीत दिशा में आ रही दो कार आपस में टकरा गई, घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

20 अप्रैल की रात दल्ली राजहरा डौंडी मार्ग पर ढाबा के पास विपरीत दिशा में आ रही दो कार आपस में टकरा गई, टक्कर इतनी बुरी तरह की की दोनों कार के परखच्चे उड़ गए और सेफ्टी बैलून भी खुल गया। घटना लगभग रात्रि 12.30 से 1:00 बजे के बीच की बताई जा रही है। लगातार माइंस क्षेत्र की आयरन ओर से भरी ट्रैकों के आवाजाही से इस क्षेत्र में दुर्घटनाएं अक्सर होते रहती हैं, बीती रात भी सफेद कलर की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 24 एन 4556 जिसके पीछे भूआर्य लिखा हुआ है एवं ब्लैक ग्रे कलर की कार सीजी 07 बी.बी 3296 बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। कार में सवार सभी घायलों को डौंडी के शासकीय अस्पताल ले जाया गया है, जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक युवक को हायर सेंटर रेफ्र किया गया है। अस्पताल में जिन लोगों को भर्ती कराया गया उनके नाम है प्रशांत राजपूत पिता सुभाष राजपूत उम्र 27 वर्ष दुर्ग, राहुल पिता लक्ष्मी चंद्र उम्र 56 वर्ष दल्ली राजहरा,लक्ष्मी चंद पिता बंसी राम उम्र 56 वर्ष दल्ली राजहरा, नितिन पिता रूद्र सिंह उम्र 30 वर्ष डौंडी, सुशीला पति लक्ष्मी चंद उम्र 45 वर्ष दल्ली राजहरा, राहुल जैन पिता राजेंद्र जैन उम्र 20 वर्ष डौंडी, विकास कुमार पिता भास्कर उम्र 29 वर्ष डौंडी, जिनकी स्थिति सामान्य है, एवं प्राथमिक उपचार चल रहा है।

# समाधान महाविद्यालय में छः दिवसीय चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्यशाला का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय एवं समाधान आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में छः दिवसीय चेतना विकास मूल्य शिक्षा युवा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया। इस शिविर के प्रबोधक मध्यस्थ दर्शन के अध्येता, भारतीय शिक्षा बोर्ड के सलाहकार एवं हाम्रो खुशी पाठ्यक्रम नेपाल के मुख्य शिल्पी श्री श्रवण कुमार शुक्ल है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि मानव में समझदार होने की क्षमता तो हैं, लेकिन अभी तक मानव नासमझी में जी रहा हैं, इसीलिए गलतियां कर रहा हैं। मानव यदि समझदारी से जीये तो सदा विश्वास, खुशी एवं प्यार में जीयेगा तथा अन्य जगत के साथ भी तालमेल से जी पाएगा। मानव में समझदारी का सूत्र सही शिक्षा संस्कार ही हैं। मनुष्य की आवश्यकता सुविधा एवं खुशी से संपन्न होती हैं। सुविधा हमें श्रम से तथा खुशी कक्षा- कक्ष में स्वयं के आशा और विचार तथा संबंध में मूल्यों से संबंधित संवाद व अभ्यास से प्राप्त होती हैं। हम जैसा जी रहे हैं उसमें अनिश्चितता है। वास्तव में जैसा जीना चाहते हैं, उसमें निश्चित स्थिरता एवं निरंतरता की चाहत हैं। इसमें सामंजस्य के लिए ही संवाद हैं। जीव चेतना से मानव चेतना में रूपांतरण ही ''चेतना विकास मूल्य शिक्षा'' हैं। मानव तीर्थ किरीतपुर से श्री अंकित पोगुला ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि समाज में परिवर्तन का कार्य मानसिकता में बदलाव से ही संभव हो पाएगा। मानव तकनीकी विकास में चरम की अवस्था प्राप्त कर चुके हैं, लेकिन जीवन जीने के लक्ष्य के संबंध में स्पष्टता नहीं हैं। सुख की प्राप्ति संवेदना, भाव एवं समझ से होती हैं। उन्होने शब्दों के सही अर्थ जानने पर विशेष जोर दिया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यस्थ दर्शन सह-अस्तित्ववाद पर आधारित जीवन विद्या मूल्य शिक्षा के सूत्र आप सभी के समक्ष प्रस्ताव के रूप में रखे जा रहे हैं। इन सभी सूत्रों को आप सभी को मानना नहीं हैं बल्कि जानना हैं तथा इसे जानने के लिए स्वयं में निरीक्षण, परीक्षण एवं सर्वेक्षण करना हैं। तत्पश्चात जीवन में इसे आत्मसात कर अपने कार्य एवं व्यवहार में लाकर जीवन जीना हैं। जीवन के मूल प्रश्न दो ही हैं-क्यों जीना है? एवं कैसे जीना है? इस संबंध में उन्होंने बताया कि मानव का समस्त प्रयास केवल और केवल सुख के लिए समर्पित हैं। व्यवस्था को समझना एवं व्यवस्था में जीना ही सुख हैं। प्रकृति मे चार अवस्थाएं हैं- पदार्थ अवस्था, प्राण अवस्था, जीव अवस्था एवं ज्ञान अवस्था। इन चारों अवस्थाओं में से मानव को ज्ञान अवस्था में रखा गया हैं। उसके बाद भी मानव का आचरण निश्चित नहीं हैं तथा शेष तीन अवस्थाएं प्रकृति के नियम से संचालित हैं। मानव इसी नियम को अपनाकर अपना आचरण निश्चित कर सकता हैं। महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने बताया कि इस शिविर से आपको शब्दों के सही अर्थ को जानने, जीवन जीने के सही समझ एवं सार्वभौमिक सुख, शिक्षा एवं प्रकृति की व्यवस्था को समझने का अवसर प्राप्त होगा। इस शिविर में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, आईटीआई की प्राचार्या आशा झा, आईटीआई अधीक्षक सुबीर टंडन, बेमेतरा जिले के समाज सेवी एवं महाविद्यालय के आईक्यूएसी के सदस्य दिनेश पटेल एवं शिक्षक मुकेश देवांगन, महाविद्यालय के चेतना विकास मूल्य शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष स्वीटी मलिक, महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी राजेश गजपाल, महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ. जीडी मानिकपुरी, संगीता अग्रवाल, योगेश्वर सिन्हा, रूपेंद्र डहरिया, रानी साहू, अंशु दत्ता, राजेंद्र वर्मा पूजा सिन्हा, राजेश यादव, आकाश हिरवानी एवं गायत्री राजपूत सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# नगर के भाजपा नेताओं ने वार्ड नं.24 में किया जनसंपर्क



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर के भाजपा नेताओं ने दल्ली राजहरा के वार्ड नं.24 में किया जनसंपर्क के दौरान घर घर पहुंच कर मोदी की योजनाओं के बारे में बताया और लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी भोजराज नाग को वोट डालने का निवेदन किया । भाजपा के लोगों ने वार्ड वासियों से निवेदन करते कहा कि मोदी ने जो कहा वो किया विष्णु देव साय ने जो कहा वो किया आगे भी जो आपसे वादे किए है वो निश्चित ही पूरे होंगे। क्योंकी मोदी की गारंटी है । एक बार फिर मोदी सरकार व आपकी बार 400 पार के नारे के साथ पूरा वार्ड गूंज उठा वार्ड के जनसंपर्क में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद बॉबी छतवाल, मनोज दुबे, विशाल मोटवानी, जयदीप गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा स्वाधीन जैन, आशीष लालवानी, काशिम कुरैशी, साहिल सावलकर, गोपी देवांगन , पुनीत पटेल, पंकज मांडवी, ऋतिक ठाकुर, तुषार साहू , पप्पू साहू, शिवम, जीतू ठाकुर, भूपेश, प्रियांशु यादव आदि उपस्थित थे।

# मतदाताओं से मिलने मोटर साइकिल पर निकले भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के साथ योगेश तिवारी



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के साथ योगेश तिवारी मतदाताओं से मिलने की जनसंपर्क करने के लिए मोटरसाइकिल से निकले और बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों से रूबरू होने के दौरान सांसद उनकी समस्याओं से अवगत हुए और निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान योगेश तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में देशहित के लिए कार्य कर रही है। विगत 10 वर्षों में जो ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उससे भारत को विश्व में एक नई पहचान मिली है। धार्मिक व सांस्कृतिक सभ्यताओं का संरक्षण, अंतरिक्ष में नए आयाम, रक्षा एवं सुरक्षाबलों के लिए अत्याधुनिक उपकरण, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, किसानों का सम्मान और भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार मोदी सरकार की कुशल नीतियों ने देश की दशा और दिशा दोनों को बदलने का काम किया है।

# शिवलाल राठी स्कूल के कक्षा एलकेजी के 5 वर्षीय छात्र आरुष रंजीत बने सुपर टैलेंटेड किड



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के कक्षा एलकेजी के प्रतिभाशाली बालक आरुष रंजीत को इंटरनेशनल बुक ऑफ़ रिकाड्र्स द्वारा वर्ष 2024 के ÷सुपर टैलेंटेड किड÷ की उपाधि से सम्मानित किया गया है। आरुष रंजीत बहुत कुशाग्र व तीव्र बुद्धि के है। अंको को जोड़ने, घटाने, गुणा आदि कार्य बहुत तीव्र गति से कर लेते हैं तथा धारा प्रवाह अंग्रेजी बोलते हैं। उनकी स्मरण शक्ति भी प्रबल है, इसलिए उन्हें 'मिलियन में एक' बालक घोषित किया गया है। इस अद्भुत बालक ने अपने माता-पिता रंजीत व अनामिका रंजीत के साथ-साथ विद्यालय व बेमेतरा का नाम रोशन किया है। कलेक्टर रणवीर शर्मा के द्वारा इस अद्भुत छात्र को प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया गया एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य महोदया एवं समस्त स्टाफ ने उनके उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की।

# शासकीय प्राथमिक शाला कन्तेली में समर कैंप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला कंन्तेली में दिनांक 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक समर कैंप का आयोजन किया गया है समर कैंप में बच्चों को शिक्षा के अलावा विभिन्न विधाओं से अवगत कराया जाएगा जिसमें ड्राइंग पेंटिंग रंगोली बनाना खिलौने बनाना खेल-खेल में गणित बनाना, जादू ,अंताक्षरी ,गीत, कहानी ,सहित नृत्य ,आदि बच्चों को सिखाया जाएगा साथ ही साथ प्राथमिक स्तर के बच्चों को गणित, हिंदी व अंग्रेजी का शिक्षण भी कराया जाएगा शासकीय प्राथमिक शाला कन्तेली में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती आंचल वर्मा के द्वारा पूर्व में भी इस प्रकार के आयोजन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की सहायता से किए गए हैं इस कार्य म में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से श्रेष्ठा मैडम ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई तथा बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को दिखाकर उनका उत्साह वर्धन किया समर कैंप के दूसरे दिन आज शिक्षिका आंचल वर्मा ने बच्चों को ड्राइंग सीट पर यातायात के साधनों की पेंटिंग्स करते हुए उन्हें इनके दैनिक जीवन में उपयोग से परिचित कराया साथ ही साथ प्राथमिक स्तर के बच्चों को विभिन्न रंगों से भी परिचित कराया शिक्षक के साथ सहायक गतिविधियों से बच्चों में उत्साह का माहौल है प्राथमिक स्तर के बच्चे बड़ी संख्या में इस समय कैंप में भाग ले रहे हैं जबकि ग्रीष्म काल में बच्चे जहां गर्मी के देख स्कूल जाने से घबराते हैं ऐसे आयोजनों से बच्चों में फ्रि से स्कूल जाने की ललक उत्पन्न होती है शिक्षिका आंचल वर्मा ने बताया कि उन्हें इस कार्य में प्राथमिक शाला कन्तेली की प्रधान पाठिका श्रीमती शीतल राजपूत का भी सहयोग मिल रहा है।

# योगी आदित्यनाथ के बयान पर कांग्रेस का पलटवार, भाजपा नक्सलियों की पोषक : शुक्ला

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के द्वारा दिये गये बयान कांग्रेस की नक्सलवादियों से सांठगांठ है पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आदित्यनाथ का बयान बेतुका और झूठा है। सारा देश और छत्तीसगढ़ जानता है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की पोषक तो भाजपा रही है, जिसके 15 सालों के छत्तीसगढ़ के शासन काल में नक्सलवाद बस्तर के 3 ब्लॉको से निकल कर राज्य के 14 जिलों तक पहुंचा, यहां तक तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह के गृह जिले तक पहुंच गया था। कांग्रेस सरकार के पांच सालों में तो नक्सलवादी घटनाओं में 80 प्रतिशत तक कमी आई थी तथा राज्य में शांति की बहाली हुई थी। भाजपा के नेताओं और नक्सलियों का नाता पुराना है। 15 सालों के रमन सरकार के दौरान भाजपा के अनेक बड़े नेता नक्सलियों के शहरी नेटवर्क के अंग बन गये थे। भाजपा नेता नक्सलियों को सामाग्री पहुंचाते थे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस से ज्यादा नक्सलवाद के दंश को कौन जान सकता है? भाजपा के नक्सलियों से सांठगांठ के कारण कांग्रेस ने अपने 31 नेताओं को



खोया है। यदि उस समय भाजपा की सरकार ने कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा दिया होता तो कांग्रेस का इतना बड़ा नुकसान नहीं उठाना पड़ता। इस घटना के बाद भाजपा की सरकारों ने पूरा प्रयास किया कि झीरम नरसंहार की जांच न हो इसके गुनाहगारो के नाम सामने नहीं आये। कांग्रेस की सरकार ने जब झीरम की जांच के लिये एसआईटी बनाया तो उस जांच को रोकने एनआईए से फाईल नहीं देने दिया। भाजपा के नेता झीरम की जांच रोकवाने हाईकोर्ट की शरण में गये, यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि भाजपा का नक्सलियों से प्रगाढ़ रिश्ता है। आदित्यनाथ के भ्रष्टाचार संबंधी बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 40 प्रतिशत एडवांस कमीशन की सरकार चलाने वाले मुख्यमंत्री के मुंह से भ्रष्टाचार की बातें हास्यास्पद लगती है। देश की सबसे बड़े चुनावी घोटाले इलेक्ट्रोरल बांड घोटाले के बाद भाजपाई घोटाले के बारे में न बोलें तो ही बेहतर है। अडानी की शेल कंपनियों में किनके 20 हजार करोड़ रू. लगे थे सारा देश जानना चाहता है। देश भर के भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं की शरणगाह बनी, भाजपा के नेता जब भ्रष्टाचार पर बात करते है तो जनता को मुंह चिढ़ाने के समान लगता है।

## गर्मी को देखते हुए स्कूलों की छुट्टी, स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

**रायपुर।** प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। बदलते मौसम और गर्मी की वजह से बच्चे बीमार भी पड़ रहे। इन सब के बीच स्कूल शिक्षा विभाग ने छत्तीसगढ़ में सभी स्कूल को बंद करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश में शिक्षको को पृथक रखा गया है जिस पर शालेय शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने मांग की है भीषण गर्मी का प्रभाव शिक्षकों पर भी पड़ेगा।

अतः संघ मांग करता है, कि भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षकों को भी ग्रीष्म अवकाश प्रदान करते हुए राहत दिया जाए। चुनाव कार्य आदेश का यथावत शिक्षक पालन करेंगे।

# धर्म के क्षेत्र में आगे आएं युवा, बेहतर होगा भविष्य : पंडित चंदन कृष्ण महाराज

## दक्षिण चक्रधर नगर रायगढ़ क्षेत्र में बह रही भागवत कथा की बयार

### श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में जमकर झूमे श्रोता भक्त

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कला व संस्कृति की नगरी रायगढ़ दक्षिण चक्रधर नगर मछ्ली विभाग ऑफिस के पास द्विवेदी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में पधारें कथा व्यास पंडित चंदन कृष्ण महाराज (शिक्षा श्रीधाम वृंदावन) का कहना है कि पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ रहे धार्मिक आयोजनों और धर्म के क्षेत्र में युवाओं का बढ़ता रुझान आने वाले भविष्य के लिए बेहतर संकेत है। इससे आने वाले युवा पीढ़ी के अच्छे भविष्य से इनकार नही किया जा सकता है।इसके साथ ही यह हमारे व भारतीय संस्कृति के लिए बहुत अच्छी बात है और गर्व का विषय है। रामनवमी के सुंदर अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में व्यास पीठ पर विराजमान महाराज चंदन कृष्ण ने कथा के माध्यम से बतलाया कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम जी ने जिस प्रकार रावण को मार धर्म की स्थापना की तथा हिंदुत्व एवं धर्म के विषय में आज के युवाओं को धर्म के मार्ग पर चलने के संदेश दिये। रायगढ़ जिले के खरसिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम घघरा वाले पंडित चंदन कृष्ण महाराज ने कहा कि ठीक इसी तरह भगवान श्री कृष्ण ने भी कंस का वध किया। और जब जब इस धरती में पाप बढ़ा है भगवान ने अनेकों अवतार लेकर दुस्टों का विनाश कर धर्म की स्थापना की। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने हिंदू धर्म संस्कृति के प्रति युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़कर उसे बढ़ावा देने की आवश्यकता है। व्यास पीठ पर विराजमान महाराज जी ने भागवत कथा के महत्व तथा भगवान श्री कृष्ण के जन्म से जुड़े प्रसंग तथा बाललीला, माखन चोरी सहित अन्य कथा प्रसंग सुनाई जिससें वहाँ उपस्थित श्रोता भक्त भाव-विभोर हो गए।

# चुनावी गिफ्ट की जांच में लापरवाही बरतने पर अधिकारी निलंबित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

जीएसटी विभाग ने जांच के दौरान लापरवाही बरतने वाले सात अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं एक अधिकारी को चुनावी गिफ्ट की जांच में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया है। महासमुंद के राज्य कर अधिकारी नंदकुमार कुर्रे को निलंबित किया गया है। दो राज्य कर निरीक्षक, एक सहायक आयुक्त, दो सहायक आयुक्त और दो कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन सभी अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव गिफ्ट की जांच करने और प्रशासनिक काम की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन लापरवाही बरती जा रही थी। इसकी शिकायत मिलने पर जीएसटी आयुक्त रजत बंसल ने सभी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार स्टेट जीएसटी आयुक्त द्वारा 18 और 19 अप्रैल को समीक्षा बैठक ली गई थी। इस बैठक में ही लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। शिकायत मिलने के बाद रायपुर संभाग-1 द्वारा दो राज्य कर निरीक्षक दीपा उधवानी और विमल खांडेकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही रायपुर संभाग-2 के संयुक्त आयुक्त द्वारा अपने अधीनस्थ पांच अधिकारियों सहायक आयुक्त श्वेता चंद्राकर, राज्य कर अधिकारी प्रभाकर उपाध्याय, राकेश अरोरा तथा सहायक ग्रेड 3 की प्रीति बघेल और मुकेश कश्यप को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यहां मिली वसूली की शिकायत बताया जा रहा है कि ओडिशा बार्डर पर वाहनों की जांच के लिए चेकपोस्ट बनाया गया था। यहां जांच के दौरान वसूली करने की शिकायत मिली थी। इसके बाद इसकी जांच की गई। जांच में सही पाए जाने पर निलंबन के आदेश दिए गए।

# बिजली कंपनी के अकाउंट से निकाले तीन करोड़ रुपये, एक गिरफ्तार, दो फरार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अकाउंट से तीन करोड़ रुपये निकाल लिए गए। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सीनियर अकाउंटेंट की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अभी भी फरार हैं।

सीनियर अकाउंटेंट ने पुलिस को बताया है कि कंपनी का यूनियन बैंक में अकाउंट है। छह मार्च को बग्स साफ्ट टेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से तीन करोड़ रुपये भुगतान करने का मैसेज आया, जबकि स्ट्रीब्यूशन कंपनी ने चेक जारी नहीं किया है। इसके बाद ही बैंक से चेक क्लियरेंस होने से रुकवाया गया और जिनके नाम से चेक जारी किया गया था, उसके बारे में जानकारी जुटाई गई। पुलिस ने बुद्ध भगवान को नोटिस जारी कर थाने तलब किया तो उसने बताया कि उसकी कंपनी घाटे में चल रही है। इसके लिए उसने फाइनेंस एजेंट राजेश से बैंक से लोन फाइनेंस कराने के लिए कहा।

बैंक से फायनेंस नहीं होने पर राजेश ने एक अन्य व्यक्ति से उसकी मुलाकात करवाई। उस अन्य व्यक्ति ने डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अकाउंट में करोड़ों रुपये होने की बात कही तथा बताया कि डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एक चेक उसके पास है। इसके बाद डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के चेक में मंदार के नकली हस्ताक्षर कर रुपये निकालने की कोशिश की।

# केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने एनटीपीसी लारा में अग्नि शमन सेवा सप्ताह मनाया

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ राष्ट्रीय अग्नि शमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एन टी पी सी लारा के अग्निशमन केंद्र में हुआ। अग्नि शमन सेवा सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना के हेड ऑफप्रोजेक्ट अखिलेश सिंह, उप कमांडेंट महावीर सिंह, सहायक कमांडेंट देवेन्द्र नाथ सिंह, सयंत्र के सभी मौजूद रहे। अग्नि शमन सेवा सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि, उप कमांडेंट, सहायक कमांडेंट, सभी तथा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सभी अधिकारीगण थे, सभी जवानों ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। यह अग्नि शमन सेवा सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया गया 20 अप्रैल को अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन एन टी पी सी लारा के अग्नि शमन केंद्र में मुख्य अतिथि एच ओ पी एन टी पी सी लारा अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में संम्पन हुआ। सहायक कमाण्डेन्ट देवेंद्र नाथ द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान फायर डेमोस्ट्रेशन भी अग्नि शाखा द्वारा दिखाया गया। कार्यक्रम का संचालन उप निरीक्षक अग्नि एस के त्रिपाठी द्वारा किया गया कार्यक्रम को सभी अधिकारियों द्वारा सराहा गया आग से रोकथाम के लिये लोगो को जागरूक किया गया इस दौरान प्रतियोगिता की गई एवम पुरुस्कार वितरण किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निरीक्षक अग्नि नरेंद्र सिंह उप निरी. अग्नि एस के त्रिपाठी उप निरी. कार्य एम एस लकरा सहायक उप निरीक्षक कार्य राकेश कुमार अग्नि एन जे बड़े अन्य अन्य सभी अग्निशमन कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# हॉस्पिटल एवं सोनोग्राफी सेंटरों के संचालक की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला मुंगेली के निर्देशानुर. वं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह रोगोपचार संबंधि स्थापनाए अनु न अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 अंतर्गत 18/ 04 2024 को निजी नर्सिंग होम/हास्पिटल एवं सोनोग्राफी सेंटरों के संचालक की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला मुंगेली आई.एम.ए. के अध्यक्ष डॉ. संजय अग्रवाल उपस्थित थे। डॉ. कमलेश खैरवार, जिला नोडल अधिकारी, नर्सिंग होम एक्ट एवं डा. रविशंकर प्रसाद देवांगन, प्रभारी जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, आई एम ए. के अध्यक्ष डॉ. संजय अग्रवाल के द्वारा समस्त निजी नर्सिंग होम के संचालक को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने निर्देश दिये गये साथ ही समस्त निजी स्वास्थ्य संस्थाओं में आमजन हेतु सेल्फिजोन, एवं प्रत्येक ओपीडी पर्ची पर मतदान जागरूकता लोगो, आईईसी मटेरियल लगाने निर्देश दिये गयें। निजी हास्पिटल के संचालक एवं हास्पिटल इजार्च को मतदान करने हेतु शपथ दिलायी गई। समस्त हास्पिटल में दी जाने वाली सुविधओं की रेटलिस्ट लगाने, प्रशिक्षित स्टाफ से कार्य लिये जाने प्रशिक्षित स्टाफ को शासन के दिशा निर्देशानुसार मानदेय देने, बायोमेडिकल वेस्ट का निपटान उचित तरिके से करने, फायर सेपिट का संधारण करने, संस्था में 24ग7 चिकित्सक की उपस्थिति सुनिश्चित करने, अनुबंधित चिकित्सक से कार्य लिये जाने हेतु निर्देश दिये गये। राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यकम अंतर्गत सभी नोटीफ्रिेबल रोगो का रिपोट समयावधि में प्रस्तुत करने निर्देश दिये गये। औषधी निरिक्षक को सभी मेडिकल स्टोर में पर्ची पर मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदान करने से संबंधित जागरूकता स्लोगन सील लगाने निर्देशित किया गया। पीसीपीएनडीटी एक्ट अंतर्गत पंजीकृत सोनोग्राफी सेंटरों के संचालकों को नियमानुसार ऑनलाईन पोर्टल पर गर्भवती माताओं की जानकारी भरने, निर्धारित समय में मासिक रिपोर्ट भेजने, एवं ऐसी गर्भवती महिलाओं की जानकारी जिसकी दो जीवित सत्तान (लडकिया) है और तीसरी बार सोनोग्राफी कराने आयी है उसकी जानकारी रखने एवं सूची कार्यालय में प्रस्तुत करने निर्देश दिये गये। समस्त निजी नर्सिंग होम/हास्पिटल एवं सोनोग्राफी सेंटरों को छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह रोगोपचार सबंधि स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 अंतर्गत संस्था संचालित करने निर्देश दिये गये। पर्यवेक्षी प्रधिकारी, नर्सिंग होम एक्ट के निर्देशानुसार सभी निजी स्वास्थ्य संस्थाओं का प्रत्येक माह नियमित निरिक्षण करने निर्देशित किया गया है एवं नियमानुसार सस्था संचालित नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

# हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई महावीर जयंती, जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सकल जैन समाज द्वारा महावीर जन्म कल्याणक पर्व परम्परागत श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर प्रातः 8 बजे दरगोपारा स्थित श्वेताम्बर जैन मंदिर से भगवान महावीर स्वामी जी की भव्य शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गयी। शोभायात्रा में भगवान महावीर के अहिंसा तथा जियो और जीने दो के संदेश को नारों द्वारा जन-जन तक पहुंचाया गया। यह शोभायात्रा सत्तीगुड़ी चौक, हंडी चौक, गद्दी चौक , सुभाष चौक, गांधी प्रतिमा होते हुये नाचते-गाते दिगम्बर जैन मंदिर पहुँची। यहाँ प्रभु की बेदी पर मत्था टेकने के पश्चात शोभायात्रा स्टेशन चौक होते हुये वापस श्वेताम्बर जैन पहुंची और विराम लिया। शोभायात्रा के मार्ग में लॉयनेस क्लब, हरीश मेहता परिवार, गुरुसिंह सभा रायगढ़, मेहता पेट्रोल पंप एवं दिगम्बर जैन समाज द्वारा फ्रुटी, गन्ना रस, बटर मिल्क आईसक्रीम व ठंढा पेय वितरित कर जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। अंत में श्वेताम्बर जैन मंदिर में प्रसाद वितरित किया गया। इसके पश्चात श्वेताम्बर मंदिर में स्नात्र पूजा की गयी एवं दोपहर को सकल जैन समाज ने इकट्ठे भोजन प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में प्रभु की स्तुति में भजन-भावना की गयी और एक सौ आठ ज्योति से भगवान जी की आरती की गयी। सभी कार्यक्रमों में श्वेताम्बर, दिगम्बर व तेरापंथी जैन समाज के महिला- पुरुषों व बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। सकल जैन युवक मित्र मंडल ने ऊर्जा के साथ सभी व्यवस्थाओं का सुचारू संयोजन किया। सकल जैन समाज ने पुलिस प्रशासन के कर्मचारियों, सभी सहभागियों व संस्थाओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि कल महिला जैन संघटना द्वारा जीव-दया निमित्त नीलांचल भवन के सामने स्थित गौशाला में गायों को चारा वितरित किया जायेगा।

# सेंट जेवियर्स ग्रुप द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया




पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

सेंट जेवियर्स ग्रुप द्वारा 19 अप्रैल से तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसमें बिलासपुर जोन के जेवियर्स के सभी ब्रांच हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रणजी खिलाड़ी मोहम्मद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि जीवन एवं खेल में उतार चढ़ाव आते हैं। उन पर विजय पाना है तो पूरी ईमानदारी एवं लगन से कार्य करना होगा। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंध निदेशक एवं भारतीय एथलेटिक्स संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जीएस पटनायक ने खिलाड़यों का उत्साह बढ़ाया। स्कूल ग्रुप के सीईओ मुकेश सराफ, डॉ. बीबी महाता, डायरेक्टर लेखाश्री, प्राचार्य जेएस हुंडल एवं सेक्रेटरी सुप्रिया एपी उपस्थित होकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आज तीन मैच हुए। जिसके परिणाम भरनी ब्लास्टर 107 रन विरुद्ध मुंगेली मास्टर्स 86 रन से भरनी ने विजय हासिल की। तृतीय मैच सिरगिट्टी सुपरस्टार 180 रन विरुद्ध कोटा किंग 54 से सिरगिट्टी सुपरस्टार ने विजय हासिल किया। तृतीय मैच सरकंडा स्ट्राइकर 108 विरुद्ध अकलतरा एवेंजर्स 95 रन से सरकंडा स्ट्राइकर ने विजय हासिल की। मैच को रोमांचक बनाने मैच का स्कोर ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है एवं टीमों को आकर्षक नाम दिया गया है।

# जिला चिकित्सालय में मरीज के दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण किया गया



**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में एक मरीज के दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण किया गया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम. के. राय ने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम लोकईपुर की 60 वर्षीय शिवकुमारी ध्रुव घुटनों के दर्द से काफी परेशान थी। वह जिला चिकित्सालय में जब ईलाज कराने आई, तो जांच में दोनों घुटनों के पूरी तरह घिसने की जानकारी हुई। जिसके पश्चात मरीज को कृत्रिम घुटना प्रत्यारोपण की सलाह दी गई। अस्थि रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. श्रेयांस पारख ने बताया कि मरीज तथा उनके परिजनों के सहमति पश्चात एक-एक कर दोनों घुटनों का आपरेशन कर कृत्रिम घुटना प्रत्यारोपण किया गया। जिससे शिवकुमारी के दोनों पैर पूरी तरह ठीक हो गए हैं और वह अब बिना किसी सहारे के चल पा रही है। इसके लिए उन्होंने जिला चिकित्सालय की पूरी टीम का आभार जताया।

## राज्य स्तरीय खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का प्रस्तुति पत्र देकर सम्मान किया गया

# छ.ग. कहरा समाज का तीन दिवसीय महासभा अधिवेशन का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ शिवनारायण
www.dailypioneer.com



छ.ग.कहरा समाज का तीन दिवसीय महासभा अधिवेशन का आयोजन धार्मिक नगरी चित्रोत्पाला महानदी के तट पर माता शबरी की पावनधरा शिवनारायण नगर में 19.04.2024 दिन शुक्रवार को प्रारंभ हुई। जिसमे संपूर्ण महासभा कार्यकारिणीगण, केंद्राध्यक्ष, ग्राम अध्यक्ष उपस्थित थे। सर्वप्रथम विघ्न विनाशक भगवान गणेश तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लखन जानकी माता की के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर आचार्य से विधिवत पूजन किया गया। तत्पश्चात संपूर्ण सामाजिक लोगो के खुशहाली तथा समाज की सतत उन्नति के पथ पर अग्रसर होने की मंगलकामना करते हुए कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। महासभा अध्यक्ष मुकेश कुमार राकेश द्वारा समाज में निहित कुछ नेशन पर संशोधन तथा कुछ नए नए नेशन पर सुझाव आमंत्रित मांगे गए थे जिस पर सभा में उपस्थित संपूर्ण जनमानस की उपस्थिति में विस्तृत चर्चा विस्तृत चर्चा करते हुए मृत्यु भोज वैवाहिक कार्यक्रमों में जूता चुराई प्रथम की राशि मारुति जीती प्रथा जैसे अनेक नीतियों पर निर्णय लिया गया

**सुरक्षा की रही चाक-चौबंध व्यवस्था-** चूँकि वर्तमान समय में लोकसभा निर्वाचन के कारण अचार संहिता प्रभावशील है। तथा स्कूल व कॉलेज का परीक्षा भी हो रही है। इस कारण ध्वनी विस्तारक यंत्रो का प्रयोग निर्धारित मापदंड के अनुसार किया जाना है। शॉतिपूर्ण बैठक एवं सुरक्षा हेतु पुलिस की व्यवस्था रही। बैठक में सुरक्षा निगरानी हेतु सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाया गया है।

**प्रतिभावो का सम्मान-** अन्य विधा जैसे तथा रंगोली प्रतियोगिता राज्य स्तरीय खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का प्रस्तुति पत्र देकर सम्मान किया गया। ऐसे ही माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 2022-23 में 80त्र या उससे अधिक अंक अर्जित करता छात्र-छात्राओं का प्रोत्साहन राशि के साथ प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस बैठक में 1 जोड़ा की शादी भी कराई गई। सभी सामाजिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 1 जोड़ा की शादी भी कराई गई। तथा इस अनूठे पहल के लिए प्रोत्साहन स्वरूप भेट भी दी गई।

# ग्राम रौनाकापा में छापेमार कार्यवाही, 35 लीटर कच्ची शराब एवं 400 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



आबकारी विभाग मुंगेली द्वारा मुंगेली के ग्राम रौनाकापा में छापेमार कार्यवाही, 35 लीटर कच्ची शराब एवं 400 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर मुंगेली, द्वारा दिये गये निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी, प्रकाश पाल के कुशल मार्गदर्शन में आबकारी विभाग मुंगेली की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में आबकारी वृत्त पथरिया के आबकारी उप निरीक्षक, रमेश कुमार दुबे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को ग्राम रौनाकापा, थाना पथरिया रेहान नदी के किनारे 35 लीटर कच्ची शराब एवं 400 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्तकर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की गैर जमानती धारा 34 (1) (क), 34(2) व 59 (क) के तहत् प्रकरण कायम किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी स्टॉफ रामसनेही यादव, शारदा मिश्रा एवं वाहन चालक सुरेश साहू शामिल रहे।

# ऋषि ग्राम सिर्री मे भाजपा महिला मोर्चा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन संपन्न



पायनियर संवाददाता < कुरुद/धमतरी
www.dailypioneer.com

मुख्य वक्ता अजय चंद्राकर विधायक कुरुद, अध्यक्षता आशु चन्द्रवंशी भाजपा विधानसभा प्रभारी, मंचस्थ अतिथिगण ज्योति चन्द्राकर जिला उपाध्यक्ष भाजपा, महिला मोर्चा विधानसभा प्रभारी, भानु चन्द्राकर विधानसभा संयोजक एवं सिर्री मंडल प्रभारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौकरण साहु, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र साहु, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सिर्री रश्मि साहु, भखारा मंडल अध्यक्ष गितेश्वरी साहु, महिला मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष पूर्णिमा साहु, मंडल प्रभारी पुजा साहु, जनपद सदस्य तामेश्वरी साहु, झागेश्वर ध्रुव, घनश्याम साहु, गुल्फीराम साहु पूर्व सरपंच रति बंजारे, मंडल पदाधिकारी दुर्गा साहु, महिला मोर्चा महामंत्री भूमिका सिन्हा, पूर्व उपसरपंच विश्राम सिन्हा थे तथा कार्यक्रम का संचालन जनपद सदस्य लोकेश साहु सिर्री ने किया। स्वागत भाषण महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रशिम साहु, वक्ताओं मे ज्योति चन्द्राकर जिला उपाध्यक्ष भाजपा, आशु चन्द्रवंशी कुरुद विधानसभा प्रभारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौकरण साहु ने कार्यक्रम के विभिन्न जानकारियाँ दिये। मुख्य वक्ता अजय चन्द्राकर ने प्रधानमंत्री मोदी धमतरी आगमन के लिए सबको न्यौता देकर पुनः प्रधानमन्त्री बनाने रूपकुमारी चौधरी को सांसद बनाने की अपील महिला मोर्चा के माता बहनों से किए। इस अवसर पर देवेन्द्र साहु, लेखराम सिन्हा, जागेश्वर सिन्हा, रामखिलावन साहुए गज्जू साहु, टकेशवर चन्द्राकर, थानेश्वर तारक, बिमल साहु, तेजराम साहु, भोजराज चन्द्राकर, कमलेश चन्द्राकर,, भूपेन्द्र सिन्हा, नोमेश साहु, इन्दु साहु, धनेश बंजारे, राजेन्द्र साहु, रूपेश्वर साहु, महिला मोर्चा के पदाधिकारियों मे कामिनी साहु, संतोषी साहु, चित्रलेखा साहु, पूर्णिमा साहुए सहित महिला मोर्चा के 300 से ज़्यादा कार्यकर्तागण सम्मेलन मे सम्मिलित हुए ।

# सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान दलों का किया गया द्वितीय रेंडमाइजेशन



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

लोकसभा क्षेत्र रायपुर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस संजय कुमार की उपस्थिति में शनिवार को विधानसभा क्षेत्र-45 बलौदाबाजार एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा के मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। एनआईसी कक्ष में सामान्य प्रेक्षक और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने बलौदाबाजार-45 के 196 एवं भाटापारा-46 विधानसभा क्षेत्र के 282 मतदान केंद्रों के लिए मतदलों का निर्वाचन आयोग के पीपीआरएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के माध्यम से मतदान दलों को मतदान केंद अलॉट करने की प्रक्रिया की गई। रेंडमाइजेशन के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुदिव्या अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर. आर.दुबे दोनों विधानसभा क्षेत्र के एआरओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## तारमिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन 30 अप्रैल तक

**धमतरी।** तारमिस्त्री परीक्षा का आयोजन आगामी जुलाई माह में किया जायेगा। इसके लिए 30 अप्रैल तक आवेदन मंगाए गए हैं। कार्यपालन अभियंता, विद्युत सुरक्षा एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक जगदलपुर के कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, धमतरी, महासमुंद और सुकमा जिले के सभी इच्छुक आवेदक वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित इस तारमिस्त्री परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए आवेदन कार्यपालन अभियंता, विद्युत सुरक्षा एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छ.ग. शासन जगदलपुर अथवा पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक-19, आजाद चौक, जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग., पिन-494001, पर भेजा जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक 07782-221019 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# गांड़ा समाज का सामाजिक सम्मेलन संपन्न , विधायक चातुरी नंद हुई शामिल



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

गांड़ा समाज का सामाजिक सम्मेलन संपन्न ग्राम छुई पाली में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवजी की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में सरायपाली नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अमृत पटेल, गांड़ा समाज के ब्लाक अध्यक्ष जगदीश चौहान, तन्मय पंडा समेत अन्य पदाधिकारी मंचाशीन थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि गांड़ा समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। समाज की एकजुटता का ही परिणाम है कि समाज की एक बेटी विधायक चुनकर आई है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में अपार समर्थन देने के लिए समाज के पदाधिकारियों का आभार जताया। कार्यक्रम को सरायपाली नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अमृत पटेल, गांड़ा समाज के ब्लाक अध्यक्ष जगदीश चौहान ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर गांड़ा समाज के ब्लाक सचिव चमरा दीप, कोषाध्यक्ष सुंदर लाल चौहान, उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद नंद, परिक्षेत्र अध्यक्ष रघु बाघ, परिक्षेत्र अध्यक्ष डॉ बेरंची बेताल, ब्लाक संगठन मंत्री देवेंद्र मुन्ना, तेजराम नंद, गोपाल कुम्हार, कविराज कुलदीप, उत्तम दीप, हिरोद मुन्ना, विनोद चौहान, सरन सोना, सतेसिंह, मनोहर, सुबोध गार्डिया, मोहन चौहान, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान,हेमचंद हंसा समेत गांड़ा समाज के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मितानिन ने घर-घर जाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**मनेन्द्रगढ़।** अपने घर के आसपास साफ सफाई रखें, नाली में पानी जमा न होने दें इससे मच्छर पनपते हैं जिससे मलेरिया फैलता है। ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देते हुए ग्राम अक्तवार,डोंगरी पारा, जनकपुर की मितानिन रानू सिंह ने ग्रामीण जनों को घर घर जाकर मलेरिया, पीलिया, कुष्ठ रोग आदि की जानकारी दी साथ ही महिलाओं को मासिक धर्म चक्र की जानकारी दी और कपड़े की जगह सेनेटरी पैड के उपयोग के बारे में बताया कि कपड़े का उपयोग की गंभीर बीमारी को आमंत्रण देने जैसा है । मितानिन रानू सिंह ने ग्रामीण जनों को सलाह दी कि इस भीषण गर्मी में अपने बच्चों का ध्यान रखें, उन्हें एक एक घंटे में पानी पिलाते रहें क्योंकि बच्चे पानी कम पीते हैं जिससे डिहाइड्रेशन हो जाता है।

# समर कैंप में बच्चो के साथ माताओं ने वॉल पेंटिंग कर लोगो को मतदान के लिए किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जुड़कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में ,नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव, सह नोडल अधिकारी डॉ शैलेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में कृति फाईन आर्ट्स इंस्टीट्यूट में चल रहे समर कैंप में धमतरी में शत मतदान के लिए समर कैंप में बच्चो के साथ माताओं ने वॉल पेंटिंग कर लोगो को मतदान के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मनोरोग चिकित्सक जिला अस्पताल डॉ रचना पदमवार ने कहा की लोकतंत्र की सुरक्षा हेतु अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। डॉ मंजु गुप्ता फिजियोथैपिस्ट ने कहा की हमारा मतदान जाति, वर्ग, धर्म, मजहब, संप्रदाय, भाषा, क्षेत्र से ऊपर उठकर राष्ट्र उत्थान में हो, पूर्ण निष्पक्ष हो। विशिष्ट अतिथि जागृति मुंजवानी, महक डोडवानी, कनक मुंजवानी, सोनम मंगलानी ने मतदान के लिए निर्धारित तिथि 26 अप्रैल को अपने सारे काम छोड़ कर सबसे पहले मतदान करने के लिए लोगो को प्रेरित किया। कृति फाइन आर्ट्स स्कूल की संचालिका जानकी गुप्ता ने कहा कि माता-पिता को जागरूक करने का एक माध्यम बच्चे भी है, समर कैंप में मतदाता जागरूकता अभियान का एक उद्देश्य यह भी है कि बच्चों के माध्यम से उनके माता-पिता व घर के अन्य सदस्यों को अपने मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाए। बच्चे चुनाव के प्रति अपने घर व आसपास में एक सकारात्मक वातावरण तैयार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। नव कलाकारों मौलीका साहू ,लवीश मुंजवानी, मान्या मुंजवानी, रुही, प्रथम, आन्या मंगलानी, आव्या गोविंदानी, भाविका मुंजवानी, साहिल, टीना डोडवानी, दर्शन अग्रवाल ,देवांशू गुप्ता, हर्षिव, भाविका, विराट, समृद्धि, हर्षाली, अनन्या, संस्कृति गुप्ता, लजिया सईद, आर्या जैन, कुंजन बरडिया, गौरवी सिन्हा और उनकी माताओं ने चित्रकला एवं वॉल पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया।

# लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान वव्यस्था को लेकर कलेक्टर अग्रवाल की लगातार अधिकारियों के बीच बैठक

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव को लेकर अब अंतिम रूप देने में जिला प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दिया है बकायदा कलेक्टर एक एक पहलू पर अपनी पैनी नजर बनाए निर्वाचन कार्य से संबंधित अधिकारियों लगातार दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं इसी तर्ज पर बीते दिनों लोकसभा निर्वाचन 2024 सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में तैयारियां अंतिम चरणों में है कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल लगातार निगरानी बनाए हुए निर्वाचन की सभी तैयारियों को पूर्ण कराने में जुटे हुए हैं इसी तारतम्य में कलेक्टर ने बीते दिन एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से एसएसटी - एफएसटी दलों, जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरी निकायों के सीएमओ की बैठक ली कलेक्टर अग्रवाल ने स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दल के अधिकारियों के द्वारा जिले में की जा रही निगरानी, अवैध सामग्रियों के परिवहन पर कार्यवाही एवं जांच नाकों में वाहनों की जांच के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने चुनावी मोड में सक्रिय होकर सभी दलों को कार्य करने के निर्देश



दिए। जांच नाको में सभी वाहनों को सही तरीके से जांच करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने कहा की निर्वाचन कार्यो को गंभीरता पूर्वक पूर्ण करते हुए सक्रियता से दायित्व का निर्वहन किया जाए उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक में स्थैतिक निगरानी दल के चार अधिकारीगण अनुपस्थित रहे। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वीसी बैठक में संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे इस बीच मतदान के दौरान गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी मतदान केंद्रों पर पानी, छाया एवं आवश्यकता अनुसार बैठक व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अच्छी हालत की पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान केंद्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं के तहत पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, पानी की सुविधा के साथ दिव्यांग मतदाताओ के अनुकुल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष की भी व्यवस्था का परीक्षण कर तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग हेतु स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों की नियुक्ति कर मतदान केन्द्र में उनके सहयोग हेतु सेवाएं लेने के निर्देश दिए आयोग के निर्देशानुसार मतदान तिथि को मांगे जाने पर दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

# जिले के 6 लाख से अधिक मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

## प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र और 1-1 मतदान केन्द्र दिव्यांग तथा 5-5 युवा मतदान केन्द्र

### लोकसभा निर्वाचन में 15 मतदान केन्द्र बनेंगे आदर्श मतदान केन्द्र

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने बताया कि जिले के 6 लाख 30 हजार 802 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 3 लाख 9 हजार 840 पुरूष, 3 लाख 20 हजार 953 महिला मतदाता तथा 9 थर्ड जेंडर मतदाता सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 753 मतदान केन्द्र हैं, इनमें लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में 259, लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद में 237 और विधानसभा धमतरी में 257 मतदान केन्द्र शामिल है। इसी तरह जिले के प्रत्येक विधानसभा में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र (महिला प्रबंधित मतदान केन्द्र), दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित 1-1 और प्रत्येक विधानसभा में 5-5 युवा प्रबंधित और आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए महिलाओं, दिव्यांगों व युवाओं सहित सभी नागरिकों के लिए और अधिक समावेशी एवं सहभागी बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने बताया कि संगवारी मतदान केन्द्रों पर महिलाओं द्वारा ही पीठासीन अधिकारी और मतदान से संबंधित अन्य कार्यों को संपादित किया जाएगा। जिले के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में संगवारी मतदान केंद्र स्थापित किए गए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री गांधी ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद और धमतरी तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें सभी मतदान अधिकारी महिलाएं होंगी। जिन मतदान केन्द्रों में संगवारी मतदान महिला कर्मियों द्वारा प्रबंधित के लिए चिन्हांकित किया गया है, यह मतदान केन्द्र हैः- लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिए मतदान केन्द्र क्रमांक 145 कर्राघाटी नया पूर्ण माध्यमिक शाला भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक 146 हरदीभाठा के पूर्व माध्यमिक शाला नया भवन हरदीभाठा, 147 नगरी के प्राथमिक शाला भवन दुर्गा चौक, मतदान केन्द्र क्रमांक 148 नगरी के माध्यमिक शाला भवन दुर्गा चौक, मतदान केन्द्र क्रमांक 151 नगरी के शासकीय श्रृंगीऋषि एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल नगरी कक्ष क्रमांक 17, मतदान केन्द्र क्रमांक 163 अमाली के नया प्राथमिक शाला भवन अमाली, मतदान केन्द्र क्रमांक 176 सांकरा के प्राथमिक शाला भवन सांकरा (02), मतदान केन्द्र क्रमांक 189 देवपुर के पूर्व माध्यमिक शाला भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक 190 देवपुर प्राथमिक शाला भवन और मतदान केन्द्र क्रमांक 203 बांसपानी के शासकीय हाईस्कूल भवन शामिल है। लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा क्षेत्र कुरूद के लिए मतदान केन्द्र क्रमांक 134 भाठागांव दक्षिण के प्राथमिक शाला भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक 135 भालूकोना के प्राथमिक शाला भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक 140 भालूझूलन के प्राथमिक शाला भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक 143 खैरा के प्राथमिक शाला भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक 146 कोकड़ी के प्राथमिक शाला भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक 149 परसवानी के प्राथमिक शाला भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक 159 नवागांव के प्राथमिक शाला भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक 160 उमरदा के पूर्व माध्यमिक शाला भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक 169 कुरूद नवीन प्राथमिक शाला भवन और मतदान केन्द्र क्रमांक 185 भरदा के प्राथमिक शाला भवन को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है। लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा क्षेत्र धमतरी के लिए मतदान केन्द्र क्रमांक 115 गोकुलपुर के प्राथमिक शाला भवन (उत्तर), मतदान केन्द्र क्रमांक 116 गोकुलपुर के प्राथमिक शाला भवन (दक्षिण), मतदान केन्द्र क्रमांक 151 रामपुर वार्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन (दक्षिण) कक्ष क्र.1 रामपुर वार्ड, मतदान केन्द्र क्रमांक 152 रामपुर वार्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन (दक्षिण) कक्ष क्र.2 रामपुर वार्ड, मतदान केन्द्र क्रमांक 174 हटकेशर वार्ड प्राथमिक शाला भवन कक्ष क्रमांक 2, मतदान केन्द्र क्रमांक 176 हटकेशर वार्ड प्राथमिक शाला भवन कक्ष क्रमांक 3, मतदान केन्द्र क्रमांक 179 बठेना के मेहत्तरू राम ढीमर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय लाइब्रेरी कक्ष क्रमांक 2, मतदान केन्द्र क्रमांक 216 रूद्री के शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय रूद्री कक्ष क्रमांक 01, मतदान केन्द्र क्रमांक 218 रूद्री के शासकीय माध्यमिक शाला भवन रूद्री और मतदान केन्द्र क्रमांक 221 भटगांव के प्राथमिक शाला भवन भटगांव उत्तर को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है।


## सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस दिनांक 03.04.2024 को बिना डिलीवर किए वापस कर दिया गया था और इसलिए यह समाचार पत्र प्रकाशन

KVB Karur Vysya Bank
Smart way to bank

**द करूर वैश्य बैंक लिमिटेड, रायपुर शाखा**
ईपीआई सेंटर, यशवंत अस्पताल के पास,
जी.ई. रोड, तात्या पारा चौक, रायपुर-492001

संदर्भ संख्या : सरफेसी/01/2024-25 दिनांक : 03.04.2024

को,
1. श्रीमान पोखराज डोंगरे (उधारकर्ता)
पिता श्री चैतन राम डोंगरे, ग्राम-दबनई पोस्ट-निस्टीगुड़ा, तहसील थाना देवभोग जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ 493890
और साथ ही,
बब्बू प्लॉट, माँ काली छठ भंडार के पास, प्रेम नगर मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन 492001

प्रिय महोदय,
**पंजीकरण :** धारा के तहत नोटिस। वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2)। [सरफेसी अधिनियम]
अधोहस्ताक्षरी, "द करूर वैश्य बैंक लिमिटेड" का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, धारा के तहत आपको यह नोटिस जारी करता है। (13)2 वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 का ।
आपके अनुरोध पर, आपको "द करूर वैश्य बैंक लिमिटेड" द्वारा अपनी रायपुर शाखा (इसके बाद 'बैंक' कहा जाएगा) के माध्यम से समय-समय पर नीचे उल्लिखित क्रेडिट सुविधा प्रदान की गई है, जो नीचे दर्शाई गई तारीख के अनुसार बकाया है :

| क्र.सं. | सुविधा की प्रकृति | ऋण की तिथि | सीमा/राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | स्टाफ प्रथम आवास ऋण | 04/04/2017 | रु.18,00,000/- |

उपरोक्त क्रेडिट सुविधा आपके नंबर 1 के स्वामित्व वाली संपत्ति के संबंध में स्वामित्व विलेख जमा करके समान बंधक द्वारा सुरक्षित है (यहां नीचे अनुसूची-ए में अधिक पूरी तरह से वर्णित है)।
चूंकि आप मंजूरी के नियमों और शर्तों के अनुसार बैंक को देय उक्त राशि को चुकाने में विफल रहे हैं और चूक कर चुके हैं, ऋण अनियमित हो गए हैं और इसलिए खाते को 23.03.2021 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार।
31.03.2024 तक, रुपये की राशि। 12,04,384.60 (रुपये बारह लाख चार हजार तीन सौ चौरासी और पैसे साठ मात्र) उपरोक्त क्रेडिट सुविधा के तहत 01.04.2024 से ब्याज, लागत और अन्य शुल्कों के साथ आप सभी द्वारा संयुक्त रूप से और अलग-अलग देय है।

| क्र.सं. | सुविधा की प्रकृति | बकाया 31.03.2024 तक |
|---|---|---|
| 1. | स्टाफ प्रथम आवास ऋण | रु. 12,04,384.60 |

ऊपर उल्लिखित परिस्थितियों में, हम सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत आप सभी से आह्वान करते हैं कि वे हमें उपरोक्त संपूर्ण राशि 12,04,384.60 रुपये (बारह लाख चार हजार तीन सौ चौरासी रुपये और केवल साठ पैसे) का भुगतान करें। साथ में आगे ब्याज, संयुक्त रूप से और अलग-अलग, इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर ऐसा न करने पर, हम वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा के प्रवर्तन के प्रावधानों के अनुसार प्रतिभूतियों को लागू करके आपके खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे। ब्याज अधिनियम, 2002.
बैंक आपसे भविष्य में भुनाए गए/खरीदे गए/बातचीत किए गए बिलों, बैंक गारंटी और जारी किए गए क्रेडिट पत्र या किसी अन्य आकस्मिक देनदारियों के कारण उत्पन्न होने वाली देनदारियों को चुकाने की मांग करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इस नोटिस को धारा की उप-धारा 2 के प्रावधानों के अनुसार लिखित नोटिस के रूप में माना जाएगा। वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13, आपको सूचित करती है कि आपने सुरक्षित ऋण के पुनर्भुगतान में चूक की है, कि आपका खाता ऐसे सुरक्षित ऋण के संबंध में 'गैर-निष्पादित परिसंपत्ति' के रूप में वर्गीकृत किया गया है और आपको इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर बैंक के प्रति अपनी पूरी देनदारियों का निर्वहन करना होगा। यदि आप इस नोटिस का अनुपालन करने में विफल रहते हैं, तो बैंक धारा 4 (ए) (बी) (सी) (डी) के तहत सभी या किसी भी अधिकार का प्रयोग करने का हकदार होगा। अधिनियम की धारा 13 में अन्य बातों के साथ-साथ सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा लेने का अधिकार और हस्तांतरण का अधिकार भी शामिल है ऐसी परिसंपत्तियों को पट्टे, असाइनमेंट या बिक्री के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है और सुरक्षित परिसंपत्तियों की वसूली की जा सकती है।
**उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में सरफेसी अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**
इसके अलावा, आपको धारा के अनुसार हमारी पूर्व लिखित सहमति के बिना किसी भी तरीके से बिक्री, पट्टे या हस्तांतरण के माध्यम से यहां अनुसूचियों में उल्लिखित किसी भी सुरक्षित संपत्ति से निपटने से रोका जाता है। सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (13).
यह नोटिस सरफेसी अधिनियम और/या लागू किसी भी अन्य कानून के तहत हमें उपलब्ध किसी भी अन्य अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना है, जिसमें आपके द्वारा देय और देय राशि की अतिरिक्त मांग भी शामिल है।
यह नोटिस डीआरटी/कोर्ट या किसी अन्य फोरम के समक्ष चल रही या भविष्य की कानूनी कार्रवाइयों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना है।

**अनुसूची-ए**

प्लॉट नंबर 116, खाता नंबर 259/1, 259/2, 262/1, 262/2, 263, 306, ग्राम धनसुली में स्थित आवासीय भूमि और उस पर बने भवन का वह पूरा टुकड़ा और क्षेत्रफल 18375 वर्ग फीट है।, पी.एच. क्रमांक 69/12, "संस्कार सिटी" सीजीएचबी कॉलोनी के पास, आरएनएम मंदिर हसौद, आरआईसी रायपुर, तह आरंग और जिला। रायपुर, छत्तीसगढ़ श्री पोखराज डोंगरे के नाम पर स्थित है, और संपत्ति बटेड और बाउंडेड है : - उत्तर में : सड़क। पूर्व में : सड़क। दक्षिण में : प्लॉट नंबर 124 का भाग। पश्चिम में : प्लॉट नंबर 117

स्थान: रायपुर
दिनांक: 03.04.2024

प्राधिकृत अधिकारी
करूर वैश्य बैंक लिमिटेड

# आप लोगों ने मेरी दादी इंदिरा को जो प्यार आशीर्वाद दिया, वही अब मुझे भी दीजिये, मैं उन्हीं की पोती हूं : प्रियंका गांधी

## बालोद के ग्राम हथौद से मोदी पर जमकर बरसी प्रियंका, कहा- चंद उद्योगपतियों की है सरकार

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

भाजपा धर्म के नाम पर सिर्फ दिखावा करती है, ये लोग पूजा भी करने जाते है तो मीडिया कैमरा चाहिए। मेरी दादी इंदिरा गांधी पूजा करती थी, बंद कमरे में उन्होंने कभी दिखावा नही किया। जिसे आप सब प्यार करते है, सम्मान देते है और वही प्यार सम्मान आपसे मुझे मिल रहा है। उक्त बातें बालोद जिले के ग्राम हथौद के चुनावी सभा मे प्रियंका गांधी ने की। रविवार को बालोद जिले के ग्राम हथौद में आयोजित न्याय संकल्प यात्रा को प्रियंका गांधी ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार और जमकर निशाना साधा। कांकेर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बिरेश ठाकुर के पक्ष में चुनावी सभा लेने आई प्रियंका गांधी ने अपने पूरे भाषण में भाजपा सहित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर हमला बोला। प्रियंका ने कहा कि पूरे देश को तोड़ के 400 पार की बात कर के देश के संविधान ही बदल डालेगी भाजपा, बेरोजगारी जितनी पिछले 10 सालों में पूरे देश मे बढ़ी है, उतनी तो कभी नही बढ़ी, किसान परेशान है, जनता अब त्रस्त हो गई है, मगर भाजपा सिर्फ दिखावा कर रही है। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार में जो योजना चालू हुई वो बंद कर दिया गया। अब ये लोग डरा रहे है, भूपेश बघेल पर लगातार मामले दर्ज कर डराने का काम कर रहे है। मगर अब कांग्रेस डरने वाली नही है, क्योकि जनता हमारे साथ है, कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओ को सम्मान मिलेगा। नारी गारन्टी योजना का लाभ मिलेगा। आप लोगो ने जो मेरी दादी इंदिरा गांधी को प्यार आशीर्वाद दिया, वही अब मुझे भी दीजिये, मैं उन्ही की पोती हूं। कांग्रेस की स्टार प्रचारक और राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के आगमन पर मंच पर कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।



### भाजपा आरक्षण को कम करना चाहती है

प्रियंका ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की देश में नाटक और नौटंकी की राजनीति की जा रही है, नैतिकता की राजनीति नहीं की जा रही है, भाजपा के नेता जनता से सिर्फ झूठ बोलने का काम करते हैं, भाजपा के नेता सत्ता की शान दिखाते हैं, नेता का धर्म सेवा होता है, जनता के सामने सच नहीं बोलने और जनता सबक सिखाती है, एक नेता बहुत अहंकारी हो गए हैं, उनके आसपास के लोग सच्चाई नहीं बताते, देश के प्रधानमंत्री मंच पर तो आते हैं, लेकिन जनता के बीच नहीं जाते, जनता के कष्ट से उन्हें कोई लेना देना नहीं है, महंगाई से उन्हें कोई मतलब नहीं है। प्रियंका ने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं, अबकी बार 400 पार, हमें पांच साल और दो हम संविधान बदल देंगे, इसका क्या मतलब है..? संविधान हमें सभी अधिकार देता है, आजादी देता है, इस देश के लोगों ने संविधान के लिए खून पसीना बहाया है, ये नेता इसी संविधान को बदलना चाहते हैं, आरक्षण को कम करना चाहते हैं भाजपा के नेता।

### बेरोजगारी और महंगाई बढ़ रही

प्रियंका ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने बड़े-बड़े उद्योगपति दोस्तों को सभी संपत्तियां सौंप दी है, कोयला, बिजली, रेलवे सभी बड़े उद्योगपतियों को सौंप दिया गया है कोई यह नहीं कहता कि उद्योग नहीं होने चाहिए। लेकिन सभी बड़े उद्योगपतियों के खाने के लिए नहीं है, किसान के पास खाने के लिए पैसे नहीं है, शादी करने के लिए उसे कर्ज लेना पड़ता है। जिन उद्योगपतियों के कर्ज माफकिए गए हैं, उनके घरों की शादियां राजा महाराजाओं के जैसे होती हैं, गरीबों को कौन पूछेगा? प्रियंका ने कहा कि कांग्रेस की सभी योजनाओं को भाजपा सरकार ने बन्द कर दिया। प्रियंका गांधी ने कहा की आपकी जो धरती है वह खास धरती है, 5 साल तक यह कांग्रेस की सरकार रही है, भूपेश बघेल ने यहा काम किया, अभी भाजपा की सरकार है, आप समझ गए होंगे की कांग्रेस ने क्या काम किया? भूमिहीन लोगों को न्याय मिला, आंगनबाड़ी के मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया, गोबर खरीदी गए, कांग्रेस शासन काल में सभी काम हुए।

## मुख्यमंत्री साय की आज नगर में चार सभाएं

**राजनांदगाँव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के चुनाव प्रचार अभियान को गति प्रदान करने राष्ट्रीय स्तर के नेताओं सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभाए आयोजित हो रही हैं इसी तारतम्य में कल 22 अप्रैल सोमवार को मुख्यमंत्री साय राजनांदगाँव विधानसभा के श्रमिक बहुल क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित कर कमल फूल निशान को विजयी बनाने का आवाहन करेंगे।

भाजपा मीडिया सेल प्रभारी अशोक लोहिया व अमर लालवानी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल शाम 05:00 बजे नंदई में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे, इसके पूर्व भाजपा युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता बाईक रैली के माध्यम से साय का भावभीना स्वागत करेंगे। इसके पश्चात शाम 06:00 बजे लखोली, शाम 07:00 बजे चिखली एवं रात्रि 08:00 बजे मोतीपुर पहुचकर जनसम्पर्क करते हुए चुनावी सभा के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से जीत दिलाने का आवाहन आमजनों से करेंगे।

## औद्योगिक इकाईयों के कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यक्रमों में मतदाता शपथ दिलाई जा रही है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में संचालित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार संस्था प्रमुखों को मतदान दिवस को संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं



श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने कहा गया है। कर्मचारियों एवं श्रमिकों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी जा रही है और मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही कर्मचारियों एवं श्रमिकों को मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है।

## क्वीक न्यूज

### भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में

**राजनांदगाँव।** भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी संतोष पांडे कल 22 अप्रैल सोमवार को खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन ग्रामों में जनसम्पर्क करते हुए सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा प्रत्याशी पांडे कल दोपहर 02:00 बजे खैरागढ़ ग्रामीण मण्डल के ग्राम धनगाँव से अपना जनसम्पर्क अभियान प्रारंभ करेंगे। इसके पश्चात वे ग्राम चिंगरी, जोरातराई, भीमपूरी व बाजार अतरिया पहुचेंगे एवं ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए चुनावी सभा के माध्यम से कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांगेंगे। फिर वे दोपहर 04:30 बजे खैरागढ़ शहर में आयोजित सघन जनसम्पर्क अभियान में सम्मिलित होंगे। शाम 05:30 बजे से देर रात्रि तक राजनांदगाँव शहर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जन सभाओं में शामिल होंगे।

### मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश की मंजूरी देने के निर्देश

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले के सभी औद्योगिक इकाईयों को मतदान दिवस शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश की मंजूरी देने के निर्देश दिए हैं। ताकि संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी एवं श्रमिक संबंधित मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

### श्रमिकों को मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यक्रमों में मतदाता शपथ दिलाई जा रही है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में संचालित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार संस्था प्रमुखों को मतदान दिवस को संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने कहा गया है। कर्मचारियों एवं श्रमिकों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी जा रही है और मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही कर्मचारियों एवं श्रमिकों को मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है।

### एएनएम बर्खास्त, राजनीतिक गतिविधियों में शामिल पाई गई

**मानपुर।** आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में मानपुर विकासखंड के भरीटोला में पदस्थ एएनएम छाया उईके का तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त कर दिया गया है। ज्ञात हो कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप पर संबंधित की किसी पार्टी विशेष के पक्ष में प्रचार-प्रसार करने एवं महालक्ष्मी गारंटी के नाम से महिलाओं से फॉर्म भरवाए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर विकासखंड स्तरीय समिति द्वारा जांच की गई थी। समिति द्वारा शिकायत सही पाए जाने पर सेक्टर प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरीटोला द्वारा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के तहत संबंधित एएनएम की सेवा को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक बर्खास्त एएनएम क्षेत्र की जनपद सदस्य है और वह कांग्रेस से जुड़ी हुई हैं।

## स्वीप संगोष्ठी में नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व से कराया गया अवगत

### मतदाताओं को भयमुक्त एवं बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का उपयोग करने किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जिले में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए स्वीप संगोष्ठी आयोजित कर नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व को बताया जा रहा है। जिले में शत-प्रतिशत मतदातओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं नगर पंचायत छुरिया के कर्मचारियों द्वारा छुरिया नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में स्वीप संगोष्ठी आयोजित किया गया। स्वीप संगोष्ठी में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं नागरिक बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुसुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। स्वीप टीम द्वारा स्वीप संगोष्ठी आयोजित कर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों से अवगत करते हुए लोकतंत्र के महापर्व के संबंध में जानकारी दी गई। लोकतंत्र के महापर्व में सभी नागरिकों को शामिल होने का आव्हान किया गया। संगोष्ठी में नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व से अवगत कराया गया। नागरिकों को देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने मतदाताओं को भयमुक्त एवं बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। नागरिकों को मतदान के महत्व के संबंध में समझाया गया। लोकतंत्र में संसद की भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी नागरिकों को अपने परिवार, रिश्तेदार एवं पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा गया। संगोष्ठी में नागरिकों को बताया गया कि लोकतंत्र में मजबूती का आधार सिर्फ मतदान होता है। इस उद्देश्य के साथ मतदाता शपथ सभी नागरिकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कर्मचारी को दिलाया गया। सभी नागरिकों से मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार और कर्तव्य का पालन करने की अपील की गई। स्वीप संगोष्ठी के अवसर पर आंगबाड़ी कार्यकर्ता, कर्मचारी एवं नागरिकों ने मतदाता की शपथ लेकर मोर वोट मोर अधिकार, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से मताधिकार का उपयोग करने संकल्प लिया गया।

## मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश की मंजूरी देने के निर्देश

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले के सभी औद्योगिक इकाईयों को मतदान दिवस शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश की मंजूरी देने के निर्देश दिए हैं। ताकि संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी एवं श्रमिक संबंधित मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

### पूरे देश के अंदर एक ही लहर है, एक ही आवाज है फिर एक बार मोदी सरकार

## कांग्रेस देश को जातिवाद, धर्म आतंकवाद के नाम पर बांटना चाहती है : योगी आदित्यनाथ

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस आतंकवाद का नाम है, कांग्रेस नक्सलवाद का नाम है। कांग्रेस ने युवाओं को आतंकवाद के नाम पर, उग्रवाद के नाम पर उकसाने का कार्य किया है। योगी ने कहा कि 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुए हैं। पूरे देश के अंदर एक ही लहर है, एक ही आवाज है फिर एक बार मोदी सरकार। इसी आवाज को छत्तीसगढ़ में भी हमें गुंजाना है। जो लोग जातिवाद के नाम पर और अन्य आधार पर यहां लोगों को बांटना चाहते हैं, उनको दरकिनार करिए। मुख्यमंत्री योगी रविवार को बिलासपुर संसदीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की महती चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब भी अवसर मिला, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को पूरी तरह लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा। भाजपा की सरकारों ने, डॉ. सिंह की सरकार रही हो, चाहे वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार हो, यहां के गरीबों के लिए, पिछड़ों के लिए, वनवासी आदिवासियों के लिए, उनके सम्मानजनक स्थान के लिए कार्य किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, अटल जी के नेतृत्व में जो योजनाएं बनाई गई थीं, कांग्रेस ने अपने 5 वर्ष के शासनकाल में उन्हें समाप्त करने का प्रयास किया। लोकसभा के चुनावी सभा में बिलासपुर में यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ ने कांग्रेस में हमला बोलते हुए कहा कि कोंग्रेस आतंकवाद और अलगाववाद का समर्थन करती थीं, पाकिस्तान के हमले पर चुप रहती थी, आज स्थिति



अलग है। मोदी सरकार अस्सी करोड लोगो को फ्री में राशन दे रही है आगे पांच साल भी फ्री में राशन मिलेगा। योगी ने कहा की धारा 370 आतंकवाद की ताबूत पर आखरी कील है। कांग्रेस ने आंतकवाद, नक्सलवाद, क्षेत्र वाद को बढ़ावा दिया। यूपी में अब व्यापारी और बेटी सुरक्षित हैं।

आतंकियों और माफियाओ का रामनाम सत्य हो गया है। उन्होंने कहा मोदी को विकसित भारत के लिए तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। आपका प्रत्याशी ही मोदी है, मोदी और अमित शाह के आने के बाद आतंकवाद, अलगाववाद, भ्रष्ट्राचार खत्म हुआ है, कांग्रेस के समय में लोग भूखे मरते थे, मोदी अस्सी करोड़ लोगो को चार साल से फ्री में राशन दे रहें है। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है, राम मंदिर की पहली खुशी यहां है। योगी अपने 18 मिनट के भाषण में केवल पूर्व सीएम का नाम लिया, कहा जब पूर्व सीएम ने रायपुर में राम मंदिर बनाया तभी मैंने कहा था तीन साल बाद अयोध्या में राम मंदिर बनेगा।

कांग्रेस तो राम और कृष्ण के अस्तित्व को ही नकार रही है और अब मंदिर बन जानें पर कह रहे है राम सबके है। योगी का विधायक सुशांत शुक्ला ने खुमरी पहना कर स्वागत किया।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल विधायको धरम कौशिक, अमर अग्रवाल भूपेंद्र सवन्नी प्रत्याशी तोखन साहू जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत सहित भाजपा के नेता मौजूद थे।

# अलर्ट : गेहूं की भराई उपचारित बारदानों में ही करें, भंडार कक्ष के लिए जारी हुई एडवाइजरी

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

करना होगा उपचारित बारदानों का उपयोग अन्यथा भंडारित गेहूं में घुन के साथ फफूंद लगने की आशंका बनी रहेगी। यह सलाह गेहूं वैज्ञानिकों ने इसलिए जारी की है क्योंकि आ रही नई फसल में नमी, मानक से ज्यादा मात्रा में है। उपाय मेहनत भरा जरूर लग सकता है लेकिन इस उपाय से दीर्घ अवधि तक गेहूं को सुरक्षित रखा जा सकेगा। इसके अलावा भंडारगृहों की नियमित निगरानी भी आवश्यक होगी क्योंकि अनेक प्रकार के कीट के लिए माकूल मौसम बने हुए हैं। ऐसे में अतिरिक्त सतर्कता वांछनीय है।



### क्या है उपचारित बारदाना

अनाज भंडारण के लिए वैसे तो नई बोरियों का उपयोग किया जाना चाहिए लेकिन हर बार ऐसा कर पाना संभव नहीं होता। ऐसे में पुरानी बोरियों को 0.1त्न मेलाथियान 50 ई. सी.के घोल में 10 से 15 मिनट तक भिगोएं। इसके बाद छायादार जगह पर सुखाएं। अच्छी तरह सूखने के बाद तैयार है अनाज भंडारण के लिए उपचारित बारदाना। यह उपाय सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करता है।

### ऐसे बचाएं चूहों से

चूहों की रोकथाम के लिए 1 किलो चना या गेहूं के दानों में 20 ग्राम सरसों का तेल मिलाकर 25 ग्राम जिंक फास्फाइड के साथ 10-10 ग्राम की पुड़िया बनाकर चूहों के बिल में रखें। इसके पहले बिना दवाई वाली उपज की पुड़िया रखें ताकि चूहे आकर्षित हों। इसके अलावा स्टिकी ट्रैप का उपयोग करें, तो यह उपाय बेहद कारगर होगा और भंडारित उपज सुरक्षित रखी जा सकेगी।

अनुचित भंडारण सही नहीं अनुचित भंडारण कीट विकास को प्रोत्साहित करता है। भृंग, घुन और पतंगे जैसे कीड़े, भंडारित फसलों को संक्रमित कर भारी नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे वजन में कमी आती है और गुणवत्ता में गिरावट होती है।

**-डॉ.अर्चना केरकट्टा, असिस्टेंट प्रोफेसर (एंटोमोलॉजी), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

### ऐसे करें भंडारण

अनाज से भरी बोरियों को जमीन की नमी से बचाने के लिए लकड़ी के पाटों पर रखना होगा। दीवारों से मानक दूरी पर बोरियों के स्टेक के बीच कम से कम 30 सेंटीमीटर का अंतर होना अनिवार्य होगा। कीड़े उड़ते हुए मिलने पर अल्युमिनियम फास्फाइड की सात टैबलेट प्रति 1000 घन फुट के अंतर में रखें। ध्यान रखें कि भंडार गृह में पशु आहार, उर्वरक और कीटनाशक नहीं हों।

सुरक्षित भंडारण बड़ी चुनौती कुछ कीट अनाज, दाल और उनकी फलियों पर दिए गए अंडों के जरिये घरों में पहुंचते हैं, तो अनाज परिवहन करने वाले वाहन भी कीट की पहुंच भंडारगृह तक आसान बनाते हैं। सर्वाधिक खतरा पुरानी बोरियों से होता है जिनमें पहले से ही कीट मौजूद रहते हैं। इसलिए सुरक्षित भंडारण के जरुरी उपाय का पालन गंभीरता से करना होगा।

**-डॉ. दिनेश पांडे, साइंटिस्ट (एग्रोनॉमी), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# रक्षा सूत्र बांधकर शत-प्रतिशत मतदान करने दिलाया संकल्प

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन में 07 मई को जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल के साथ विकासखण्ड लोरमी के ग्राम अमलडीही पहुंचे। उन्होंने मजदूरी के लिए हैदराबाद पलायन किए मतदाताओं से वीडियो काल के जरिए बात की और उन्हें लोकतंत्र के महापर्व 07 मई को मतदान करने आने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने 03 माह पहले मजदूरी के लिए हैदराबाद पलायन किए गोलू से बात की और कहा कि आप लोग अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग होते हुए गांव आकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान आपका अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। उन्होंने मुकेश से भी बात की और 07 मई को अपने गांव आकर मतदान करने प्रेरित किया। बता दें कि ग्राम अमलडीही से 59 लोग बाहर पलायन किए है। जिला निर्वाचन अधिकारी देव ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पंचायत सचिव को गांव से पलायन किए लोगों को वीडियो कॉल कर मतदान के लिए जागरूक करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पलायन किए मतदाता गांव में आएं तो, उनका स्वागत करें तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए मतदान करने प्रेरित करें। कलेक्टर ने कहा कि पिछले चुनाव में ऐसे मतदाता जिन्होंने मतदान नहीं किया था, उनसे वचनपत्र में हस्ताक्षर लेते हुए उन्हें भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करें।

**रक्षा सूत्र बांधकर शतप्रतिशत मतदान करने दिलाया संकल्प-** कलेक्टर ने मतदाताओं को रक्षा सूत्र बांधकर शतप्रतिशत मतदान करने संकल्प दिलाया। उन्होंने बुजुर्ग मतदाता लखन एवं सुकवरिया चेलकर को श्रीफल भेंट किया और आमंत्रण पत्र प्रदान करते हुए रक्षा सूत्र एवं माला पहनाकर मतदान करने प्रेरित किया। इसी तरह युवा मतदाता गुलाब, पप्पू एवं संतराम को रक्षा सूत्र व माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनके अधिकार के प्रति जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणजनों से कहा कि मतदान करने से एक अच्छा जनप्रतिनिधि चुना जा सकता है, जिससे हमारे गांव का समुचित विकास हो सके। इसलिए मतदान अवश्य करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम लोरमी गिरधारी लाल यादव, जनपद पंचायत लोरमी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जैन समाज की शोभायात्रा का संघ के स्वयंसेवकों ने किया स्वागत

- न समाज की शोभायात्रा का स्वागत कर जैन मुनियो आर्शिवाद प्राप्त किया

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





भगवान महावीर जयंती पर भजन दुकान के सामने सदर बाजार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से जैन समाज की शोभायात्रा का स्वागत किया गया। साथ ही शोभायात्रा के साथ चल रहे जैन मुनियों को प्रणाम कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर नगर कार्यवाह गौरव मगर, विनोद राव रणसिंह, उमेश सिंह बशिष्ट, कैलाश राव भोंसले, शैलेंद्र चंद्राकर, विशाल ब्रम्हे, विजयंत रणसिंह, विनय पटवा, दिनेश पटवा व अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे । यह जानकारी संघ के नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट ने दी है।

# कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कुरूद विस के अनेक ग्रामो में जनसम्पर्क एवं नुक्कड सभा को किया संबोधित

## महासमुंद लोस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने किया जनसम्पर्क

पायनियर संवाददाता ◄ कुरूद/धमतरी
www.dailypioneer.com





'महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कुरुद विधानसभा के ग्राम ईरा, हंचलपुर, बोरझरा, भेण्डसर, भठेली, भखारा सिहाद में जनसंपर्क किया। इस अवसर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना, कुरुद विधानसभा के संयोजक मोहन लालवानी एवं जनप्रतिनिधि गण, पदाधिकारी गण, वरिष्ठ कार्यकर्ता गण और ग्रामवासियो की उपस्थिति में जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभा को संबोधित कर कांग्रेस पार्टी का समर्थन करने और अधिक से अधिक मतो से विजयी बनाने की अपील किया।

# भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया आज जशपुर आएंगे विधानसभा क्षेत्र में होगा सघन जनसंपर्क कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्यासी राधेश्याम राठिया सोमवार को जशपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे, उक्ताशय की जानकारी देते हुए ओम प्रकाश सिंहा जिला संयोजक विधानसभा जशपुर ने बताया कि लोकसभा प्रत्यासी राधेश्याम राठिया सोमवार को सुबह 11.30 से 2.00 बजे दोपहर तक जशपुर ग्रामीण मंडल में विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल रहेंगे,यहां ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष संजीव ओझा के नेतृत्व में सुबह 11.30 बजे लोदाम, दोपहर 12.30 बजे लोखण्डी और दोपहर 01.30 बजे आरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हो जनता से रूबरू होंगे। इसी प्रकार जशपुर शहर मण्डल में मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह के नेतृत्व में भागलपुर में दोपहर 03.30 बजे,डीपा टोली में शाम 04.30 बजे, कदमटोली में शाम 05.30 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार पुनः जशपुर ग्रामीण मंडल के नीमगांव में शाम 06.30 बजे आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा प्रत्याशी शिरकत करेंगे। उक्त कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है,जिसमें लोदाम के लिए संजय गुप्ता, लोखंडी के लिए महेश पांडे,आरा के लिए मंगलनाथ सिंह,भागलपुर के लिए रजनी प्रधान, डीपाटोली के लिए नितिन राय, कदमटोली के लिए अनुज भगत और निमगांव के लिए शारदा प्रधान को कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# ईई के संरक्षण से घटिया नल जल कनेक्शन कार्य बीजेपी का बिगाडेगा का खेल

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





घर घर नल से जल पहचाने कलेक्टर की अध्यक्षता वाला जल जीवन मिशन योजना पीएचई विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर द्वारा ठेकेदारों को संरक्षण देने के चलते पिछले कई महीनों से भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा हुआ है कहीं नल जल कनेक्शन तो अस्तित्व से गायब है और उक्त कनेक्शन सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज कर कर लगभग लगभग राशि भी जारी हो चुका है तो कई नल जल कनेक्शन गुणवत्ताहीन कार्य से तहस-नहस पड़ा है जिसका प्रमुख कारण मापदंड अनुसार गुणवत्ता पूर्वक नल जल कनेक्शन कार्य नहीं करने को माना जाता है विभागीय जानकारी जानकारी अनुसार सरकार द्वारा चयनित प्रतीक हितग्राहियों के घर में नल से जल पहुंचने के लिए 7000 आवंटित किया है ताकि निर्धारित चबूतरा स्टैंड सहित एचडीपी आशीर्वाद सुप्रीमो सहित अन्य सिलेक्टेड कंपनी का पाइप डालने का आदेश है इसके अलावा अलग से 3 फीट गड्ढा खोदकर पाइप बिछाने का प्रावधान भी है लेकिन ठेकेदार द्वारा निर्धारित घटक होते बिना ही पाइप लाइन का काम कर दिया गया है तो कुछ नाम मात्र चबूतरा बनाया गया है जिसे लेकर देवभोग ब्लॉक के गाड़ाघाट घोघर कोडकी पारा सुकलीभांटा खोकसरा सहित अन्य ग्राम पर शिकायत है इसके अलावा मैनपुर मुख्यालय भाटीगढ़ बोईरगुड़ा मूचबहाल खजूरपदर के साथ कई गांव मे यह जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत बने चबूतरा की हालत खराब हो चुकी है बाबजूद इसके विभाग के इंजीनियर आंख मूंद कर मूल्यांकन कर रहें हैं तो दूसरी ओर घर बैठे बैठे एसडीओ द्वारा सत्यापित किया जा रहा है और कुछ विभाग प्रमुख भी कागजों को जमीनी हकीकत मानकर राशि जारी कर देते हैं शायद यही वजह है कि लोककल्याणकारी योजना का धरातल पर बंटाधार हुआ है जिसे लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों के समक्ष मौखिक शिकायत दर्ज किया गया है लेकिन तगड़ी सेटिंग के बीच वह शिकायत रद्दी के टोकरी में नजर आती हैं. कलेक्टर की निगरानी में हो जांचड्ढ: जिस तरह नीचे से लेकर ऊपर तक नल जल योजना में भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है उससे सरकार को चूना लगाने के साथ हितग्राही भी इस योजना में अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं क्योंकि इस योजना का लाभ आज भी शत प्रतिशत नहीं मिल पा रहा है खासकर देवभोग और मैनपुर मैं स्थिति खराब है जिससे लगभग विभाग के सभी अधिकारी अवगत है लेकिन अफसोस की बात है आज पर्यंत ना ठेकेदार के खिलाफकोई कार्रवाई हुई और ना जिम्मेदार अधिकारी के कार्य प्रणाली में सुधार हुआ ऐसे में ही हितग्राहियों को विभागीय सचिव के अलावा कलेक्टर से जहां जीवन कार्रवाई की उम्मीद है क्योंकि पीएचई विभाग के ज़िम्मेदार अधिकारी तो ठेकेदार के हर कदम पर साथ दिखाई पड़ते हैं ऐसे में विभागीय अधिकारियों से गुणवत्तापूर्वक नल जल कनेक्शन देने की कल्पना करना फिजूल है।.गुणवत्ताहीन नल जल कनेक्शन बिगाड़ेगा बीजेपी का खेल ड्ढ: मोदी सरकार की नल से जल पहचाने की योजना महिलाओं के बीच काफी लोकप्रिय रहा लेकिन अब भ्रष्टाचार की बलि चढ़ता देख ज्यादातर महिलाएं काफी ज्यादा नाराज दिखाई पड़ रही है जिसका सीधा प्रभाव इस लोकसभा चुनाव में दिखाने की बात कह रहे हैं क्योंकि ऐसे जनकल्याण कारी योजना के चलते ही महिलाएं एक तरफा बीजेपी को समर्थन देती है लेकिन यह नल जल कनेक्शन कार्य अधिकारी और ठेकेदार के लिए कमाई का जरिया बना हुआ हैं और सरकार की ओर से कोई कार्यवाही नहीं होती शायद ही वजह है कि भाजपा समर्थक महिलाओ को इस बार बीजेपी को चुनने के लिए सोचना पड़ रहा है जिसे कई भाजपा पदाधिकारी भांपते अधिकारियों पर कार्यवाही का भरोसा भी दिला रहे हैं इसलिए गुणवत्ताहीन नल जल कनेक्शन कार्य भाजपा महिला मतदाताओं की बीच खेल बिगड़ने की संभावना बताई जा रही है।

# नवकार महिला मंडल द्वारा शंकरदाह उमावि को वॉटर कि भेंट नवकार महिला मंडल जरूरतमंदो की सहायता हमेशा करती है

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com







सकल जैन श्री संघ द्वारा पांच दिवसीय तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके तहत सकल जैन श्री संघ के सान्निध्य में धमतरी नवकार महिला मंडल द्वारा स्व.हीराचंद चौरडिया की धर्मपत्नी लीला देवी चौरडिया की तरफ से शसकीय उच्चतर माध्यमिक शंकरदाह के शिक्षको व विद्यार्थियों को गर्मी से राहत देने हेतु वाटर कूलर प्रदान किया गया। नवकार महिला मंडल जरूरतमंदो की सहायता हेतु हमेशा तत्पर रहती है इस बार भी वाटर कूलर प्रदान करके अपने लक्ष्य को कारगर किया। जिसमें पूरे शाला परिवार में हर्ष व्याप्त है। कार्यक्रम में नवकार महिला मंडल की अध्यक्ष संतोष मिन्नी, सचिव कुसुम गोलछा कोषाध्यक्ष इंदू जैन, बिन्दू जैन, कंचन चोपडा, संजू जैन, बेबी पींचा, तथा सकल संघ अध्यक्ष चैनसुख पारख, वर्धमान जैन श्वेताम्बर स्थानकवासी संघ के अध्यक्ष रमन लोढा, समाज के वरिष्ठ जनो में बंसत ओस्तवाल, रमेश मिन्नी, धर्मेन्द्र लोढा, प्रीतेश ओस्तवाल, आदि मौजूद रहे। शाला परिवार की ओर से सभी का सम्मान किया गया और धान्यवाद ज्ञापित किया गया। शाला परिवार के प्राचार्य एचलए कुर्रे, शोभा दूबे, रोहित देवांगन, एच अंधरे, मोनिका शाह, राजेन्द्र राखेचा, वर्षा तिवारी, तारामती वैद्य, एस गोस्वमी, एच ध्रुव, पवन परिहा, खेल शिक्षक प्रदीप सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## शोभायात्रा निकालकर दिया गया जियो और जीने दो का संदेश, भक्ति धुनो पर थिरकते रहे समाजजन

# सकल जैन समाज धमतरी द्वारा भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव में पर निकाली गई भव्य बरघोड़ा शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत जैन समाज द्वारा भव्य बरघोडा पार्श्वनाथ जिनालय से आदिश्वर जिनालय तक निकाला गया। परम पूज्य गणाधीश प्रन्यास प्रवर विजय कुशल मुनी गणी जी आदि ठाणा एवं साध्वी दीर्घ संयमी कुशल मुनी जी की सुशिष्या जय शिशु विरसियशा जी आदि ठाणा, परम पूज्य उत्तम मुनि जी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी मधूर व्याख्यानी सुधा जी म.सा. आदि ठाणा पांच के पावन निश्रा जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई प्रातः काल प्रभात फेरी श्री पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार से श्री जैन स्थानक भवन सिहावा चौक निकाला गया। 10:30 बजे भव्य बरघोड़ा -श्री पार्श्वनाथ जिनालय से सिहावा चौक होते हुए पुनः श्री आदिश्वर जिनालय गोलबाजार आकर समाप्त हुआ। इस वरघोड़ा में दिगंबर पंचायत समाज की पालकी भी शामिल थी। उक्त दोनों कार्यक्रम में भंवरलाल छाजेड़, डा विजय प्रकाश जैन, मदनलाल चौरडिया, विजय गोलछा, रमन लोढ़ा, दीपक जैन, चैनसुख पारख,जसराज डागा, प्रकाश बैद, लूनकरन गोलछा, मदनलाल पारख, संजय लोढ़ा, महेश पारख,विनय पारख, पारसमल गोलछा, लक्ष्मीलाल लूनिया,निर्मल बरडिया, मोहन गोलछा, राजेश सांखला, कोमल बोहरा,अनिल दुग्गड, रमेश सराफ, दीपक बाफना, महेश कोटडिया, नेमीचंद छाजेड़, अतीक जैन, सुनील जैन, महेश सेठिया, संकेत पारख, दिलीप बड़जात्या, सतीश नाहर, नीरज नाहर, शिशिर सेठिया, मनोज कटारिया, धनराज लूनिया ए संकेत बरडियाए मोती चोपड़ाए रानू डागा, पिंटू डागा, प्रकाश पारख, कमलेश कोटडिया, कुशल चोपड़ा, आकाश कटारिया, मनीष पारख, नीरज नाहर, रूपल लोढ़ा, वंदना चौरडिया, ज्योति लूनिया, मनीषा लूनिया, गौरी लोढ़ा, सरला पारखए किरण सेठिया, गरिमा डागा, मोना बैद, राकेश राखेचा, निखिल डागा, भव्य बरडिया, प्रतीक बैद, नितिन बरडिया, कान्हा गांधी, मोहित छाजेड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। पूरा शहर भगवान महावीर के जयकारों से गूंज उठा। मंडल के सदस्यों द्वारा वरघोड़ा के मध्य सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया।

**दिगंबर मंदिर में आयोजन** -दिगंबर मंदिर अठवानी गली में भगवान महावीर स्वामी का 108 रजत कलशों से महामस्तकाभिषेक एवम संध्या 07:30 बजे 108 दीपक से महाआरती हुई।

**महावीर प्रसादी का आयोजन**-दोपहर 1 बजे से बालक चौक में महावीर प्रसादी रखा गया है। साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर फल वितरण भी किया गया। रात्रि 8 बजे श्री धनकेश्री मंगल भवन में समता बहु मंडल द्वारा प्रदर्शन की होड़, खींच रही अपनी ओर, कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। साथ ही सुधर्म महिला मंडल द्वारा बच्चो का सामूहिक नृत्य होगा।

# गौरी परिवार द्वारा शव फ्रीजर ओएमजी ग्रुप को भेंट




पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

भगवान महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष में स्वर्गीय हीरालाल जी मोरारजी गौरी द्वारा OMG ग्रुप शव ड्रीप फ्रीजर भेंट किया गया या फीचर सर्व समाज के लिए किसी को भी जरूरत पड़े तो निशुल्क उपलब्ध है संपर्क करें नरेंद्र गोलछा 88892 28000 OMG ग्रुप के सदस्यो द्वारा इस पुनीत कार्य के लिए गौरी परिवार का साधुवाद दिए।

# एक ही गांव से उठी आठ लोगों की अर्थी अंजोरपाली गांव में पसर गया सन्नाटा

## नाव पलटने से हुआ था हादसा, बचकर आने वालों ने बताया पूरा घटनाक्रम







पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले से लगे ओड़िसा के रेंगाली थाना क्षेत्र के में आने वाले पंचगांव में शुक्रवार की सुबह पथरसेनी मंदिर दर्शन के लिए गए ग्रामीणों की नाव बीच नदी में पलट गई। इस घटना में एक ही गांव के 8 लोगों की पानी में डूबने से मौत हो गई। सभी के षव को रेक्स्यू कर नदी से बाहर निकाला गया। एक ही गांव के आठ लोगों की मौत की खबर के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया और षनिवार को एक ही गांव से आठ लोगों की अर्थी उठी। घटना के बाद से अंजोरपाली गांव में सन्नाटा पसरा रहा। जब मौके पर मृतकों के शव पहुंचे तब मृतकों के घर में पूरा का पूरा गांव उमड़ पड़ा।घटना में एक ही गांव के 5 महिलाओं से सहित 3 बालकों की मौत हो गई।

### शराब के नशे में था नाविक

ओंजरीपाली के ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की शाम वो लोग जिस नाव में बैठकर वे पथरसेनी मंदिर से वापस आ रहे थे उस नाव का नाविक शराब के नशे में था और जब नाव नदी के बीच में डूबी तब वह लोगों को बचाने की बजाये सबसे पहले निकलकर मौके से भाग निकला ऐसे में वे नाविक पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

ओवरलोड बनी हादसे की वजह

अंजोरीपाली गांव के ग्रामीणों ने बताया कि जब वे पथरसेनी से वापस लौट रहे थे तब नाव में अंजोरीपाली के 45 लोग और कोतरलिया से 7 लोग सवार होकर वापस आने वाले थे। इसी बीच मौके पर ओड़िसा के सात अन्य लोग उसी नाव में बैठ गए और उनकी दो मोटर सायकल भी उसी नाव में लाद दिए। जिसके बाद अंजोरीपाली के ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और दो बार में आधे-आधे लोगों को नदी पार करने की बात कही, लेकिन इसके बावजूद नाव चालक के द्वारा उनकी बातों को अनसुना करते हुए सब एक साथ आराम से पार हो जाएंगे कहकर सभी को एक साथ लेकर निकल गया। तभी बीच नदी में यह हादसा हो गया।

### मन्नत के बाद हुआ था बालक का जन्म

अंजोरीपाली के विश्वकर्मा परिवार के यहां काफी मन्नतों के बाद बालक का जन्म हुआ। परिवार के लोग पत्थरसेनी मंदिर में मन्नत मांगी थी। मन्नत पूरी हुई तो गांव के लोगों का निमंत्रण देकर मंदिर जाने गुरूवार की शाम आसपास के परिचितों से कहा। इसके बाद मंदिर दर्शन करने दूधमुहें बच्चा भी साथ गया था। लौटने के दौरान परिचित की बुआ (घसनीन राठिया) ने उसे गोद में लिया था। जब नाव डूबा तो उसे लेकर पानी के नीचे जाने लगी। थोड़ा तैरकर बाहर डूबकी लगाकर बच्चे को उपर रखा। पास में एक युवक ने उसे उपर उठाकर घाट तक लाया। जिससे दूधमुहें बच्चे की जान बच गई, लेकिन उसे गोद में लेने वाली उसकी बुआ डूब गई। जिसका शव शनिवार की दोपहर रेस्क्यू कर नदी से निकाला गया।

### जो चलने में असमर्थ था वो बच गया

ग्रामीणों ने बताया कि घुराऊ विश्वकर्मा के बच्चों से लेकर बुजूर्ग भी पत्थरसेनी के दर्शन करने गए थे। वहीं घुराऊ के साढू कोतरलिया के 7 अन्य लोग साथ गए थे, लेकिन ना तो घुराऊ विश्वकर्मा के परिवार के कुछ हुआ और ना ही कोतरलिया के सभी सकूशुल वापस आ गए। जिसमें 70 साल का बुजूर्ग जो बमुसकील चल-फिर पाता है वह भी तैरकर बाहर निकला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ज्यादातर लोग नाव के डूबने के बाद एक दूसरे के उपर चढ़ गए थे। कुछ के कपड़े नाव में फंसे तो कुछ कपड़ा व सामानों के वजन के कारण तैर नहीं सके। जिस कारण उन लोगों की पानी में डूबने से मौत हो गई।

### नाव डूबते ही मची चीख पुकार



नाव पलटने की घटना में बचकर आये अंजोरीपाली के ग्रामीण ललित यादव ने बताया कि ज बवे तीन बजे वापस लौट रहे थे। तब उनके द्वारा नाव वाले से बोला गया कि दो बार करके सभी को नदी पार करा दे, लेकिन नाविक ने उनकी नहीं सूनी। इसी बीच नदी में नाव जाते ही नाव में पानी भरने लगा ग्रामीणों के द्वारा बोला भी गया कि नाव में पानी भर रहा है पर नाविक कुछ नहीं होगा बोलते हुए नाव आगे बढ़ाते रहा। तब नाव डूबते ही मौके पर लोगों की चीख पुकार मच गई। ललित यादव की पत्नी और उसका बच्चा दोनों डूब रहे थे इसी बीच ललित की पत्नी का कहना था कि मुझे मत बचाओ बच्चे को बचाओ, जिसके बाद उनका बच्चा किसी तरह तैर कर बाहर निकल गया और ललित ने किसी तरह अपनी पत्नी की जान बचाई।

### किसी तरह बचायी अपनी जान : निर्मल राठिया



गांव के ही एक बुजुर्ग निर्मल राठिया ने बताया कि नाव घाट से निकलते ही एक किलोमीटर आगे जाते ही पानी भरने की वजह से नाव अचानक डूब गई। जिसके बाद मौके पर अफ्रा-तफ्री की स्थिति निर्मित हो गई लोग अपनी जान बचाने तरह-तरह के उपाय करने लगे। चार से पांच लोग उसके उपर चढ़कर बचाने की गुहार करने लगे जिस वजह से वो खुद ही पानी में डूबने लगा था, लेकिन बहुत मुश्किल से उसने अपनी जान बचाई।

### पुलिस व प्रशासन रात भर रही गांव में

गांव के ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन के द्वारा नाव डूबने की घटना में बचे हुए लोगों को एक बस के जरिये अंजोरीपाली लाया गया। जहां गांव में ही एक आदिवासी बालक आश्रम में रात भर उन्हें रखा गया और उनका पूरा चेकअप किया। जिसमें से एक गंभीर व्यक्ति को खरसिया सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया था। जहां उसकी स्थिति में सुधार होनें के बाद वापस उसे गांव भेजा गया। इस दौरान पुलिस एवं जिला प्रशासन की टीम रात भर गांव में तैनात रही।

### इनकी हुई मृत्यु

राधिका राठिया 30 साल
कुणाल राठिया 13 साल
लव लीन राठिया 12 साल
तिरस बाई राठिया
लश्मीन राठिया 38 साल
टिकेश्वर राठिया 5 साल
राधिका निसाद 27 साल
घसनीन राठिया

## 30 लोगों से भरी पिकअप बीच सड़क पर पलटी, 20 लोग गंभीर

**रायगढ़।** पिकअप पलटने से उस पर सवार करीब 20 महिला और पुरुष घायल हुए है। मिली जानकारी के अनुसार बहिरकेला से लगभग 30 लोग पीकअप पर सवार होकर तमनार जांजगीर छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। तभी झारियापाली देवगढ़ के बीच पीकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। घायलों को घरघोड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घरघोड़ा स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टॉप की टीम ने घायलों को त्वरित इलाज मुहैया कराया। गंभीर रूप से घायल 6 लोगों को जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

## 24 अप्रैल की शाम 6 बजे थमेगा चुनावी शोर : गुल

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए सभी दिशा निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। मतदान दिवस के 48 घंटा पूर्व किसी भी मतदान केन्द्र के 200 मीटर परिधि में चुनावी प्रचार-प्रसार, राजनीतिक दल का प्रवेश निषेध रहेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, अधिकृत अधिकारी, पुलिस अधिकारी को छोड़कर मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में मोबाईल फोन, वायरलेस आदि की अनुमति नहीं होगी। निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 134 बी अनुसार किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदान केन्द्र के आसपास शस्त्र धारण नहीं किया जाएगा।

## ओवर रेट या मिलावटी शराब बिक्री पर ग्राहक कर सकते है तत्काल शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में संचालित समस्त देशी/विदेशी/ कम्पोजिट मदिरा दुकानो से शासन के द्वारा निर्धारित दर पर एवं बिना मिलावट के मदिरा का विक्रय किया जा रहा है। यदि किसी भी मदिरा दुकानों से अधिक दर पर या मिलावटी शराब की बिक्री की जाती है तो इसकी शिकायत आबकारी विभाग के टोल फ्री नम्बर-14405 एवं आबकारी नियंत्रण कक्ष बलौदाबाजार के टेलीफोन नम्बर-077273-58877 पर शिकायत दर्ज करवायी जा सकती है। इसके अतिरिक्त कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है। शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल जांच कर कार्यवाही की जावेगी इसके साठ ही शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जावेगी।

## कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को मिलेगा 100000 लाख सालाना

### न्याय महालक्ष्मी योजना से महिलाएं होंगी सशक्त : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ग्रामीण क्षेत्र कवर्धा विधानसभा के ग्राम नेवाड़ीगुड़ा मे प्रत्याशी भूपेश बघेल का जोरदार भव्य स्वागत किया गया फुल पटाखे माला के साथ रूसे सेक्टर चुनाव प्रभारी लाल बहादुर चंद्रवंशी के गांव में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मतदाताओं से मिलकर हाल-चाल भेंट मुलाकात चर्चा कर वोट देने की अपील किया और जनसभा को संबोधित किया भूपेश बघेल के द्वारा कहा गया कि आज हम जो योजनाएं गरीब मजदूर किसान के लिए बनाया गया था जिसमें सभी वर्ग के लोग को लाभ मिलता था किसानों का कर्ज माफ किया, बेरोजगारी भत्ता दिया, युवाओं गोबर खरीदी किया नरुवा गरूवा घुरवा के तहत महिला समूह को काम दिया, उसे भाजपा के शासन के आने के बाद योजनाओं को बंद किया जा रहा है, बेरोजगारी भत्ता युवा लोग को जो कांग्रेस के शासन में दिया जाता था वह बंद हो गया है। गरुवा घुरवा नरवा के योजनाओं से स्वयं सहायता महिला समूह को काम मिलता था गोबर खरीदी होता था जिससे कई लोग गोबर बेचकर अपना जीवन यापन करते थे जिससे गरीब किसान मजदूर समूह को लाभ मिलता था वह भी योजना बंद हो गया और भूपेश बघेल के द्वारा कहा गया कांग्रेस की सरकार आने पर महिलाओं को 100000 महालक्ष्मी न्याय योजना के तहत दिया जाएगा युवाओं को नौकरी दिया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ता से जनसंपर्क किया इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में भूपेश बघेल का लगातार सगन दौरा किया जा रहा है और कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ-साथ मतदाताओं से संबोधित करते हुए आशीर्वाद के रूप में वोट मांग रहे हैं। अपने 5 साल कार्यकाल को जनता को बताया जा रहा है और इन्हीं विकास और योजनाओं के नाम पर वोट देने का अपील किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू लाल बहादुर चंद्रवंशी पवन शर्मा दिनेश पांडे राजेश चंद्रवंशी बलदाऊ साहू मोचन चंद्रवंशी सुरेश चंद्रवंशी कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्री राम के ननिहाल से भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भरेंगे हुंकार

### सोमवार भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रायपुर में करेंगे सभा को सम्बोधित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का आगमन होने जा रहा है लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा का दौरा लगातार देश के अलग अलग क्षेत्रों में हो रहा है। इसी कड़ी में जेपी नड्डा रायपुर लोकसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने रायपुर के चंद्रखुरी में एक विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे। बकौल भाजपा नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा विशाल आम सभा के रूप में रायपुर की जनता को संबोधित करेंगे, जहां लगभग 20 हजार की संख्या में जनसमूह के उपस्थित रहने की संभावना जताई जा रही है। आम सभा हेतु भाजपा के नेताओं प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रायपुर लोकसभा प्रभारी संदीप शर्मा, लोकसभा संयोजक अशोक बजाज सहित अन्य नेताओं ने चंद्रखूरी में प्रस्तावित सभा का निरीक्षण किया एवं सभा हेतु व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। आम सभा हेतु रायपुर लोकसभा अंतर्गत सभी 9 विधानसभाओं से पार्टी कार्यकर्ता सभास्थल चंद्रखूरी पहुंचेंगे। प्रभु श्री राम के ननिहाल माता कौशल्या की पावन धरा से शाम 4 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकसभा चुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में मतदान की अपील के साथ जनता को संबोधित करेंगे आयोजित सभा में प्रदेश के इस आम सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा रायपुर, कैबिनेट मंत्री और लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा सहित लोकसभा क्षेत्र के सभी विधायक एवं जिला अध्यक्ष गण राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ मंच साझा करेंगे। ज्ञात हो की भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा लगातार भारत के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों का दौरा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार का लक्ष्य लेकर जनता से लगातार संवाद स्थापित कर रहे हैं। केंद्र की भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओं की चर्चा कर वे लगातार जनता को साधने का प्रयास कर रहे हैं अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन से भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है एवं रायपुर भाजपा के कार्यकर्ता सभा को पूर्णतः भाजपा मय बनाने एवं भाजपा का माहौल बनाने साज सज्जा में जुट गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन से लोकसभा चुनाव तक कार्यकर्ता एक नई ऊर्जा के साथ चुनावी मैदान में पहले से भी अधिक जोश के साथ मैदान में उतरेंगे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403